डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹72000 10 ग्राम
₹93000 01 किलो

सेंसेक्स 80,248.08 +445.29 | डॉलर 84.698 +0.133

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 02, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 03 दिसंबर 2024, वर्ष-31, अंक-49, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 गुलाबी गेंद से होने वाले टेस्ट पर...

## एक नजर

### गिरिडीह में नवजात को फेंका, कुत्तों ने नोच खाया

**गिरिडीह (एजेंसी)।** बेंगाबाद थाना इलाके के रातदीह गांव में कुत्तों के झुंड ने निष्ठुर मां के द्वारा फेंके गये एक नवजात को नोच कर उसकी जान ले ली। सोमवार सुबह जब तक स्थानीय ग्रामीण कुछ समझ पाते कि कुत्तों का झुंड किसे नोच रहा है तब तक नवजात के दोनो पांवों को कुते अपना लिवाला बना चुके थे। ग्रामीणों जब कुत्तों को वहां से भगाया तब तक नवजात कि मौत हो चुकी थीं। नवजात को फेंका किसने और वो कौन निष्ठुर महिला थी, जिसने अपने नवजात को गांव के समीप अवैध नर्सिंग होम के दीवार के पीछे फेंक दिया। इसका पता लगाने में ग्रामीण भी जुटे हैं। इसे अवैध संबध के कारण पैदा हुए बच्चे से जुड़ा बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने नवजात को बोरे में उठाकर उसे दफना दिया।

### पश्चिम बंगाल से परीक्षा देने रांची आई छात्रा के साथ होटल में छेड़खानी

**रांची।** पश्चिम बंगाल से परीक्षा देने आयी नाबालिग छात्रा के साथ होटल में 16 सितंबर को हुई छेड़खानी का मामला सोमवार को प्रकाश में आया है। घटना रांची के कटहल मोड़ स्थित एक होटल की है, जहां बदमाशों ने कमरे में घुसकर लड़की के साथ छेड़खानी की थी। इस मामले में छात्रा के पिता ने नगड़ी थाना में मालदा के शुभेंदु मंडल, शांतनु मंडल, तमिलनाडु के अभिषेक दत्ता, अर्कापराव दत्ता और सोमनाथ शर्मा पर केस किया है। उनका आरोप है कि लड़कों ने उनकी बेटी की आपत्तिजनक तस्वीर खींची और उसे ब्लैकमेल किया। जानकारी के अनुसार, छात्रा कटहल मोड़ के काव्यन रेसीडेंसी में ठहरी थी। वह आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी में परीक्षा देने आयी थी। रात में जब पिता खाना खाकर लौटे तो वह उनसे लिपटकर रोने लगी। यह घटना 16 सितंबर की है। इस मामले में करीब ढाई महीने बाद 29 नवंबर को प्राथमिकी दर्ज की गयी है। थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया कि पूरे मामले की गहन जांच-पड़ताल की जा रही है।

### सेंथिल को तमिलनाडु मंत्रिमंडल में फिर से शामिल करने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वरिष्ठ डीएमके नेता वी. सेंथिल बालाजी को कथित नौकरी के बदले नकदी घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में जमानत मिलने के बाद तत्काल बाद मुख्यमंत्री स्टालिन की अध्यक्षता वाले तमिलनाडु मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने पर असंतोष जताया। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति ए.जी. मसीह की पीठ एक आवेदन पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उसके उस फैसले को वापस लेने की मांग की गई थी, जिसमें बालाजी को इस आधार पर जमानत दी गई थी कि मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के नेतृत्व वाली कैबिनेट में मंत्री के तौर पर वह मामले के गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं।

# सुजीत सिन्हा गैंग के छह गुर्गे गिरफ्तार, क्रशर पर फायरिंग की साजिश नाकाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पुलिस ने सुजीत सिन्हा गैंग के छह अपराधियों को गिरफ्तार कर बड़ी आपराधिक साजिश को नाकाम कर दिया। गिरफ्तार अपराधी चैनपुर इलाके के एक क्रशर प्लांट पर रंगदारी के लिए फायरिंग करने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने इनके पास से पांच अवैध हथियार, तीन मोटरसाइकिल और सात मोबाइल फोन बरामद किए हैं। सोमवार को पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने इस कार्रवाई की जानकारी दी।

**एटीएस भी जांच में जुटी :** एसपी ने बताया कि इस मामले में राज्य एंटी-टेररिज्म स्क्वाड (एटीएस) भी जांच कर रही है। सुजीत सिन्हा गैंग पर भारत माला प्रोजेक्ट से जुड़े कामगारों से रंगदारी वसूलने का भी आरोप है। हाल ही में रांची के ओरमांझी क्षेत्र में भी इस गिरोह ने फायरिंग की थी। इस सफल कार्रवाई में पुलिस निरीक्षक जीतराम महली, चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। अपराधियों से पूछताछ और सबूतों की बरामदगी के बाद आगे की जांच जारी है।



### कैसे हुआ खुलासा

29 नवंबर को चैनपुर थाना क्षेत्र के दोकरा में क्रशर प्लांट पर फायरिंग की घटना हुई थी। इसके बाद पुलिस लगातार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में जुटी थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने चैनपुर थाना क्षेत्र के सलतुआ रोड से छह अपराधियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे सुजीत सिन्हा गैंग के लिए काम करते हैं और रंगदारी वसूली के लिए फायरिंग की घटनाओं को अंजाम देते

### फरहान कुरैशी का जेल में हुआ था संपर्क

गिरफ्तार अपराधियों का नेतृत्व चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी फरहान कुरैशी उर्फ शैलू कुरैशी उर्फ छोटू कर रहा था। फरहान पूर्व में दो कांडों में जेल जा चुका है और वहीं से उसका संपर्क सुजीत सिन्हा गैंग से हुआ। जेल से छूटने के बाद उसने अशफाक खान, कुश कुमार यादव, दीपक कुमार भुइयां, गुलशन कुमार विश्वकर्मा और आसिफ अहमद उर्फ राजा खान को अपने गिरोह में शामिल कर लिया। पुलिस के अनुसार दीपक भुइयां पूर्व में झारखंड जन मुक्ति परिषद (जेजेएमपी) का सदस्य रह चुका है। वहीं, आसिफ अहमद एक नाट्य संस्था से जुड़ा कलाकार है और नुक्कड़ नाटक करता रहा है। अपराधियों ने बताया कि उन्होंने 29 नवंबर को दोकरा-चांदो क्रशर में रंगदारी के लिए फायरिंग की थी।

### दो अपराधी हथियारों के साथ गिरफ्तार



**बालूमाथ।** हेरहंज थाना पुलिस ने पांकी और हेरहंज सीमा क्षेत्र से दो अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। इनसे एक लोडेड देसी कट्टा, एक राइफल और गोलियां बरामद हुई हैं। गिरफ्तार अपराधी परमेंद्र राम उर्फ गुड्डू भुइयां और कमलेश यादव टीएसपीसी और जेपीसी के नाम पर कारोबारियों से लेवी वसूलते थे। पुलिस ने बताया कि दोनों अपराधी विभिन्न थानों में दर्ज कई मामलों में वांछित थे। एसडीपीओ विनोद रवानी ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी में हेरहंज थाना प्रभारी और उनकी टीम शामिल थी।

# राज्य में विकास कार्यों को गति देनी है और राजस्व संग्रहण बढ़ाना है : मुख्यमंत्री

- अनुपूरक बजट की तैयारियों को लेकर बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश
- राजस्व प्रबंधन को मजबूत बनाएं, स्थापना व्यय नियंत्रित करने को कदम उठाएं





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में विकास कार्यों को गति देनी है और राजस्व संग्रहण को भी बढ़ाना है। ऐसे में सभी विभाग राजस्व उगाही में तेजी लाने के साथ अतिरिक्त राजस्व संग्रहण के नए स्रोतों के लिए संभावनाओं को तलाशें। सोरेन सोमवार को झारखंड मंत्रालय में विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव, सचिव के साथ वित्तीय वर्ष 2024- 25 के बजट से परे शुरू की गई नई योजनाओं के अतिरिक्त दायित्वों की पूर्ति एवं वित्तीय वर्ष 2024- 25 के अनुपूरक बजट की तैयारियों को लेकर उच्च स्तरीय बैठक में अधिकारियों को ये निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व प्रबंधन को मजबूत बनाएं। इसके साथ राजस्व की बबार्दी तथा स्थापना व्यय को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाए जाएं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से यह भी कहा कि रेवेन्यू जनरेट सिस्टम का माइक्रो लेवल ऑब्जरवेशन कर इसकी खामियों को दूर करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग राजस्व संग्रहण का एक्शन प्लान तैयार करें।

**राजस्व देने वाले एजेंसियों को बिजनेस मॉडल बनाएं :** मुख्यमंत्री कहा कि कई विभागों में ऐसी कई एजेंसी, बोर्ड और निगम हैं जो राजस्व का बेहतर माध्यम साबित हो सकते हैं। ऐसी एजेंसियों को बिजनेस मॉडल के रूप में स्थापित करें, ताकि वे अपने कार्यों का विस्तार कर सकें। इससे राज्य को अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी।

### राजस्व संग्रहण से जुड़े विभागों में समन्वय जरूरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बार विभागों के बीच को-ऑर्डिनेशन नहीं होने से राजस्व संग्रहण की गति धीमी हो जाती है और लक्ष्य के हिसाब से राजस्व संग्रहण नहीं हो पता है। ऐसे में इस समस्या के समाधान के लिए सभी विभाग आपस मे समन्वय बनाकर राजस्व संग्रहण के कार्य को करें। इसके लिए जिलों में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।

**सीएसआर के तहत होने वाले खर्चों की जांच की व्यवस्था हो :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कई उद्योग और कंपनियां कार्य कर रही हैं । इनके द्वारा सीएसआर मद से कई जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता है। लेकिन, इनके द्वारा खर्च की जा रही सीएसआर राशि की जानकारी राज्य सरकार तक नहीं पहुंच पाती है। ऐसे में एक ऐसा मेकैनिज्म बनाएं, जिसके जरिए कंपनियों द्वारा सीएसआर मद में किए जाने वाले खर्च की जांच हो सके। उन्होंने अधिकारियों को यह भी कहा कि वे विभिन्न कंपनियों और उद्योगों समूहों के साथ बातचीत कर राजस्व बढ़ोतरी की संभावनाओं को तलाशें। उच्च स्तरीय बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव एमएस मीणा, प्रधान सचिव सुनील कुमार सहित अन्य कई अधिकारी मौजूद थे।

# 80 किलो गांजा के साथ चार गिरफ्तार, वाहन जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** चतरा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पाराडीह-बधार रोड से 80 किलो गांजा के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया। एसपी विकास पांडेय के निर्देश पर छापेमारी कर पुलिस ने मौके से एक कार, चार बाइक और गांजा जब्त किया। गिरफ्तार तस्करों में बिहार, मध्य प्रदेश और ओडिशा के निवासी शामिल हैं। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।

**कैसे पकड़े गए तस्कर :** गांजा तस्करी का यह गिरोह बाइक और कार की मदद से ओडिशा से बिहार गांजा पहुंचा रहा था। तस्करों ने प्लास्टिक के टब में गांजा छिपा रखा था, ताकि इसे आम सामान दिखाया जा सके। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इन्हें गिरफ्तार किया। छापेमारी दल में एसडीपीओ संदीप सुमन, थाना प्रभारी विपिन कुमार और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

### गांजा को टब में छिपाकर बिहार और अन्य राज्यों में पहुंचाने का था नेटवर्क

पुलिस ने बताया कि तस्करों ने गांजा को टब में छिपाकर बिहार और अन्य राज्यों में पहुंचाने का नेटवर्क बना रखा था। फरार तस्करों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अभियान चला रही है।

## होटल मालिक के घर चोरी: 14.31 लाख नकदी और आभूषण बरामद, आरोपित गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर केवीएस होटल के मालिक संजीव चड्ढा के घर से चोरी गए 14.3 1 लाख रुपये और जेवर पुलिस ने बरामद कर लिए हैं। इस मामले की जानकारी सोमवार की शाम प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एसपी अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि चोरी करने वाले आकाश धनक को उसके पैतृक गांव मध्य प्रदेश के सागर जिला अंतर्गत मोती नगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने 48 घंटे के अंदर ही यह सफलता हासिल की है। एसपी ने बताया कि 28 नवंबर की रात आकाश धनक ने चोरी की इस वारदात को अंजाम दिया था। 29 नवंबर को जब संजीव चड्ढा का परिवार शादी समारोह से घर लौटा तो उन्हें इस चोरी का पता चला। पुलिस को जैसे ही सूचना मिली तत्काल चोर की पहचान कर ली गई।

**टेक्निकल सेल से चोर के घर का लगा पता :** एसपी ने बताया कि टेक्निकल सेल की सहायता से इस बात का पता भी लगा लिया गया कि आकाश धनक अपने घर संत कबीर नगर में ही छुपा हुआ है। तत्काल पुलिस की टीम वहां गई और छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आकाश ने चोरी के रुपये और जेवर अपने घर के छत पर ही छुपा कर रखे थे। जिस जगह पर बैग रखा गया था, पुलिस ने उसे बरामद किया। उस बैग से 14.31 लाख रुपये मिले। इसके अलावा 22 जोड़ी जेवर भी मिले हैं, जिसमें कंगन, चूड़ी, कड़ा, चांदी का बिस्किट, चांदी का नोट, टॉप्स, लॉकेट, चेन, मंगलसूत्र, पायल, चांदी का सिक्का, चांदी का बिस्किट, सोने का सिक्का आदि शामिल है।

## संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद में सोमवार को अडाणी, मणिपुर और संभल में हिंसा मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी दलों के दोनों सदनों में विरोध और नारेबाजी के बीच लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही 3 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। दोनों सदनों की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होने के बाद कई बार स्थगित की गई। उसके बाद दोपहर 12 बजे पुनः शुरू हुई लेकिन विपक्ष के हंगामे के कारण कार्यवाही आज दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सभी सदस्यगण निःसंदेह मर्फी के नियम से परिचित होंगे, जिसका आशय है, 'जो कुछ भी गलत हो सकता है, वह गलत होगा। ऐसा प्रतीत होता है कि इस उच्च सदन में मर्फी के नियम को साकार करने के लिए एक जानबूझकर बनाया गया एल्गोरिद्म है, जिससे संसद के सुचारू कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है।

## झारखंड विस चुनाव में हारी सीटों पर कांग्रेस करेगी समीक्षा, जिलावार समितियां गठित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव-2024 में कांग्रेस ने जिन सीटों पर हार का सामना किया है, उनकी समीक्षा के लिए प्रदेश कांग्रेस ने पहल शुरू कर दी है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने सोमवार को कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने जिलावार वरिष्ठ कांग्रेसजनों की समितियां गठित की हैं। इन समितियों को हार की परिस्थितियों और कारणों का विश्लेषण करने का जिम्मा सौंपा गया है। समितियां जिलाध्यक्षों, प्रखंड और मंडल स्तर के नेताओं और संबंधित संगठनों के साथ बैठक करेंगी। समितियां जिलास्तरीय कार्यकताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक कर हार के पीछे के राजनीतिक, सामाजिक और क्षेत्रीय कारणों का विश्लेषण करेंगी। पार्टी नेतृत्व को सुझाव और सिफारिशें प्रस्तुत की जाएंगी ताकि भविष्य में रणनीतिक सुधार किए जा सके।

### जिलावार समितियां और उनके संयोजक

- **हजारीबाग में विधानसभा क्षेत्र :** हजारीबाग, बड़कागांव, बरही, मांडू- संयोजकः बंधु तिर्की, सदस्यः सुल्तान अहमद, रविन्द्र कुमार झा।
- **धनबाद विधानसभा क्षेत्र :** धनबाद, झरिया, बाघमार, संयोजकः शहजादा अनवर, सदस्यः अशोक चौधरी, जयशंकर पाठक।
- **पलामू विधानसभा क्षेत्र :** डाल्टेनगंज, विश्रामपुर, पांकी, संयोजकः रविन्द्र सिंह, सदस्यः भीम कुमार, बिनय सिन्हा दीपू।
- **पूर्वी सिंहभूम विधानसभा क्षेत्र :** जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, संयोजकः ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह, सदस्यः रमा खलखो, आलोक कुमार दूबे।
- **दुमका एवं देवघर, विधानसभा क्षेत्र :** जरमुंडी संयोजकः राजीव रंजन प्रसाद, सदस्यः अमूल्य नीरज खलखो, डॉ. एम. तौसीफ।
- **रांची विधानसभा क्षेत्र :** हटिया संयोजकः रामाश्रय प्रसाद, सदस्यः अजय सिंह, जवाहर लाल महथा।


### लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। एक सरकारी आदेश के अनुसार लोकसभा और लोकसभा सचिवालय के महासचिव (कैबिनेट सचिव के पद और स्थिति में) के रूप में उत्पल कुमार सिंह का कार्यकाल 1 दिसंबर 2024 से 30 नवंबर 2025 तक 1 वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। वह उत्तराखंड कैडर के 1986 बैच के पूर्व आईएएस अधिकारी हैं। पिछले साल भी उन्हें एक वर्ष का कार्यकाल विस्तार मिला था।

इंडिया

# फिरायालाल चौकवाला वह परमवीर अलबर्ट एक्का



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

कहते हैं लगेंगे शहीदों की मजारों पर हर बरस मेले वतन पे मरने वालों का बाकी यही निशां होगा।मेले तो लगाते हैं हर वर्ष पर अलबर्ट एक्का चौक नहीं कहते फिरायालाल चौकवाला वह परमवीर अलबर्ट एक्का।3 दिसंबर 1971 को 20 गोलियां लगने के बाद भी अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपने प्राणों की बाजी लगाकर दुश्मन पाकिस्तान के बंकर को नष्ट करनेवाले बिहार झारखंड के एकमात्र परमवीर अलबर्ट एक्का की मूर्ति राजधानी रांची के महात्मा गांधी सड़क के चौराहे पर लगी है पर इस चौराहे को राजनीतिक झंडों से विकृत करने वाले नेताओं, सरकारों और मीडिया ने भी चार दशकों बाद चौराहे को फिरायालाल चौक के रूप में ही याद रखा है,जो शहीदों का अपमान लगता है। इसी प्रकार रिम्स बने डेढ़ दशक हो गए पर आरएमसीएच का बोर्ड सड़क पर अभी भी मुंह चिढ़ा रहा है ।कांके रोड सीएम आवास के पास जस्टिस एलपी एन शाहदेव चौक अभी भी हॉट लिप्स चौक के रूप में याद किया जाता है,महात्मा गांधी रोड की तरह इसपर स्थापित लाला लाजपत राय चौक शायद ही कोई बता सके ।सुजाता चौक सभी जानते हैं,महाराजा अग्रसेन चौक अभी भी लालपुर चौक ही है। अलबर्ट एक्का को श्रद्धांजलि देते गुमला के उनके जन्मस्थान जारी को 19 मार्च 2010 को अलबर्ट एक्का प्रखंड बनाया गया जिसके पांच पंचायतों में 60 गांव हैं। लगभग 31 हजार की आबादी वाले कुछ गांवों में सोलर से बिजली जलती है। पर अधिकांश गांवों में पूरी तरह बिजली नहीं पहुंच पाई है । टेन प्लस टू स्कूल में महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक नहीं हैं । स्वास्थ्य एवं चिकित्सा जैसे विभाग पूर्व के डुमरी से संचालित होते रहे हैं, लोग 70 किमी दूर गुमला या छत्तीसगढ़ के जशपुर में जाकर इलाज कराते हैं। अस्पताल भी इलाज के मामले में अधूरा है। परमवीर चक्र विजेता शहीद अलबर्ट एक्का के नाम से बने गुमला के जारी प्रखंड को 14 साल हो गए पर प्रखंड, अंचल, थाना तथा बीआरसी को छोड़कर अधिकांश विभाग आज भी कामचलाऊ स्थिति में चल रहे हैं। सबसे घनी जनजातीय आबादी वाला गुमला जिला का यह क्षेत्र परमवीर अल्बर्ट एक्का के नाम पर बहादुर सैनिकों की भर्ती का बड़ा केंद्र हो सकता था



और लोगों का प्रेरणा स्त्रोत भी लेकिन दिखावटी राजनीति और सरकारों की उपेक्षा के कारण सिर्फ सजावटी विकास का प्रतीक बनकर रह गया है अल्बर्ट एक्का प्रखंड। पंजाब को वीर भूमि कहा जाता है और वहां शहीदों को सम्मान देने के लिए मंदिरों, गुरुद्वारों जैसे प्रमुख स्थलों में शहीदों के नाम की पट्टिकाएं लगाई जाती हैं और लोग बहुत श्रद्धा से उन्हें याद करते हैं जबकि झारखंड, बिहार जैसे राज्यों में मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों में अपनी नाम पट्टिका लगाने की होड़ मची रहती है जिसमें नेता सबसे आगे रहते हैं, उसके लिए लड़ाई हो जाती है। जिस समाज में शहीदों का सम्मान न होता हो शहीदों की शहादत को प्रेरणा न माना जाता हो और उनकी विधवाओं या आश्रितों को मिलने वाले मुआवजे या अन्य लाभ के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते हो वहां नौकरी की इच्छा करने वाले सैनिक तो शायद बहुत मिल जाएंगे लेकिन अपने प्राणों की बाजी लगाकर देश के लिए अपना बलिदान देने वाला अल्बर्ट एक्का शायद दुर्लभ हो सकता है । यह अलग बात है कि झारखंड भी वीरों की भूमि है और अपने आत्मसम्मान, स्वाभिमान और देश की रक्षा के लिए कुबार्नी देने वालों का बहुत बड़ा इतिहास है लेकिन सवाल समाज, सरकारों और मीडिया से भी जो इन शहीदों के प्रतीकों को आज भी पुराने व्यावसायिक नामों से याद करते हैं और इसीलिए नई पीढ़ी के बच्चे पूछते हैं कौन अल्बर्ट एक्का फिरायालाल चौक वाला ? लांस नायक अलबर्ट एक्का जब बिहार रेजिमेंट से सेना में भर्ती हुए थे ऐसा बहुत कम सैनिकों के साथ संयोग हुआ है जब चीन के साथ भी युद्ध किया हो और पाकिस्तान को भी धूल चटाई हो ।3 दिसंबर, 1971 मोर्चा गंगा सागर के पास था। रात 2.30 बजे लांस नायक अल्बर्ट एक्का ने देखा कि दुश्मन की एलएमजी उनकी कंपनी को भारी नुकसान पहुंचा रही है। मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद, उन्होंने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना, अपनी गंभीर चोट और भारी मात्रा में दुश्मन की गोलाबारी के बावजूद, रेंगते हुए दीवार फांद लिया और बंकर में दुश्मन सैनिक पर संगीन से वार किया जो तब भी गोलीबारी कर रहा था और इस तरह उस मशीन-गन को शांत कर दिया, जिससे अपनी कंपनी को भारी नुकसान से बचाया और हमले की सफलता सुनिश्चित हुई। उन्हें गंभीर चोटें आईं और निर्णायक विजयश्री के बाद उन्होंने दम तोड़ दिया।

सम्मान-परमवीर चक्र ।झारखंड के रांची में एक चौराहे का नाम उनके नाम पर रखा गया है । बांग्लादेश सरकार द्वारा मरणोपरांत 'फ्रेंड्स ऑफ लिबरेशन वॉर' सम्मान प्रदान किया गया ।उनके सम्मान में सेना डाक सेवा कोर द्वारा एक कवर लेटर जारी किया गया । एक विशेष डाक टिकट अल्बर्ट की स्मृति में 26 जनवरी 2000 को जारी किया गया था।

## स्पीकर के साथ सर्वदलीय बैठक के बाद संसद में गतिरोध खत्म, आज से सुचारू रूप से कामकाज की उम्मीद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा और राज्यसभा में पिछले एक सप्ताह से जारी गतिरोध समाप्त होने जा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष के साथ सोमवार को विभिन्न दलों के फ्लोर लीडर की बैठक हुई। बैठक में सहमति बनी कि मंगलवार से सदन को सुचारू रूप से चलाया जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष के साथ बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री ने इसकी जानकारी दी और आशा व्यक्त की कि सभी दल मिलकर सदन को चलाने में मदद करेंगे। उन्होंने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि सभी सांसदों को सदन में अपनी बात रखने का अवसर मिलना चाहिए। विपक्ष के नेता अपने हर विषय को अनुमति से सदन में रख सकते हैं। रिजिजू ने बताया कि आज की बैठक में संविधान पर चर्चा कराए जाने पर भी सहमति बनी है। लोकसभा में 13-14 दिसंबर यानि शुक्रवार और शनिवार को चर्चा कराई जायेगी। राज्यसभा में 16-17 दिसंबर को चर्चा कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि लोकसभा और राज्यसभा में पिछले कई दिनों से संभल में हुई हिंसा और अडाणी पर अमेरिका में जांच से जुड़े मुद्दों को लेकर गतिरोध जारी था। विपक्ष इन मुद्दों पर चर्चा कराए जाने की मांग कर रहा था। इसी बीच विपक्ष ने संविधान को अंगीकृत करने की 75वीं वर्षगांठ पर दोनों सदनों में संविधान पर विशेष चर्चा कराए जाने की मांग की थी। आज हुई बैठक में टीडीपी से लवु श्रीकृष्ण देवरायलु, कांग्रेस से गौरव गोगोई, द्रमुक से टीआर बालू, एनसीपी (शरदचंद्र) से सुप्रिया सुले, सपा से धर्मेंद्र यादव, जेडी (यू) से दिलेश्वर कामैत, राजद से अभय कुशवाहा, तृणमूल से कल्याण बनर्जी, शिवसेना (यूबीटी) से अरविंद सावंत और सीपीआई (एम) से के. राधाकृष्णन ने बैठक में भाग लिया।

### सताने लगी ठंड, गर्म लिबास की मांग बढ़ी

# चक्रवाती तूफान फेंगल का दिखा असर, छाये रहे हल्की बादल

## तेलहनी व दलहनी फसलों के नुकसान को लेकर किसान चिंतित

**प्रशासनिक स्तर से प्रमुख चौक-चौराहों पर अलाव की व्यस्था कराने की मांग**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** चक्रवाती तूफान फेंगल के प्रभाव से पहले की अपेक्षा ठंड का ज्यादा असर देखा जाने लगा है। इससे लोगों को यकायक ठंड सताने लगी है। सोमवार को सुबह से धूप-छांव की आंख मिचौली के बीच लोगों को गर्म लिबास में लिपट और खर पतवार जलाकर ठंड से बचाव करते देखा गया। हालांकि सुबह से शाम के बीच तापमान 15 से 25 डिग्री सेल्सियस पर बना रहा। मगर आंकड़ों के लिहाज से अन्य दिनों की अपेक्षा इसमें गिरावट आई है ऐसा बताया गया। किसानों का कहना है इस तूफान का प्रभाव और अधिक बढ़ा, तो इसके बढ़ने के साथ ही चना, अरहर, मसूर, सरसों, तीसी जैसी दलहनी व तेलहनी के फसलों के अलावा आलू, मिर्च जैसे सब्जियों को नुकसान पहुंचेगा। इससे पहले के दिनों में छाए कोहरे से भी सारी मौसमी फसलें प्रभावित हो गई हैं। लोगों का कहना है कि इससे इनकी कीमतों में और अधिक उछाल आ सकता है। वैसे, भी आलू 60 और अन्य कई सब्जियां 40 से कम के भाव में उपलब्ध नहीं होती हैं। आलू भी कृत्रिम रूप से तैयार कर नया के नाम पर धड़ल्ले से बेची जा रही है। जिसे सेहत के लिए नुकसानदेह बताया जाता है।टोला रामनगर के निवासियों का कहना है कि ज्यादा ठंड के कारण लोगों को खर पतवार जलाकर आग तापना पड़ रहा है। इनमें शामिल रामजन्म राम, दीपक कुमार, मोतीलाल पासवान और अमरकांत कुमार ने ठंड के बढते प्रभाव को देखते हुए इससे राहत पहुंचाने के लिए प्रशासनिक स्तर से हर गांव-गिरांव के मुख्य चौक-चौराहों पर अलाव की सुविधा उपलब्ध कराने का पंचायतों को आदेश देने की मांग की है।

# मिडिल स्कूल के 34 विद्यार्थी मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति के लिए चयनित



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद राजकीय मध्य विद्यालय में मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना के तहत वर्ग आठ के विद्यार्थी सम्प्रति नौवीं के छात्र, 34 प्रतिभागी बच्चों का चयन किया गया है। इसके साथ 'रविवार' को गढ़वा में आयोजित जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भी इस विद्यालय के वर्ग आठ के दो मेधावी छात्रा जूली कुमारी व एकता कुमारी ने पलामू जिला की ओर से खेलते हुए गोल्ड मेडल हासिल की है। विद्यालय परिवार ने भी दोनों को सम्मानित किया। मालूम हो कि इस विद्यालय में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय हुसैनाबाद बनाम मध्य विद्यालय बिलासपुर हैदरनगर के बीच विद्यालय के बच्चों ने तीन चक्रों में दो चक्रों में विजेता घोषित किए गए थे। इसमें भी एथेलेटिक्स छात्रा जूली कुमारी व एकता कुमारी का प्रर्दशन काफी सराहनीय रहा था। इस विद्यालय में शनिवार को नियमित विषयगत प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम होता हैं,बच्चे काफी उत्साहित दिखते हैं। यहां लगभग 550-600 बच्चे अध्ययनरत हैं। वर्ग 06-08 तक सेक्शन में विभाजित है।

## राजकीय मध्य विद्यायल में ताला तोड़कर चार क्विंटल चावल चोरी, मामला दर्ज




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ऊपरी कला पंचायत के भैरवपुर गांव में स्थित राजकीय मध्य विद्यायल में चोरों ने ताला तोड़कर मध्याह्न भोजन की चावल चोरी कर ली। इस संबंध में विद्यायल के प्रधानाध्यापक सूर्यकांत ने हुसैनाबाद थाना में लिखित आवेदन दिया है। आवेदन में कहा है कि सोमवार की सुबह जब विद्यालय में संयोजिका पहुंची, तो वहां देखा की विद्यालय का भंडार कक्ष का ताला टूटा है। उसमें रखा मध्याह्न भोजन का चार क्विंटल चावल की चोरी कर ली गई है। जब विद्यालय पहुंचे तो भंडारण पंजी से मिलान की गई। जिसमें करीब चार क्विंटल चावल की चोरी हुई। थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि लिखित आवेदन के आधार पर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

## कल मनाई जाएगी नौसेना दिवस, तैयारी में जुटे पूर्व सैनिक




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला हैदरनगर रोड स्थित हुसैनाबाद में सोमवार को पूर्व सैनिक कार्यालय में पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने बैठक की। सर्वसम्मति से आगामी 04 दिसम्बर को हुसैनाबाद में नौसेना दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। संगठन के जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद की अध्यक्षता में हुई बैठक में कहा कि हम सभी पूर्व सैनिक हुसैनाबाद स्थित कार्यालय के प्रांगण में 4 दिसंबर को नौसेना दिवस मनाएंगे। उन्होंने ने कहा कि इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वीर नारी, पूर्व सैनिक व क्षेत्र के अन्य विभागों के पेंशनर के अलावा बक्शी हाई स्कूल के एनसीसी कैडेंट व स्कूली बच्चे, छात्राएं शामिल होंगे। भारतीय नौसेना कल क्या थी और आज किस मुकाम पर हैं, इन सभी की जानकारियां ऐसे कार्यक्रमों द्वारा सबों को मिलती है। सभी भारतवासी अपनी सेना की क्षमता व ताकत को जान कर गर्व महसूस करते हैं। मौके पर कैप्टन दुखन सिंह ने कहा कि सभी पूर्व सैनिक सेना से संबंधित कार्यक्रम को हमेशा मनाते रहेंगे, ताकि क्षेत्र के सभी नागरिक भारतीय सेना के पराक्रम से अवगत हो। बैठक में प्रमंडलीय अध्यक्ष कैप्टन दुखन सिंह, हवलदार प्रसाद सिंह, सुबेदार अक्षय सिंह, सुमेर सिंह, बक्शी हाई स्कूल के एनसीसी कैडेट भी शामिल हुए।

### सीओ ने अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर पकड़ा

**हुसैनाबाद।** सीओ पंकज कुमार ने छापेमारी कर थाना क्षेत्र के बेनी कला गांव से अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को सोमवार को जब्त किया। इस संबंध में सीओ पंकज कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर बिना किसी परमिट के अवैध रूप से बालू लेकर हुसैनाबाद की ओर आ रहा था। देखने के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकला। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए की गई है, ताकि इस तरह की गतिविधियों को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि प्रशासन की यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। बताया जाता है कि नियमित रूप से कररबार नदी से बालू की अवैध ढुलाई करता था। सूचना मिलने पर अंचलाधिकारी द्वारा छापेमारी कर ट्रैक्टर को जब्त कर हुसैनाबाद थाना में खड़ा कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त ट्रैक्टर मालिक पर अग्रेतर कारवाई की प्रक्रिया की जा रही हैं। साथ ही इसकी सूचना खनन विभाग व पलामू डीसी को दे दी गई है।

## रेल सीटीआई के नेतृत्व में चला मेगा टिकट चेकिंग अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** रेलवे सीटीआई दीपक कुमार के नेतृत्व में सोमवार को जपला स्टेशन पर विभिन्न ट्रेनों व प्लेटफार्म पर मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। बेटिकट समेत रेलवे एक्ट के उल्लंघन के आरोप में चार लोगों को पकड़ा गया। इनसे जुमार्ना भी वसूला गया। इस दौरान डेहरी ऑनसोन-बरवाडीह शटल पैसेंजर, डीजीआर पैसेंजर, बरकाकाना-वाराणसी पैसेंजर समेत कई अन्य ट्रेनों में टिकट जांच की गयी। महिला व दिव्यांग डिब्बे में अनाधिकृत रूप से सफर कर रहे लोगों से भी जुमार्ना वसूला गया। मुख्य वाणिज्य निरीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि इस विशेष चेकिंग अभियान का उद्देश्य एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनों में बिना टिकट और अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाना के साथ ही यात्रियों के बीच जागरूकता पैदा करना है। जिससे यात्री वैध टिकट के साथ यात्रा करें। उन्होंने बताया कि टिकट चेकिंग अभियान के दौरान टिकट काउंटर पर काफी भीड़ रही और रेल राजस्व में भी वृद्धि हुआ। विशेष जांच अभियान में मुख्य रूप से बुकिंग पर्यवेक्षक राजीव रंजन सिन्हा, टीसी रविंद्र कुमार, आरपीएफ के उप निरीक्षक कार्तिक बिंझा समेत आरपीएफ के कई जवान मौजूद थे।

## काशीसोत पुल के नीचे आरसीसी सड़क व स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज बनाने की मांग

### रेल लाइन क्रॉस करने में जोखिम उठाने की दर्जनों गांवों की समस्या का होगा समाधान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर केंद्र सरकार की अमृत भारत योजना के तहत आधुनिक बिल्डिंग के साथ ही नन इंटरलॉकिंग प्रणाली से ट्रेन परिचालन, नए प्लेटफॉर्म और थर्ड लाइन के विस्तारीकरण का काम पूरा करने के बाद नया फुट ओवरब्रिज भी बनाने का काम शुरू किया गया है। मगर ग्रामीणों की मांग के बावजूद न रेल अंडरब्रिज बनाया जा रहा है, न ही फुट ओवरब्रिज को पूरब दिशा में रेलवे लाइन के बाहर तक विस्तारित किया जा रहा है। ऐसे में ग्रामीणों का कहना है कि इसके प्लेटफॉर्म टू प्लेटफॉर्म निर्माण करने से स्टेशन के पूर्वी दिशा में बसे कई गांवों के लोगों को रेलवे लाइन आर-पार करने को लेकर जोखिम उठाने की समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। उनका कहना है पहले एक दो रेल पटरियों को आर-पार करना आसान था। जबकि अब ननस्टॉपेज थर्ड रेल लाइन के साथ अन्य पटरियों को आर-पार करना जोखिम भरा हो गया है। हर पांच मिनट में मालगाड़ियों के तेज गति से गुजरने के दौरान अब तक कई लोगों और मवेशियों की इनकी चपेट में आने से मौत हो गई है। ग्रामीणों के अनुसार उक्त सहित अन्य कई गांव के लोगों को रेल लाइन आर-पार करने के अलावा और कोई रास्ता नहीं है। बच्चों के स्कूल, बड़ों को बाजार और शवों को लेकर श्मशानघाट जानें में रेल लाइन को ही आर-पार करना पड़ता है। इसके बावजूद पदारथडीह-राजनडीह और रामनगर गांवों के पास रेलवे अंडर ब्रिज बनाने की उनकी मांग को गंभीरता से नहीं लिया गया है। जबकि हाल ही में सांसद ने बेगमपुरा सहित अन्य कई जगहों पर एलएचएस अथवा आरयूबी निर्माण कराने की दिशा में संसद से लेकर रेल मंत्रालय और बोर्ड तक आवाज बुलंद कर दिया है। मगर जिस मोहम्मदगंज-महुडंड मार्ग के निर्माण की आधारशिला उन्होंने रखी थी, उससे कादलकुर्मी-जपला मुख्य पथ को जोड़ने के लिए पदारथडीह व राजनडीह के पास आरयूबी बनवाने की ग्रामीणों की मांग की उन्होंने अनसुनी कर दी। जबकि इन गांवों के पास ही मोहम्मदगंज-महुडंड मुख्य पथ का निर्माण करा देने से दर्जनों सुदूरवर्ती पठारी गांवों तक सदियों के इंतजार के बाद आवागमन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। ऐसे में रेलवे स्टेशन और मुख्य बाजार के समीप की संबंधित समस्या के समाधान के लिए के लिए पंसस ममता देवी के अलावा पंचू रजवार, रामजन्म राम, सुशील कुमार मेहता, गुड्डू पासवान, प्रवेश पासवान सहित अन्य कई ग्रामीणों ने काशीसोत पुल के नीचे से आरसीसी सड़क मार्ग की वैकल्पिक व्यवस्था के साथ ही गढवा रोड की तरह फुट ओवरब्रिज की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।

## जगदेव स्मारक के छज्जे की हालत जर्जर, पुनर्निर्माण की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय स्टेशन रोड के मुख्य चौराहे पर स्थापित शहीद जगदेव प्रसाद के स्मारक स्थल के छज्जे की हालत जर्जर हो गई बताई जाती है। बावजूद इसके विशेष मौकों पर उनकी आदमकद प्रतिमा का माल्यार्पण कर उन्हें नमन करने आए विशिष्टजनों की जर्जर छज्जे का पुनर्निर्माण कराने को लेकर नजरे इनायत नहीं हो सकी। बता दें कि इसका निर्माण 2000 के प्रथम कार्यकाल में तत्कालीन विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कराया था। जिसका अनावरण 23 नवंबर 2003 को तत्कालीन जल संसाधन मंत्री रामचंद्र केशरी के कर कमलों से किया गया था। रविवार को तीसरी बार विधायक चुने-जाने पर ठीक इसके 21 साल बाद संजय कुमार सिंह यादव ने आभार यात्रा के दौरान इस स्मारक स्थल पर शहीद जगदेव प्रसाद की प्रतिमा का माल्यार्पण किया। इस दौरान कैमरे की नजर में जर्जर हालत छज्जे का हिस्सा भी कैद हो गया था। तब इसकी जर्जरता लोगों की नजर में आई, जो चर्चा का विषय बन गया। ऐसे में स्थानीय कई लोगों ने इस स्मारक स्थल के छज्जे का पुनर्निर्माण व सौंदर्यीकरण की जरूरत बताते हुए विधायक से इसकी अपेक्षा की है।

## बच्चों ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में किया बेहतर प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित रेड रोज पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। स्कूल के निदेशक राजन पांडेय ने बताया कि हरिद्वार के गायत्री तीर्थ शांतिकुंज द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान का अतिरिक्त शिक्षा 27 बच्चों को दिया जा रहा था, जिसका परीक्षा कोऑडिनेटर रुद्र नारायण के देखरेख में संपन्न हुआ था। परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित करते हुए छात्र-छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। शिक्षक रुद्र नारायण ने बताया कि बच्चों को भारतीय संस्कृति का ज्ञान देना बेहद जरूरी है। मौके पर स्कूल की शिक्षिका पम्मी कुमारी, सब्बू बानो, बृजेश कुमार, मोनू कुमार,अदिति कुमारी, पल्लवी कुमारी, सुषमा कुमारी, सरिता कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## केंद्रीय मंत्री से रेल यातायात असुविधाओं पर मिली पलामू के युवाओं की टीम



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेलमंडल के आवर्ती उपेक्षित बीडी रेलखंड पर यातायात सुविधा बढ़ाने को लेकर रेल उपयोगकर्ता संगठन के युवाओं की टीम रविवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के भाजपा सांसद संजय सेठ से मिलकर मांग पत्र सौंपा है। जिसमें आजादी से अब तक इस रेलखंड को उपेक्षित रखकर देश के महानगरों समेत कई राज्यों के राजधानी तक सीधी रेल सुविधा नहीं मिलने का दर्द को बयां किया है। इस टीम में शामिल संगठन के अध्यक्ष कुमार अभिषेक, सदस्य ऋतिक, धर्मराज, अंकू सिंह राणा सहित दर्जनों युवाओं ने उन्हें बताया कि रांची से देहरादून और रांची से इंदौर नई सुपरफास्ट ट्रेन का परिचालन करने का आग्रह किया है। उन्होंने इन ट्रेनों को उपेक्षित मार्ग पर नई ट्रेनों के संबध में विधिवत स्टॉपेज व समय सारणी की तैयार प्रति भी उन्हें उपलबध कराते हुए कहा है कि वाया मेदिनीनगर, गढ़वा रोड, मोहम्मदगंज, हैदरनगर, जपला, डेहरी ऑन सोन होते धार्मिक स्थल हरिद्वार व देहरादून तक कोई भी सीधी रेल सेवा नहीं है। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु यात्रा करते हैं। साथ ही देहरादून, मसूरी जैसे पर्यटक स्थल उत्तराखंड के अन्य प्रमुख स्थानों के साथ सैलानियों के लिए आकर्षण का केन्द्र तक यहां के यात्रियों का आवागमन दुर्लभ बना है। इसके अलावे रांची सहित इस रेलखंड के कई स्टेशनों से संबधित छात्र - छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए देहरादून नियमित आना जाना होता है। जबकि ट्रेन नंबर 18631 / 18632 रांची - चोपन इंटरसिटी एक्सप्रेस के समय में बदलाव कर चोपन से सुबह 4. 10 और रांची से दोपहर 13.45 बजे कराने पर चर्च की गई है। इस ट्रेन को दैनिक सेवा में बदलने से सोनभद्र, गढ़वा, मेदिनीनगर, लातेहार, लोहरदगा और रांची स्थानों पर बेहतर रेल संपर्क स्थापित हो सकेगा। साथ ही गढ़वा से रांची वाया टोरी-खलारी व बरवाडीह से डेहरी ऑन सोन तक नई मेमू ट्रेन का परिचालन शुरू कराने, बाईपास रेलवे लाइन बनने से मैक्लुस्कीगंज, खलारी, राय, टोरी - बरकाकाना क्षेत्र के टापू बने स्टेशनों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने की मांग की गई है। उन्होंने तीन वर्ष से हैदरनगर में अधर में लटकी आरओबी निर्माण के प्रति भी सांसद को ध्यानाकृष्ट कराया है।

### आस्था

## जानकी मंदिर में पारंपरिक श्री राम विवाह महोत्सव का आयोजन

# मंदिर परिसर को सजाने संवारने के बाद बढ़ी रौनक



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर चौक बाजार स्थित राम जानकी मंदिर में पारंपरिक श्री राम विवाह महोत्सव का आयोजन इस वर्ष भी किया गया है। आयोजक सह मंदिर के मुख्य पुजारी स्वामी जयप्रकाश जी महाराज व पंडित वेद प्रकाश ने बताया कि श्री राम विवाह मार्ग शीर्ष शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाने की परंपरा रही है। इस कार्यक्रम को इस वर्ष भी धूमधाम से मनाने के लिए क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। इसके लिए बाजार सहित विभिन्न गांवों में जनजागरण अभियान भी शुरू है। मंदिर परिसर को सजाने संवारने के बाद रौनक भी बढ़ी है। उन्होंने बताया कि मंदिर प्रांगण में सर्वप्रथम चार दिसंबर बुधवार को रामार्चन पूजन कार्यक्रम होगा। पांच दिसंबर गुरुवार को हल्दी पवित्रोत्सव श्रृंगार और छह दिसंबर शुक्रवार को श्री राम व माता सीता के विवाह का अनुष्ठान होगा। इस अनुष्ठान में विधिवत तिलकोत्सव, नगर के विभिन्न मार्गों पर बारात भ्रमण के बाद श्रीराम विवाह कराने की रस्म पूरी कराई जायेगी। अनुष्ठान समापन के साथ ही संध्या पांच बजे से आगंतुक संत, महात्मा, आगंतुक व श्रद्धालुओं के महाप्रसाद वितरण कार्य शुरू होगा। उन्होंने इस कार्य में क्षेत्र के सभी सनातन, वैष्णव संप्रदाय के हिन्दू धर्मावलंबियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। संपूर्ण अनुष्ठान काशी व वाराणासी के विद्वान पं. मुरली मनोहर जोशी, मुकेश पांडेय, वेद प्रकाश पांडेय, सुरजी जी, हरिओम जी, प्रितम त्यागी व अनुजा भारती की देखरेख में संपन्न होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य यजमान कामता दूबे व धनंजय सिंह सपत्निक शामिल होंगे।

# कर्मचारियों के धरने के कारण नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय का मुख्य गेट बंद, छात्रों को उठानी पड़ी भारी परेशानियां

**कर्मचारियों के धरने और गेट बंद करने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण : रजिस्ट्रार**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कर्मचारियों द्वारा अपनी छः सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना जारी है। इस धरने के कारण विश्वविद्यालय के मुख्य गेट को बंद कर दिया गया है, जिससे छात्रों और अन्य व्यक्तियों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गेट बंद होने से न केवल प्रशासनिक कामकाज प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि छात्र-छात्राओं के लिए भी यह एक बड़ी समस्या बन गई है। कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय में प्रवेश और बाहर जाने का रास्ता पूरी तरह से बंद कर दिया है, जिसके कारण छात्र-छात्राएं अपने महत्वपूर्ण कार्यों के लिए विश्वविद्यालय में प्रवेश नहीं कर पा रहे हैं। लातेहार के पप्पू कुमार ने बताया कि वह माइग्रेशन लेने के लिए आए थे, लेकिन गेट बंद होने के कारण उन्हें अपना काम नहीं मिल पाया और उन्हें वापस लौटना पड़ा। इसी तरह, रंजीत कुमार और अमित कुमार जैसे अन्य छात्रों को भी अपनी जरूरी प्रक्रिया पूरी करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

प्रियंका कुमारी और सोनी कुमारी जैसी छात्राएं भी इसी परेशानी का सामना कर रही थीं। उनका कहना था कि विश्वविद्यालय दूर होने के कारण उन्हें काफी खर्च और समय लगता है, फिर भी गेट बंद होने के कारण उनका काम नहीं हो सका। छात्रों के लिए यह स्थिति काफी निराशाजनक रही, और वे घंटों इंतजार करने के बाद भी वापस लौटने को मजबूर हो गए।

**कर्मचारियों की मांगें :** धरने पर बैठे कर्मचारियों ने अपनी छः सूत्री मांगें रखी हैं, जिनमें एसीपी/एमएसीपी का भुगतान, सातवां वेतनमान, स्थायी कर्मचारियों की नियुक्ति, फिक्स वेतन का बकाया भुगतान, और प्रोन्नति के लाभ शामिल हैं। हालांकि, विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा इन मांगों पर विचार किया जा रहा है, लेकिन गेट बंद करने की घटना ने विश्वविद्यालय के सामान्य कामकाज को पूरी तरह से बाधित कर दिया है।

### विश्वविद्यालय प्रशासन का बयान

विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार शैलेश मिश्रा ने कहा कि गेट बंद करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने यह भी बताया कि एसीपी/एमएसीपी का भुगतान सरकार द्वारा रोक दिया गया है, और अन्य मांगों पर विचार किया जा रहा है। प्रॉक्टर के सी झा ने भी कर्मचारियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन धरना जारी रहा।

## रक्तदान कर गंभीर मरीज को दी नई जिंदगी

**मेदिनीनगर।** लहलहे निवासी अनुज तिवारी ने रक्तदान कर गंभीर बीमारी से जूझ रहे एक व्यक्ति की जान बचाई। जानकारी के अनुसार डालटनगंज शहर के एक मिल्क कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर नीरज कुमार के पिता गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। डॉक्टरों ने उनकी स्थिति को देखते हुए तत्काल ब्लड की आवश्यकता बताई। इस सूचना पर अनुज तिवारी ने तुरंत आगे बढ़कर रक्तदान किया और एक यूनिट रक्त देकर उनकी मदद की। रक्तदान के बाद अनुज तिवारी ने बताया कि हम सभी स्वस्थ व्यक्तियों को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। यह न केवल जरूरतमंदों की जान बचाता है, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी को भी दशार्ता है। अनुज तिवारी के इस कदम की सराहना क्षेत्र के लोगों ने की है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे रक्तदान के प्रति अपनी झिझक को दूर करें और इसे एक सामाजिक कर्तव्य के रूप में अपनाएं।

## पीएम आवास योजना में लापरवाही: 31 दिसंबर तक निर्माण पूरा नहीं करने पर होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवंटित आवासों का निर्माण पूरा नहीं करने वाले लाभार्थियों पर नगर निगम ने सख्त रुख अपनाने का निर्णय लिया है। नगर आयुक्त जावेद अहमद ने सोमवार को बैठक कर स्पष्ट किया कि ऐसे लाभार्थी जिन्होंने 31 दिसंबर तक अपने आवास का निर्माण पूरा नहीं किया, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक के दौरान नगर आयुक्त ने लाभार्थियों को अंतिम चेतावनी देते हुए कहा कि 31 दिसंबर तक आवास का निर्माण पूरा करना अनिवार्य है। इस दौरान सीएलटीसी के अधिकारी कुणाल कुमार, सर्वेयर विवेक कुमार, वीरेंद्र कुमार दुबे, संदीप कुमार और विवेक आनंद सहित कई अन्य मौजूद थे।

### 6929 में से 3529 आवास अधूरे

जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर निगम क्षेत्र में 6929 आवास बनाए जाने थे, जिनमें से 3400 आवास पूरे हो चुके हैं। हालांकि, 3529 आवास अब भी अधूरे हैं। इनमें से कई लाभार्थियों को योजना की शुरूआत (2015-16) में ही आवास आवंटित किए गए थे, लेकिन अब तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ।

### नोटिस के बाद भी कार्रवाई शून्य

सीएलटीसी प्रभारी कुणाल कुमार ने बताया कि कई लाभार्थियों को पहले भी नोटिस जारी किया गया था, लेकिन उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया। अब तय समय सीमा तक कार्य पूरा नहीं करने वालों से आवंटित राशि ब्याज सहित वसूली जाएगी।

# संविधान रक्षक अभियान: कांग्रेस का संघर्ष जारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निदेर्शानुसार 26 नवंबर से 26 जनवरी 2025 तक 'संविधान रक्षक अभियान' चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को पलामू जिला कांग्रेस कमेटी ने मेदिनीनगर में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष अभियान का आयोजन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैस रंजन पाठक ने की। प्रारंभ में कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि 'संविधान हिंदुस्तान की आत्मा है, और इसकी रक्षा करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।' उन्होंने बीजेपी और आरएसएस पर हमला करते हुए कहा कि 'संविधान विरोधी ताकतें इसकी मूल भावना के साथ खिलवाड़ कर रही हैं, लेकिन कांग्रेस उनके विरोध में डटी हुई है।'

उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस ने ही देश को अधिकार संपन्न और लोकतांत्रिक बनाया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि 'अगर संविधान की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देनी पड़ी, तो कांग्रेस पीछे नहीं हटेगी।'

यह अभियान पलामू के 21 प्रखंडों और पंचायतों में 26 जनवरी तक चलाया जाएगा। कार्यक्रम में छतरपुर विधायक राधा कृष्ण किशोर, प्रदेश महासचिव चंद्रशेखर शुक्ला, लक्ष्मी नारायण तिवारी, शमीम अहमद, और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

इस दौरान प्रमुख रूप से ईश्वरी प्रसाद सिंह, शंकर पांडे, दीपक लाल, राजेंद्र अग्रवाल, भिखारी राम, शैलेश चंद्रवंशी, राजेश चौरसिया, प्रशांत किशोर, और अन्य कांग्रेस नेता उपस्थित थे।

## केंद्रीय पुस्तकालय में करियर काउंसलिंग सेमिनार आज

**मेदिनीनगर।** साहित्य समाज चौक स्थित मास्टर सोबरन मांझी जिला पुस्तकालय में मंगलवार को करियर काउंसलिंग पर आधारित एक सेमिनार का आयोजन किया गया है। यह सेमिनार प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए बेहद उपयोगी होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर एसडीएम सुलोचना मीणा उपस्थित रहेंगी। वह यूपीएससी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर छात्रों का मार्गदर्शन करेंगी। पुस्तकालय के लाइब्रेरियन मंजीत सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सेमिनार सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों को उनकी पढ़ाई की दिशा तय करने और सफलता के लिए जरूरी सुझाव प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगा।

# शहर में ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई, ग्रामीण ऑटो पर रोक के आदेश की अनदेखी

**– नगर आयुक्त का निर्देश बेअसर, ग्रामीण ऑटो से बढ़ रही जाम की समस्या**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने और जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर आयुक्त जावेद अहमद ने सितंबर में ग्रामीण इलाकों से आने वाले ऑटो के शहर में प्रवेश पर रोक लगाने का आदेश जारी किया था। इसके तहत अलग-अलग रूट के ऑटो के लिए निर्धारित पड़ाव स्थल चिन्हित किए गए थे। लेकिन आदेश के तीन महीने बाद भी इसका पालन नहीं हो रहा है।

नगर आयुक्त ने पांकी रोड, शाहपुर, चैनपुर, पड़वा, पाटन और छतरपुर जैसे ग्रामीण रूट से आने वाले ऑटो के लिए पड़ाव स्थल तय किए थे। बावजूद इसके, ऑटो बिना किसी रोक-टोक के शहर में प्रवेश कर रहे हैं, जिससे जाम की समस्या बनी हुई है।

**वन-वे और स्टीकर आदेश की अनदेखी :** रेडमा चौक से लेकर कचहरी और छह मुहान तक वन-वे रूट लागू किया गया था, लेकिन अधिकांश ऑटो चालक इसका पालन नहीं कर रहे। प्रशासन ने ऑटो पर रूट-वार रंगीन स्टीकर लगाने का निर्देश दिया था, ताकि उनकी पहचान हो सके। परंतु अधिकतर ऑटो पर रूट की जानकारी नहीं लिखी गई है, जिससे उनका नियंत्रण कठिन हो गया है।

**बस रूट में भी लापरवाही :** बसों को रेडमा चौक से बैरिया चौक होते हुए जेलहाता के रास्ते बस स्टैंड तक पहुंचने का आदेश था। लेकिन कई बसें अभी भी पुराने रूट पर चल रही हैं, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई है।

**स्थिति चिंताजनक :** प्रशासन की ओर से पुलिस बल की तैनाती और ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के प्रयास विफल हो सकते हैं।

## सर्दियों में साग : स्वाद और सेहत का अनमोल खजाना



**मेदिनीनगर।** सर्दियों में बाजार में सरसों, पालक, मेथी और चने का साग प्रचुर मात्रा में मिलता है। ये साग न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, साग में आयरन, विटामिन ए, सी, के और पोटैशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं, जो इम्यूनिटी बढ़ाने और सर्दी-जुकाम से बचाने में मदद करते हैं।

आयुर्वेदाचार्य शिव कुमार पांडेय ने बताया कि साग खरीदते समय हमेशा ताजा साग लेना चाहिए। उन्होंने साग पकाते वक्त विभिन्न प्रकार के साग को मिलाने की सलाह दी, ताकि सभी पोषण तत्व एक साथ मिल सकें। साग में आंवला मिलाने से इसके गुण चार गुना बढ़ जाते हैं। यह पाचन सुधारने और कई बीमारियों को रोकने में मदद करता है।

साग में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट हृदय को स्वस्थ रखते हैं और सूजन कम करते हैं। खासतौर पर पालक आयरन और कैल्शियम से भरपूर होता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाता है। सर्दियों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए साग का सेवन आवश्यक है।

## 60 प्रतिशत दिव्यांग शिक्षक पति-पत्नी समाज के लिए मिसाल बने





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के दो दिव्यांग पति पत्नी शारीरिक रूप से 60 प्रतिशत दिव्यांग होने के बाद भी अपने हौसल के बल पर सरकारी शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। दोनों पति पत्नी समाज के अन्य दिव्यांगों के लिए प्रेरणा के रूप में बन कर उभरे हैं। अविनाश कुमार तिवारी राज्यकीय कृत बालिका उच्च विद्यालय रांची रोड रेड़मा में इतिहास विषय के शिक्षक हैं। उनकी पत्नी आकांक्षा कुमारी राज्यकीय कृत गिरिवर प्लस टू विद्यालय में पदस्थापित हैं। दोनों पति पत्नी एमए, बीएड हैं। अविनाश कुमार तिवारी पलामू विकलांग संघ के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्होंने दिव्यांगों को प्रेरित करते हुए कहा कि कुछ इंसानों में शारीरिक क्षमता में कमी होने से वह निराश हो जाते हैं। जीवन में निराश नहीं होना चाहिए। हौसलों के बल पर बड़ी से बड़ी मंजिल को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वह अपने जीवन से कभी निराश नहीं हुए हैं। शिक्षक बनने से पूर्व भी दिव्यांगों को आगे बढ़ाने व उनके हक अधिकारों को दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत रहें हैं।

## बांग्लादेश में सनातनियों पर अत्याचार के खिलाफ रैली आज

**मेदिनीनगर।** बांग्लादेश में हिंदू, सिख, जैन, और बौद्ध समुदायों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ मंगलवार को मेदिनीनगर में एक विशाल रैली और जनसभा का आयोजन किया गया है। यह रैली सुबह 11 बजे गायत्री मंदिर मैदान, सुदना से शुरू होगी। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि बांग्लादेश में सनातनी समाज के मठों, मंदिरों और अन्य धार्मिक स्थलों पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। इन घटनाओं के खिलाफ आवाज उठाने और सनातनी समाज की एकता को प्रदर्शित करने के लिए यह आयोजन किया गया है।

गायत्री मंदिर मैदान से रैली प्रारंभ होकर कचहरी परिसर पहुंचेगी, जहां जनसभा का आयोजन किया जाएगा। सभा के बाद जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से बांग्लादेश में सनातनी समाज पर हो रहे अत्याचारों की कड़ी निंदा की जाएगी और भारत सरकार से इस मुद्दे पर हस्तक्षेप करने की मांग की जाएगी।

आयोजकों ने सभी सनातनी समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी एकता का प्रदर्शन करने की अपील की है।

कार्यक्रम में विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है।

## बीपीएससी परीक्षा में 22वीं रैंक लाने वाली रिया का हुआ स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 69वीं परीक्षा में 22वीं रैंक हासिल करने वाली रिया वर्मा का डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। समाजसेवियों और परिजनों ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया।

ठाकुरबाड़ी मंदिर, रेड़मा की रहने वाली रिया ने अपनी उपलब्धि से पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर रिया के पिता योगेंद्र प्रसाद, समाजसेवी राजकुमार गुप्ता, आकाश कुमार, आजसू नेता अभिषेक कुमार और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सूर्यप्रकाश ने तीन मेडल अपने नाम किया बोलने सुनने में है असमर्थ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। जरूरत है तो बस उसे निखारने की। इसे साबित किया है पलामू जिले के रामगढ़ प्रखंड के रहने वाले सूर्यप्रकाश कुमार ने। बता दें कि आठवीं कक्षा में पढ़ने वाला सूर्यकांत पलामू जिला के जिला स्कूल मैदान में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में तीन मेडल अपने नाम किया है। वहीं 20 छात्र छात्राओं ने भी मेडल जीते है। दरअसल, झारखंड शिक्षा परियोजना पलामू के तत्वावधान में स्थानीय जिला स्कूल के मैदान में दिव्यांग बच्चों के लिए जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**सूर्यप्रकाश ने जीता तीन मेडल :** उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चांदो के आठवीं कक्षा का छात्र सूर्यप्रकाश कुमार ने तीन प्रतियोगता में प्रथम स्थान से जीता। उनके पिता सत्यनारायण सिंह ने कहा कि अपने बच्चे की प्रतिभा से बेहद खुश है। भविष्य में चित्रकला और स्प्रोट्स में आगे बढ़ाना चाहते हैं। उन्होंने कहा की उनका बेटा बोलने और सुनने से असमर्थ है, लेकिन पढ़ाई में बेहद तेज है। दो साल पहले मोबाइल से देखकर चित्रकला की शुरूआत किया है। जिससे वह राज्य स्तर पर भी विजेता बन चुका है।

# विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारियों का भूख हड़ताल, सात मांगों को लेकर जताया आक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों ने सोमवार को अपनी सात प्रमुख मांगों को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में भूख हड़ताल किया। यह हड़ताल सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने पेंशन और अन्य सेवानिवृत्ति लाभों की लंबित भुगतान को लेकर नाराजगी जाहिर की।

क्या हैं कर्मचारियों की मांगें? सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से पेंशन भुगतान को हर महीने की पहली कार्यतिथि पर सुनिश्चित करने की मांग की है। इसके अलावा, सेवानिवृत्ति लाभ का भुगतान सेवानिवृत्ति के अगले महीने से प्रारंभ करने की बात कही। उन्होंने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय की ओर से पेंशन और अन्य लाभों का भुगतान समय पर नहीं किया जा रहा है, जिससे उन्हें गंभीर वित्तीय समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अन्य मांग में सातवें वेतनमान के अनुसार वैच्युटी की बकाया राशि का भुगतान करने, अर्जित अवकाश के नकदीकरण का संशोधित भुगतान करने, 9,000 एजीपी प्राप्त शिक्षकों का वेतन पुनरीक्षण सही रैशनलाइजेशन फैक्टर के साथ करने ओर पेंशन पुनरीक्षण को अविलंब लागू करना शामिल है।

भूख हड़ताल के दौरान विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों से वार्ता की। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर 7 से 10 दिनों के भीतर कार्रवाई की जाएगी। रजिस्ट्रार के इस आश्वासन के बाद कर्मचारियों ने अपना धरना समाप्त कर दिया।

मौके पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने कहा कि वे वर्षों से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। ₹अगर हमारी समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं हुआ, तो हम दोबारा आंदोलन करेंगे। यह सिर्फ शुरूआत है।

## छात्रवृत्ति परीक्षा में रागनी को राज्य में दूसरा स्थान



**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड के तेन्दुई ग्राम स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय की छात्रा कुमारी रागनी ने मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा 2024 में राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। वह सहायक अध्यापक जय शंकर सिंह की पुत्री है। रागिनी का उच्च शिक्षा प्राप्त कर भारतीय पुलिस सेवा में जाने का लक्ष्य है। उसने बताया कि नियमित रूप से प्रतिदिन अध्यन करती हैं। रागनी की सफलता पर उसके परिजनों सहित आसपास के लोगों ने बधाई दी है।

# थ्रेसर से धान कटवाने को लेकर विवाद, एक ही परिवार के चार घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** खरौंधी थाना क्षेत्र के गटीयरवा टोला में रविवार को थ्रेसर से धान कटवाने को लेकर हुए विवाद में एक ही परिवार के चार सदस्य घायल हो गए। घायलों में माणिकचंद मेहता, उनकी पत्नी, बेटी और बहू शामिल हैं। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां माणिकचंद मेहता की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें गढ़वा रेफर कर दिया गया। माणिकचंद मेहता ने बताया कि वह अपने घर के पास थ्रेसर से धान कटवाने की तैयारी कर रहे थे, तभी गांव के कुछ लोग, जिनमें कमलेश मेहता, विकास मेहता, विजय मेहता, नंदलाल मेहता, राकेश मेहता, चंदेश मेहता, चंद्रदेव मेहता, शशि मेहता, राजेश साह और जयकुमार मेहता शामिल थे, गाली-गलौज करते हुए आए और उनसे पूछा कि उनके खेत में धान क्यों कटवाया जा रहा है। जब माणिकचंद ने पूछा कि अगर यह उनका खेत है तो कागज दिखाएं, तो आरोपी गुस्से में आ गए और टांगी व लाठी से हमला कर दिया।



## शिकायत दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

माणिकचंद मेहता ने खरौंधी थाने में लिखित आवेदन देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के बाद माणिकचंद मेहता को गढ़वा रेफर कर दिया गया, जबकि उनकी पत्नी, बेटी और बहू का इलाज चल रहा है।

# खबर का असर: प्रखंड कार्यालय में साइकिल वितरण शुरू, बच्चों में खुशी



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** राष्ट्रीय नवीन मेल के 29 नवंबर के अंक में प्रकाशित खबर 'प्रखंड कार्यालय में वितरण के अभाव में बेकार पड़ी साइकिलें, बढ़ा रही हैं शोभा' का त्वरित असर हुआ। प्रखंड प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए सोमवार को साइकिल वितरण की प्रक्रिया शुरू कर दी। प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) प्रशांत कुमार के निर्देश पर सत्र 2023-24 के तहत लंबित साइकिलें वितरित की गईं। प्रभारी कल्याण पदाधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि साइकिलों की कमी के कारण कुछ स्कूलों के बच्चे वंचित रह गए थे। नई साइकिलें मंगवाकर मध्य विद्यालय चेचरिया, खोन्हर, कधवन, सिंहपुर और बलिगढ़ के 153 छात्र-छात्राओं को साइकिलें दी गईं। उन्होंने कहा कि सत्र 2024-25 के छात्रों के बीच भी जल्द साइकिलें वितरित की जाएंगी। साइकिल मिलने से बच्चों और अभिभावकों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर प्रधानाध्यापक वीरेंद्र राम, जागृति कुमारी और अन्य विद्यालयों के प्रभारी उपस्थित रहे। प्रखंड प्रशासन की इस पहल की सराहना हो रही है।

# घुड़सवारी के राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में अरूषि का चयन

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। निवासी अधिवक्ता नित्यानंद चौबे की पुत्री आरुषि चौबे का चयन घुड़सवारी के राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के लिए हुई है। बता दे कि आयोजन स्थल राजस्थान के जोधपुर में जोधपुर पोलो एंड एक्सप्रेस क्लब इंस्टीट्यूशन द्वारा किया गया था।आरुषि चौबे की पढ़ाई फिलहाल झारखंड के टॉरियन वर्ल्ड स्कूल रांची से हो रही है। इस सफलता पर आरुषि के पिता अधिवक्ता नित्यानंद चौबे और माता अधिवक्ता लक्ष्मी चौबे व परिजन के साथ शुभचिंतकों ने बधाई व शुभकामनाएं दिया। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता का आयोजन ट्रेन फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले किया गया था। राष्ट्रीय स्तर के प्रतिस्पर्धा के लिए बालक-बालिका वर्ग से दो-दो का चयन किया गया। अंडर 16 की इस प्रतियोगिता में महज 13 वर्ष की उम्र में आरुषि चौबे ने यह सफलता हासिल की है। चयनित अन्य प्रतिभागियों में झारखंड के लोहरदगा की अक्षिता व बिहार के आनंद भी हैं। चयनित और प्रतिभागियों में राजस्थान के जयदीप सिंह का नाम भी शामिल है। प्रतियोगिता में कई क्लब के सदस्य और आर्मी के जवान भी शामिल थे। आरुषि जूनियर टीम में शामिल थी। आरुषि के पिता अधिवक्ता नित्यानंद चौबे ने बताया कि



आरुषि शुरू से ही पढ़ाई में अग्रसर और बेहतर है साथ ही उसकी रुचि खेल कूद में बचपन से ही रही है।

# विधायक के काफिले की पांच गाड़िया आपस में टकराई, हादसा टला

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर वन डीपू के समीप एक सोमवार को बड़ा हादसा टल गया। विधायक अनंत प्रताप देव के काफिले की पांच गाड़ियां आपस में टकरा गई। इस हादसे में सभी लोग सुरक्षित बच गएं, लेकिन तीन गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना उस समय हुई जब विधायक के काफिले में शामिल लगभग डेढ़ दर्जन गाड़ियां केतार की ओर तेज गति से जा रही थी। इस दौरान एक गाड़ी का संतुलन बिगड़ने से पीछे आ रही गाड़ियां एक के बाद एक टकरा गई। बताया जाता है कि काफिले की गाड़ियां अत्यधिक करीब और तेज गति में थी। अचानक ब्रेक लगाने के कारण यह दुर्घटना हुई। हालांकि, बड़ी राहत यह रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंच गए। विधायक अनंत प्रताप देव और उनके साथियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हादसे के कारण सड़क पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा, लेकिन बाद में स्थिति सामान्य कर दी गई।




# बीएसएनएल टावर से बैटरी चोरी, प्राथमिकी दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाये रुकने का नाम नहीं ले रही है। पूर्व में गोपाल मेडिकल दुकान में चोरी, प्लस टू उच्च विद्यालय में सीसी टीवी कैमरे की चोरी और अब बुल्का पंचायत अंतर्गत बरहिया स्थित बीएसएनएल टावर से 100 एएच का बैटरी चोरी हो गयी। फिल्ड इंजीनियर अरविन्द कुमार द्वारा इसकी सूचना रमना थाना को दी गयी है। जानकारी के अनुसार 15 नवंबर को ग्रामीणों ने सूचना दी कि बीएसएनएल का पॉवर डाउन है। इसकी जांच 22 नवंबर को करने पर पता चला कि बैटरी बैंक का ताला टूटा है और एक बैटरी गायब है। फिल्ड इंजीनियर ने अपने स्तर से जांच पड़ताल किया गया, लेकिन पता नहीं चला। इस संबंध में थाना प्रभारी अनिमेष शान्तिकारी बताया कि घटना की लिखित सूचना मिली है। प्राथमिकी दर्च कर जांच जारी है।

# सीओ के रोक के बावजूद भी काम जारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** प्रखंड कार्यालय के बगल स्थित नगर पंचायत द्वारा पुस्तकालय सह वेंडिंग जोन का निर्माण कराया जा रहा है। अंचल पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने स्थल का निरीक्षण कर जांच किया था। अंचल कर्मचारी व सीआई द्वारा मापी कर दी गई। पुस्तकालय सह वेंडिंग जोन बनाने के लिए दी गई जमीन से अधिक जमीन अधिग्रहण करते हुए संवेदक द्वारा बनवाए जाने की बात कही। दूसरी तरफ पुरानी पंचायत भवन को बिना अनुमति के तोड़ दिया गया है। उसका ईंट व छड़ भी गायब है।

**क्या है मामला :** इस संबंध में सीओ प्रमोद कुमार ने बताया कि मौजा चंद्री अंतर्गत खाता संख्यां 70, प्लॉट संख्या 41, रकबा लगभग 12 डिसमिल भूमि पर पुस्तकालय सह वेंडींग जोन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण दौरान पाया कि उक्त भुखंड प्रखंड कार्यालय झारखंड सरकार के नाम से हाल सर्वे खतियान में दर्ज है, परंतु उक्त निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व संवेदक द्वारा ग्रामीण विकास विभाग से बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किये ही मनमाने ढंग से निर्माण कार्य प्रारंभ कर दी गई है। सीओ ने बताया गया कि अधिकृत भूमि से अधिक भूमि पर निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसे रोक लगाया गया था। सोमवार को सीओ द्वारा रोक लगाने के बावजूद भी संवेदक द्वारा मनमानी करते हुए पुनः कार्य को अनवरत जारी है। अंचल निरीक्षक धनलाल उरांव ने कार्य स्थल पर जाकर फिर से रोक लगा दिया। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। शीर्घ कार्रवाई की जाएगी।

## विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण

**चिनिया।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय छतैलिया स्कूल प्रांगण में सोमवार को कल्याण विभाग से विद्यार्थियों को मिलने वाली साइकिल का वितरण सोमवार को प्रधानाध्यापक दुबराज सिंह की उपस्थिति में विद्यालय के अध्यक्ष उमेश परहिया के द्वारा छात्र-छात्राओं के बीच किया गया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय छतैलिया के सभी 48 छात्र-छात्राओं का नाम शामिल है। मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष उमेश परहिया ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा कल्याण विभाग के तहत साइकिल वितरण किया जा रहा है।
प्रधानाध्यापक दुबराज सिंह ने कहा कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध साइकिल सत्र 2024-25 के तहत क्लास आठ के सभी 48 विद्यार्थियों के बीच विद्यालय के अध्यक्ष ने वितरण किया। छात्र-छात्राओं को साइकिल मिल जाने से सभी विद्यार्थियों में काफी खुशी है। मौके पर शिक्षक चंदेश्वर प्रसाद, रामचंद्र यादव, तरबेश सिंह, योगेंद्र कुमार मेहता, वसीम अंसारी सहित सभी अभिभावक उपस्थित थे।

# जीत से भवनाथपुर की हर जनता विधायक बनी : अनंत प्रताप

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार\खरौंधी।** भवनाथपुर के नवनिर्वाचित झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक अनंत प्रताप देव सोमवार को आभार यात्रा की शुरूआत केतार प्रखंड के सुप्रसिद्ध मां चतुभुर्जी मंदिर में पूजा-अर्चना कर किया। विधायक ने खरौंधी प्रखंड के कूपा, अरंगी, सिसरी, करिवाडीह, सुंडी, राजी, खरौंधी, चन्दनी और मझिगावां पंचायतों का दौरा किया। उन्होंने केतार के मां चतुर्भुज मंदिर विकास समिति द्वारा मां चतुभुर्जी की प्रतिमा व चुनरी भेंटकर विधायक को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात विधायक श्री देव के द्वारा कर्पूरी गेट से केतार बाजार से सब्जी बाजार तक रोड शो किया गया। जिसमें काफी संख्या में उपस्थित समर्थकों ने ढ़ोल नगाड़े के साथ विधायक का भव्य स्वागत किया। बाजार स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर विधायक ने माल्यार्पण कर एक सभा को संबोधित किया। विधायक ने कहा कि जिस अपेक्षा से भवनाथपुर की जनता ने उन्हें व सरकार को प्रचंड जीत दिलाई है, वह जनता की भावनाओं पर खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि देश के किसी भी राज्य में जब चुनाव आता है तो विपक्ष द्वारा महंगाई, रोजगार, बेरोजगारी जैसी मुख्य मुद्दा को छोड़कर हिंदू मुसलमान भारत-पाकिस्तान और घुसपैठियों की बात की जाती है। इस कारण भवनाथपुर सहित झारखंड की जनता ने नकार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग द्वारा बोला जाता है कि एक वोट से चार विधायक बन गए हैं, परंतु मैं बता देना चाहता हूं कि मेरे विधायक बनने के बाद सिर्फ चार ही नहीं बल्कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की सभी जनता अपने आप को विधायक महसूस करेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र के बाद पुनः विधानसभा के सभी पंचायतों में पहुंचकर पंचायत स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जनता की समस्याओं को सुनी जाएगी तथा उसका त्वरित समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा की भवनाथपुर में पावर प्लांट लगाकर यहां के नवजवानों को रोजगार देने का काम करूंगा। इस मौके पर झामुमो नेता ताहिर अंसारी, दीपक प्रताप देव , रामेश्वर प्रसाद सिंह, प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ,पवन सिंह,छोटन सिंह मनोज कुमार यादव, रामविचार साहू, सुरेश कुमार, दीनदयाल गुप्ता मनोरंजन गुप्ता, दामोदर सिंह, इम्तियाज आलम, मदन पटेल ,उदय प्रसाद सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे। खरौंधी के कार्यक्र में झामुमो नेता ताहिर अंसारी,दीपक प्रताप देव,जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद गुप्ता, बिनोद यादव, हिफाजत अंसारी, श्यामसुंदर राम, अभिजीत किशोर, मिथलेश राम, जाकिर हुसैन, सतेंद्र बैठा,अशोक ठाकुर, शशि पासवान, देवबंश गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, विजय मेहता,अजित यादव, संगीता देवी, रानी देवी, मुहब्बत हुसैन, गिरीश यादव सहित हजारों लोग उपस्थित थे।



# वन अधिनियम के तहत केस सुलह किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** वन विभाग के कार्यालय में वनवाद निपटारा के लिए गढ़वा दक्षिणी वन प्रमंडल डीएफओ एबिन इब्राहिम व भंडरिया वन विभाग पदाधिकारी अजय टोप्पो के पहल पर भंडरिया रेंज ऑपिस में सोमवार को बैठक हुई। इसमें वन अधिनियम के तहत एक साल से लेकर 10 साल तक के पुराना केस के हिसाब से क्षतिपूर्ति का ऑफेंस काटकर अधिकतम केस फाइनल किया। गढ़वा साउथ डीएफओ ने बताया कि भंडरिया रेंज आदिवासी बहुल क्षेत्र है। इस क्षेत्र के अधिकांश लोगों को यहां से गढ़वा आने-जाने में बहुत कठिनाइयां हो रही थी। इस कठिनाइयों को देखते हुए भंडरिया रेंज में अधिकतम केस का सुलह किया गया। मौके पर उपस्थित वनपाल कमलेश कुमार, वनरक्षक अंकित कुमार, रोशन कुमार, भंडरिया रेंज के वनपाल उपस्थित थे।



## एसएसआई सिक्योरिटी गार्ड में 25 का चयन

**डंडई।** प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को एसआईएस सिक्योरिटी गार्ड भर्ती को लेकर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रखंड क्षेत्र के बड़ी संख्याओं में युवकों ने भाग लिया। एसआइएस कंपनी के भर्ती पदाधिकारी प्रिय रंजन ने गाइडलाइन के अनुसार योग्य युवकों का आवेदन जमा लिया। उसके बाद बारीकी से पड़ताल कर सभी आवेदकों के आवेदन को कंपनी के वेबसाइट पर ऑनलाइन निबंधित कर दिया। इस दौरान भरती पदाधिकारी द्वारा 25 आवेदकों के आवेदन को ऑनलाइन निबंधित करने का काम किया। उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान प्रखंड क्षेत्र के 25 युवक को सिक्योरिटी गार्ड के लिये चयन किया गया है। 23 दिवसीय ट्रेनिंग की जानकारी देकर घर भेज दिया गया। 8 दिसंबर से 31 दिसंबर तक पलामू जिला के बेल चंपा गांव में उनका ट्रेनिंग होगा।

**कार्यक्रम**

## मासिक गुरु गोष्ठी में शिशु पंजीकरण के हाउस होल्ड सर्वे पर चर्चा

# एसए वन मूल्यांकन कार्य 16 से 18 दिसंबर तक: बीपीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) मड़वनिया में मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस बैठक में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई, जिनमें एसए वन मूल्यांकन, शिशु पंजीकरण का हाउस होल्ड सर्वे, पोशाक डीबीटी रिपोर्ट, बच्चों के खाता अपडेट, एमडीएम का एसएमएस, यू-डायस पोर्टल पर बच्चों के प्रोफाइल का अपडेट, आपार आईडी जनरेट, एफएलएन प्रोग्राम, विकसीत भारत कार्यक्रम, यूको क्लब, प्रयास एवं प्रोजेक्ट इंपैक्ट आदि शामिल थे। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुनीता कुजूर ने कहा कि एसए वन मूल्यांकन कार्य 16 से 18 दिसंबर तक किया जाएगा, और इसका रिजल्ट 24 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। उन्होंने सभी विद्यालयों से शिशु पंजी के अद्यतन के लिए टोला वाइज हाउस होल्ड सर्वे को एक महीने के भीतर पूरा करने की अपील की। इसके अलावा, ड्रॉपआउट बच्चों की सूची तैयार कर कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया। सुनीता कुजूर ने यह भी कहा कि विद्यालय विकास अनुदान एवं प्लांटेशन आदि में खर्च की गई राशि का बिल भाउचर अविलंब जमा किया जाए, ताकि एडजस्टमेंट किया जा सके। एमडीएम प्रभारी वीरेंद्र पाल ने कहा कि एमडीएम का एसएमएस प्रतिदिन करना आवश्यक है, क्योंकि विभाग इस पर काफी सख्त है। लापरवाही पर कार्रवाई निश्चित है। एमआईएस ऑपरेटर विजय कुमार ने कहा कि यू-डायस प्लस पोर्टल पर बच्चों का प्रोफाइल अपडेट कर आपार आईडी जनरेट करना अनिवार्य है, लेकिन कई विद्यालयों ने अभी तक यह कार्य शुरू नहीं किया है। उन्होंने सभी विद्यालयों से इसे तत्काल शुरू करने और सभी बच्चों का आपार आईडी जनरेट करने का आग्रह किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक लखन बैठा, अशोक खलको, गिरेंद्र सिंह, नंदकिशोर चौबे, उपेंद्र पासवान, प्रमोद सिंह, शिवकुमार राम, रामदयाल सिंह, राकेश पांडेय, सुरेंद्र गुप्ता, मनोज देव, संतोष राम, मनोज सिंह, श्याम बिहारी द्विवेदी, आनंददेव यादव, शारदा कुमारी, रवि कुमार, जितेंद्र शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



# पैक्स केंद्रों के अभाव में किसान परेशान, व्यापारी औने-पौने दामों में धान खरीदकर भेज रहे बाहर

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड के किसान इस समय गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। क्षेत्र में अभी तक पैक्स (प्राथमिक कृषि सहकारी समिति) केंद्र नहीं खुलने के कारण किसान अपनी फसल का उचित मूल्य पाने से वंचित हैं। मजबूर होकर वह अपने धान स्थानीय व्यापारियों को औने-पौने दामों में बेचने को विवश हैं। धान की कटाई का मौसम जोरों पर है और पैक्स केंद्र समय पर न खुलने से किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। स्थिति का लाभ उठाते हुए व्यापारी ट्रकों के माध्यम से किसानों से सस्ते दामों पर धान खरीद रहे हैं और उसे अन्य राज्यों में ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं। इससे किसान दोहरी मार झेल रहे हैं। एक तरफ वह अपनी लागत भी नहीं निकाल पा रहे, और दूसरी तरफ उनका धान प्रखंड से बाहर तस्करी हो रहा है। इस संदर्भ में प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि पैक्स खोलने से संबंधित कोई विभागीय पत्र अभी तक नहीं आया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही पैक्स केंद्र शुरू कर किसानों के धान की खरीदारी की जाएगी। किसानों का कहना है कि अगर पैक्स केंद्र समय पर खुलता, तो वह न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर अपनी उपज बेच सकते थे। उन्होंने प्रशासन से पैक्स केंद्र शुरू करने में तेजी लाने और धान की तस्करी पर रोक लगाने की मांग की है। प्रशासन की निष्क्रियता से किसान नाराज हैं और सरकार से जल्द राहत की अपेक्षा कर रहे हैं।



# अपराधियों ने दो हाइवा को आग के हवाले किया, अनुसंधान में जुटी पुलिस

**■ राहुल गैंग ने लिया घटना की जिम्मेवारी, व्यवसायों को दिया धमकी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत आपराधिक मामला आए दिन देखने को मिल रहा है। ताजा मामला बालूमाथ थाना अंतर्गत मकईया टांड़ एनएच 22 के किनारे कुशमाही साइडिंग मोड़ के पास का है। जहां अज्ञात अपराधियों ने रविवार मध्य रात्रि दो हाइवा को आग के हवाले कर दिया है। घटना के संबंध में चालक साबिर से मिली जानकारी के अनुसार हर दिन की तरह तुबैद कोल माइंस से हाइवा कोयला लेकर बालूमाथ होते हुए कुशवाही साइडिंग कोयला अनलॉक करने के लिए जा रहा था। इस दौरान कुशमाही रेलवे साइडिंग मोड पर मुख्य मार्ग के किनारे हथियारों से लैसअपराधियों ने दो हइवा को रोक कर हाइवा चालक को धमकाते हुए भागा दिया। इसके बाद अपराधियों ने कोयला लदे हाइवा में पेट्रोल डालकर आग लगा दिया। सड़क किनारे खड़ी हाइवा पर भी अपराधियों ने पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया। आगजनी से लाखों रुपए का नुकसान अंदेशा व्यक्त किया गया है।



## घटना के विरोध में हाइवा मालिकों ने किया हड़ताल



घटना के विरोध में तुबेद माइंस से चलने वाले हाइवा मालिकों ने घटना का विरोध किया है। अपने-अपने हाइवा को खड़ा कर ट्रांसपोटिंग कंपनी से जान माल की सुरक्षा की मांग की। मकईया टांड़ कुसमाही साइडिंग जाने वाली रास्ता के किनारे टेंट लगाकर घंटों बैठे रहे। सभी ऑनर ने कहा कि आए दिन हो रहे हाइवा में आगजनी, गोलीबारी व चालक उपचालक पर जान माल का नुकसान का चिंता व्यक्त करते हुए सुरक्षा व्यवस्था की गुहार लगाई है।

## गैंगस्टर राहुल सिंह गैंग ने लिया घटना कर जिम्मेवारी

घटना के घंटे बाद गैंगस्टर राहुल सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर घटना की जिम्मेवारी लिया है। उसने क्षेत्रीय व्यवसाययों को धमकाते हुए कहा कि बिना मैनेज अगर काम किया तो दिल का धड़कन रोक देने सहित कई धमकी भरी बातें लिखी गई है। घटना कराने की चर्चा अपराधी गिरोह के प्रदीप गंझू व शूटर शंकर गंझू का भी नाम चर्चा में है, जिसे लेकर पुलिस अनुसंधान कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार राहुल सिंह गैंग पिछले दो वर्षों से सक्रिय है। वह कई अपराधी घटना को अंजाम दे चुका है। हाल के दिनों में इंटरनेशनल गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से भी इस गैंगस्टर का तार जुड़ा होने की चर्चा थी।

## घटनास्थल पर पहुंचे एसडीपीओ

आगजनी की घटना की जानकारी मिलते ही बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी, बालूमाथ इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे मामले का जायजा लिया। साथ ही घटना से जुड़े हर तथ्य को बारीकी से जांच किया। इस मामले में एसडीपीओ ने कहा कि अपराधी जो भी होगा पुलिस उसे शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजेगी। पुलिस पूरे मामले काअनुसंधान कर रही है।

# हाथियों के झुंड ने बछड़े को मारा धान की फसल बर्बाद किया

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन पंचायत के केकराही और देवनदिया गांव में जंगली हाथियों के झुंड ने फिर से उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात हाथियों का झुंड केकराही गांव में आ धमका और केकराही निवासी अमित गंझू के घर के बाहर बंधी बछिया को पटककर मार डाला। हाथियों के झुंड ने देवनदिया निवासी राजेश तुरी पिता बुधन तुरी की तैयार धान की फसल को भी रौंद डाला। भुक्तभोगी किसान को काफी नुकसान पहुंचा है। राजेश तुरी व अमित गंझु ने वन विभाग से हाथियों के द्वारा पहुंचाए गए नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है। गांव में हाथियों के पहुंचने से ग्रामीणों के बीच भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण रामकिशुन गंझु, सुनील ठाकुर, रंजीत गंझु,अकलू गंझु, सुमित गंझु,रमेश तुरी,रामदेव गंझु, हरिलाल गंझु ने कहा कि वह लोग पिछले चार-पांच साल से जंगली हाथियों से प्रभावित हो रहे हैं। लगातार हाथियों का झुंड गांव में आ धमकते है और उत्पात मचा कर चले जाते हैं। हाथियों के कारण खेती किसानी को भारी क्षति पहुंच रही है। लोग डर के साये में जीने को मजबूर हैं। ग्रामीण रतजग्गा कर अपने जान माल की हिफाजत कर रहे हैं। कभी भी कोई बड़ी अनहोनी घटना होने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार उन लोगों ने वन विभाग के अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्या रख चुके हैं। ग्रामीणों ने कहा था कि गांव में जगह-जगह स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जाये ताकि ग्रामीणों को हाथियों को गांव में घुसने व उन्हें भगाने में मदद मिले। विभाग की ओर से कोई पहल नहीं की गई। ग्रामीणों ने वन विभाग से अविलंब गांव में स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की।

# जिले में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं, जरूरत है तराशने की : उपायुक्त

**» जिले में खेल संरचनाओं के विकास व ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने को लेकर निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खेल संचालन समिति की सोमवर को आयोजित बैठक में जिले में खेल संरचानाओं व ग्रामीण खेल प्रतिभाओ को निखाने को लेकर निर्देश दिया गया। बैठक में जिला खेल पदाधिकारी प्रिंस कुमार ने भारत माता भवन लातेहार का सौदर्यकरण, मरम्मति, अनुमंडल स्तरीय इंडोर स्टेडियम के लिए भूमि चिन्हित, इंडोर स्टेडियम (बैडमिंटन), लातेहार का सौंदर्यकरण व मरम्मत्ति का कार्य, आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र एथलेटिक्स (बालक) एसएसथी, लातेहार का छात्रवास भवन व रसोईघर का सौंदर्यकरण, मरम्मति का कार्य करने का प्रस्ताव दिया। इसके अलावा लातेहार जिला अंतर्गत सभी डे-बोर्डिंग आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों को खेल किट उपलब्ध कराने, प्रखंड स्तरीय स्टेडियम गारू, बालूमाथ, बरियातू व मनिका का सौंदर्यकरण, मरम्मति का कार्य, प्रखंड स्तरीय स्टेडियम लातेहार, हेरहंज, बरवाडीह, सरयू, चंदवा, महुआडांड़ का प्रस्ताव विभाग को भेजने का कार्य करने का भी प्रस्ताव दिया है। सेंट जोसेफ प्लस टू हाई स्कूल आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों हॉकी (बालक), लातेहार करने, आवासीय कीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का प्रस्ताव,(फुटबॉल प्रखंड स्तरीय स्टेडियम बारियातू, लातेहार (बालक), (बालिका), बैडमिंटन डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र लातेहार को आवासीय प्रशिक्षण केन्द्र में अपग्रेड करने, कबड्डी, फुटबॉल, बॉलीबॉल, कराटे खेल को प्रोत्साहित करने के लिए डे-बोर्डिंग कीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र खोलने, लातेहार जिला अन्तर्गत सभी आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्रों का साफ-सफाई के लिए 6 सफाई कर्मी का प्रस्ताव दिया है। साथ ही आवासीय प्रशिक्षण केन्द्रों के प्रशिक्षु खिलाड़ियों को मासिक चिकित्सा जांच करने का प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उपायुक्त व समिति के सदस्यों द्वारा प्राप्त सूची पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला स्तर पर खेल संरचना का विकास के लिए विभाग को प्रस्ताव बढ़ाने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिले में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें उचित मार्गदर्शन एवं आवश्यक सहयोग की, जिससे वह बड़े स्तर पर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर सकें। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल कमलेश कुमार, संबंधित अन्य उपस्थित थे।

## कुंए में तैरता मिला 11वीं की छात्रा का शव, हत्या की आशंका

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के समीप स्थित डेमटोला में सोमवार अहले सुबह एक कुंआ से 11वीं कक्षा की छात्रा का शव पानी में तैरते बरामद किया गया है। शव मिलने की सूचना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। घटना स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। पुलिस मौके पर पहुंच कर स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से शव को कुंए से बाहर निकाला। बरामद शव की पहचान डेमटोला निवासी उमेश साव की पुत्री तनु कुमारी (16) के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार उमेश साव माल्हन पंचायत के गनियारी प्रतापीटांड़ रहने वाले हैं और वह कुछ समय से अपने परिवार के साथ डेमटोला में रह रहे थे। घटना के संबंध में मृतका के पिता ने बताया कि उनकी बेटी 29 नवंबर की सुबह घर से निकली थी। काफी खोजबीन के बाद जब उसका कोई पता नहीं चलने पर उन्होंने स्थानीय पुलिस को जानकारी दी। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने इस संबंध में डेमटोला निवासी एक युवक से पूछताछ भी की है। घटना से आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने शव के साथ इंदिरा गांधी चौक पर सड़क को जाम कर दिया। जाम से एनएच 75 व एनएच 99 पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। परिजनों ने युवती की हत्या कर इसे आत्महत्या का रूप देने की आशंका जाहिर की है। परिजन प्रशासन से मामले का खुलासा जल्द करने व मुआवजा आदि की मांग कर रहे थे। करीब एक घंटे के बाद अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक व पुलिस इंस्पेक्टर रंधीर कुमार सिंह के आश्वासन के बाद जामकर्ता माने और सड़क जाम को खत्म किया। शव को अंत्यपरीक्षण के लिए लातेहार भेज पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# एसडीओ ने भारी मात्रा में फेंके गए खाली फूड पैकेटों को जब्त की

**नवीन मेल संवाददाता**

**पत्थलगडा (चतरा)।** जिले के विभिन्न प्रखंड़ों में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालीत आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों एवं महिलाओं के बीच वितरित होने वाले फूड सप्लीमेंट की जबरदस्त कालाबाजारी हो रही है। सोमवार को सोशल मीडिया में भारी मात्रा में एक साथ खाली फूड पैकेट फेंके जाने की सूचनाएं प्रसारित की गई। सिमरिया एसडीओ सह आईएएस सन्नी राज टीम के साथ पत्थलगड़ा प्रखंड पहुंचे। फेंके गए स्थल पर पहुंच कर बारीकी से जांच किया। उन्होंने बताया कि प्रखंड के नोनगांव पंचायत अंतर्गत बंदरचुवा व बरवाडीह पंचायत अंतर्गत सीतलपुर में काफी संख्या में सरकारी पौष्टिक आहार के खाली पैकेट सड़क के किनारे फेंका मिला है। इसकी जांच जिला स्तरीय टीम से कराई जायेगी। दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। बता दें कि लगभग पांच किलोमीटर के अंतराल में कई बोरिया में बंद व खुला फेंका हुआ पैकेट मिला है। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा आंगनबाड़ी सेवा योजना के अंतर्गत माइक्रोन्यूट्रिएंस, फोटीफाईड, फूड एनर्जी डेंस फूड का निःशुल्क वितरण के लिए पैकेट आंगनबाड़ी केंद्रों को सप्लाई किया जाता है। यह योजना झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही है। फेंके गए खाली पैकेट में फूड सप्लीमेंट का मैन्युफैक्चरिंग डेट 27.10.2024 और एक्सपायरी डेट 24.01.2025 अंकित है। पत्थलगडा बीडीओ कलिंद्र साहू व सीओ उदल राम ने बताया कि मामले को संज्ञान में लिया गया है। इतना सारा पैकेट कहां से आया इसकी जांच चल रही है।

# ग्रामीण साप्ताहिक बाजार के दिन दोपहर से शाम तक नो एंट्री लगाने की कर रहे मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** कोल वाहन के परिचालन से गिद्धौर मुख्य चौक पर लगने वाला साप्ताहिक बाजार में घंटो जाम लग जा रहा है। इस कारण बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। बताया जाता है कि ग्रामीण लंबे अरसे से साप्ताहिक बाजार के दिन दोपहर 1 बजे से शाम 7 बजे तक नो एंट्री लगाने की मांग करते आ रहे हैं। ग्रामीणों की मांग को अधिकारियों द्वारा अनसुनी कर दी जा रही है। यहां तक की निर्धारित गति सीमा से भी अधिक तेजी से कोल वाहन चालक गाड़ी चला रहे हैं। अधिकतर वाहनों का परिचालन नाबालिग चालकों द्वारा किया जा रहा है। सब कुछ जानते हुए भी परिवहन विभाग किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। यहां तक की अधिकतर कोल वाहन बगैर तिरपाल ढ़के चलाया जा रहा है। इस कारण कोयले के छोटे-छोटे टुकड़े सड़क पर गिरकर धूल कण में परिवर्तित हो जा रही है। इससे सड़क किनारे बसे ग्रामीणों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि समस्या का निदान नहीं हुआ तो प्रशासन के विरुद्ध आंदोलन करेंगे।

## अज्ञात वृद्ध महिला का शव बरामद

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमारो पंचायत के गेरुआगढ़ा जंगल में बंदर चुंवा नामक स्थान से पुलिस ने सोमवार को एक अधेड़ उम्र की महिला का शव बरामद किया है। उक्त स्थान पर शव होने की सूचना मिलते ही चंदवा पुलिस वहां पहुंच शव को अपने कब्जे में ले कर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है। खबर लिखे जाने तक मृतका की पहचान नहीं हो पाई थी।

## दोमुहान पुल के समीप पुलिस ने बालू से ढका शव बरामद किया

**मनिका।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 39 स्थित दोमुहान पुल के समीप अज्ञात पुरूष का शव सोमवार को मनिका पुलिस ने बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार दिन को ग्रामीणो ने दोमुहान पुल के समीप नदी मे बालू से ढ़का शव को देखा। ग्रामीणों ने तत्काल ही इसकी सूचना मनिका पुलिस को दिया। नदी में शव होने की सूचना पर थानेदार शशि कुमार सदलबल दोमुहान नदी पहंच कर बालू से ढंका शव को बाहर निकाल कर अपने कब्जे मे कर लिया। शव को देखने से प्रतीत होता है कि उक्त शव को एक सप्ताह पूर्व का दफनाया गया है। शव से दुर्गंध भी आ रही थी। इस बावत थानेदार शशि कुमार ने बताया कि बरामद शव के बॉडी पर चीरा लगाया हुआ है। ऐसा प्रतीत होता है की शव का पोस्टमार्टम किया है। हालांकि उक्त शव को नदी में किसके द्वारा दफनाया गया था पुलिस इसकी जांच कर रही है। पुलिस बरामद शव के हर पहलुओं पर बारीकी से जांच मे जुटी है। दोमुहान पुल के समीप नदी के बालू में शव पाये जाने की सूचना से ग्रामीणों मे तरह तरह की चर्चा हो रही है। मौके पर एएसआई मिसरा मांझी, जिला पुलिस के जवान, समाजसेवी अख्तर अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाए प्रशासन : विधायक



**लातेहार।** जिले में बढ़ रहे अपराधिक घटनाओं को लेकर लातेहार विधायक प्रकाश राम ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने वरीय अधिकारियों से मिलकर इसका समाधान के लिए चर्चा करने की बात सोमवार की कही है। विधायक ने कहा कि लोगों के अंदर भयमुक्त वातावरण स्थापित हो। इस दिशा में सभी को पहल करने की जरूरत है। अपराधियों को लातेहार में प्रश्रय किसी भी कीमत में नहीं मिलना चाहिए। उहोंने कहा कि युवा नशे में आकर कई घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इस पर रोकथाम बेहद जरूरी है। आम लोगों की सुरक्षा के लिए वह हर कदम उठाने को तैयार है।

### आंगनबाड़ी केंद्र में गर्म वस्त्र का वितरण

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के गांगपुर गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र भाग एक में सोमवार को बच्चों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। गर्म वस्त्र का वितरण वार्ड सदस्य सबीहा खातून द्वारा किया गया। बताया गया कि आंगनबाड़ी के 40 बच्चों के बीच दो-दो सेट में गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका साबरा खातून,सहायिका सुनैना सिन्हा,पोषण सखी नाजिया परवीन सहित आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे व अभिभावक उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी केंद्र पर स्वेटर का वितरण

**चंदवा।** प्रखंड के कामता पंचायत के चटुआग और भुषाढ़ आंगनबाड़ी केंद्र के नवनिहाल बच्चों के बीच कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, मुखिया नरेश भगत,सेविका मीना देवी,सेविका देवंती देवी के द्वारा सोमवार को संयुक्त रूप से स्वेटर का वितरण किया गया। ठंड व शीतलहरी के बीच केंद्र में बच्चे ठंड से काफी परेशान है। पक्का भवन होने के कारण बच्चों को ठंड सता रही है। बाल विकास परियोजना विभाग की ओर से बच्चों के बीच स्वेटर का उपलब्ध कराये जाने से ठंड से उन्हें काफी राहत मिलेगी। बच्चों को स्वेटर मिलने के बाद अभिभावकों ने भी राहत की सांस ली है। मौके पर पर सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर प्रसाद,सेविका मीना देवी,देवंती देवी, सहायिका प्रमिला देवी,सहायिका तारा देवी, प्रेम गंझू, रेखा देवी, बालमुनी देवी,सुमन कुमारी, सुरेश लोहरा, संजय ठाकुर, सुनीता देवी, अनिता देवी, प्रिया देवी, निशा देवी, नुतन किस्पोटा, सोनामनी देवी,स्वाति देवी, खुशबू देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

### कोयला लोड हाइवा पलटा, कोई हताहत नहीं

**बारियातू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बारिखाप स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप रांची-चतरा मुख्य सड़क एनएच 99 पर सोमवार सुबह कोयला लदे 112 चक्का हाइवा पलट गई। चालक उपचालक इस दुर्घटना में बाल-बाल बच गए। चालक दिनेश ने बताया कि केरेडारी थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडू कोल माइंस से कोयला लोड कर टोरी साइडिंग जा रहे थे। इस दौरान बारिखाप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप विपरीत दिशा से आ रही एक हवाई वाहन के लाईट से उसका आंख बंद हो जाने से सड़क के किनारे मिट्टी पर चढ़ जाने के कारण वाहन पलट गई। वाहन असंतुलित होता देख वह और उप चालक सिकंदर कुमार मुंडा, तड़प कर जान बचाया। चालक ने बताया कि वाहन हजारीबाग निवासी मंटू कुमार मेहता का है।

### सड़क दुर्घटना में बच्चे की मौत

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के बारियातु गांव के समीप रविवार की देर शाम एक अज्ञात बाइक के धक्का लगने से एक बच्चे की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार घायल बच्चे को बेहतर इलाज के लिए पहले चतरा ले जाया गया। वहां से बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। बच्चे की स्थिति गंभीर देखते हुए हजारीबाग से भी बच्चे को इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया। वहां पर इलाज के दौरान बच्चे की मौत हो गई। मृतक बच्चा बारियातु के मुकेश यादव के पुत्र नीरज कुमार(06)बताया जा रहा है। बताया जाता है कि रविवार देर शाम बच्चा अपने दादी के साथ सड़क पार कर रहा था। इस क्रम में चतरा की ओर से आ रहा है अज्ञात बाइक ने बच्चे को टक्कर मार दिया। रास्ता सुनसान होने का लाभ उठाकर बाइक चालक भागने में कामयाब रहा। बच्चों की मौत के बाद बारियातु गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### बीडीओ ने ली उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी

**सिमरिया (चतरा)।** उपायुक्त रमेश घोलप के निदेर्शानुसार सिमरिया प्रखंड में निवास करने वाले बिरहोर टोले का सर्वे किया जा रहा है। पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जन वितरण प्रणाली के विक्रेता,आंगनबाड़ी सेविका सभी इस सर्वे मे शामिल हैं। साथ ही संबंधित पंचायत के मुखिया भी उपस्थित रह रहे हैं। बिरहोरों को किन योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए और क्या अब तक मिल नहीं पाया है। योजनाओं से जोड़ने के लिए आवश्यक कागजात या प्रमाण पत्र कब तक बन सकेगा इसका आकलन किया जा रहा है। इस दौरान ग्राम पंचायत जिरवाखुर्द, कसारी और जबड़ा में प्रखंड विकास पदाधिकारी चन्द्र देव प्रसाद ने दौरा कर विरहोरों को मिलने वाली सुविधाओं व योजनाओं से अवगत हुए। साथ ही कसारी मुखिया एवं पंचायत सचिव को पेंशन, राशन आवास के साथ विरहोर बस्ती को सड़क से जोड़ने के लिए 15 वीं वित्त से पीसीसी एवं सामुदायिक शौचालय बनाने हेतु ग्राम सभा करते हुए योजना लेने का निर्देश दिया। जिरवाखुर्द में गुरूवार को विशेष कैंप का आयोजन कर निर्देश दिया गया और जबड़ा में सभी परिवारों का सर्वे रिपोर्ट अविलंब समर्पित करने को कहा गया है। मंगलवार को सभी मुखिया एवं पंचायत सचिव के साथ आयोजित होने वाली बैठक में प्राप्त सर्वे रिपोर्ट पर समीक्षा की जाएगी और रिपोर्ट उपायुक्त चतरा को भेजा जायेगा।

# सोलर जलमीनार खराब, ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**



**बारियातू।** प्रखंड के गाड़ी ग्राम स्थित महाबीर गंझू के घर के पास लगे सोलर जलमरनार हाथी का दांत साबित हो रहा है। नल जल योजना के तहत लगाए गए सोलर जलमीनार पिछले कई माह से खराब होने के कारण ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति ठप है। गाड़ी गांव के ग्रामीणों ने बताया कि महाबीर गंझू के घर के पास नल का जल योजना का निर्माण वर्ष 2023-24 पेयजल व स्वच्छता प्रमंडल लातेहार के तहत सोलर जलमीनार लगाया गया था। ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति के लिए घर-घर पेयजल आपूर्ति करने के उदेश्य से लाखों खर्च कर सोलर जलमीनार लगाया गया था। पेयजल के लिए कनेक्शन किए गए पाईप लाइन कम गड्ढे में बिछाया गया है। कई जगहों में पाईप फटे रहने के कारण आधा से अधिक पानी बह जा रहा था। पिछले कई माह से जलमीनार खराब रहने के कारण यहां के लोगों को सोलर जलमीनार का एक बून्द भी पानी नसीब नहीं हो रहा है। सरकार लाखों रुपए खर्च कर नल जल योजना के तहत लोगों को पेयजल आपूर्ति के लिए सोलर जलमीनार लगाया है, लेकिन संवेदक के मनमानी के कारण धरातल पर योजना खोखला साबित हो रहा है। लगातार नल जल योजना का खबर सुर्खियों मे है, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा अभी तक कोई संवेदक के उपर कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं। सरकारी योजना का लाभ सभी ग्रामीणों को देना था, परन्तु संवेदक लीपापोती कर काम किया है। जिससे यहां के ग्रामीणों को दैनिक कार्य में भारी असर पड़ रहा है। सोलर जलमीनार खराब रहने के कारण यहां के लोगों को इधर उधर से पानी की व्यवस्था करना पड़ रहा है और विभाग मौन है। ग्रामीणों ने पेयजल आपूर्ति कराने की गुहार लगाई है। साथ ही उपायुक्त से संवेदक पर अविलंब कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

## जिला समन्वय समिति की बैठक में विभागीय योजनाओं की समीक्षा

# कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए सामूहिक भागीदारी जरूरी : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की सोमवार को आयोजित बैठक में छात्रवृत्ति व पोशाक योजना, वन पट्टा, भू अर्जन, मुख्यमंत्री पशुधन योजना,मनरेगा के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, प्रधानमंत्री आवास, पशु शेड निर्माण, समाज कल्याण,आपूर्ति विभाग की समीक्षा की। उपायुक्त ने पदाधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर विकास योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिले में चल रही कल्याणकारी योजनाओं तथा विकास की योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा स्वीकृत सभी योजनाओं को ससमय धरातल पर उतारना संबंधित पदाधिकारियों का कर्तव्य है। किसी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पोशाक व छात्रवृत्ति योजना से छात्रों को ससमय लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं के अंतर्गत शेष बचे लंबित आवेदनों का निष्पादन जल्द करें। जिले के प्रत्येक स्कूलों में बच्चों का ड्रेस, पानी, शौचालय के साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना, बाबा साहेब आंबेडकर आवास योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को लंबित आवासों को शीघ्र पूरा करने और शेष योग लाभुकों को स्वीकृति देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने केसीसी ऋण, पशु शेड निर्माण योजना के कार्य की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की समीक्षा कर लक्ष्य के अनुरूप लाभुको को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने यूडीआईडी कार्ड की समीक्षा कर लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों को लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान उपायुक्त द्वारा विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए सभी पात्र लाभुकों को लाभान्वित करने व समस्याओं के निराकरण का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि जिला में स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि व शिक्षा के क्षेत्र में विकासशील कार्य किये जाएं। इसमें सभी पदाधिकारी अपने स्तर से गुणवत्तापूर्ण कार्य करना सुनिश्चित करें। विकास योजनाओं की समीक्षा के क्रम में मनरेगा अन्तर्गत कार्य करने वाले मजदूरों का बकाया राशि का भुगतान, प्रधानमंत्री आवास, अंबेडकर आवास, बिरसा हरित ग्राम योजना, पोटो हो खेल मैदान, पशुधन विकास योजना, पेंशन, राशन, आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त सेविका,सहायिका के पदों पर भर्ती, भूमि मामले में लंबित मुआवजा, भुगतान सहित अन्य सभी विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन अवधेश कुमार सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी विधि शाखा, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### दो बाइक की टक्कर में चार लोग घायल

**भंडरा।** रांची-लोहरदगा मुख्य पथ के कचमची गांव के समीप सोमवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिससे दोनों बाइक पर सवार चार लोग घायल हो गए, सभी घायलों का इलाज भंडरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। घायलों में भरनो थाना क्षेत्र के अमलिया गांव निवासी अनीश उरांव, संदीप उरांव, वहीं दूसरी बाइक सवार डुमरी गांव निवासी विशाल उरांव व चंद्रेश उरांव शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को अनीश व संदीप बाइक से भंडरा से अमलिया जा रहे थे। जबकि विशाल व चंद्रेश चट्टी से सड़क के रास्ते अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान उक्त पथ स्थित कचमची गांव के समीप दोनों बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गई।

### सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

**भंडरा।** भंडरा पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों की पहचान धनामुजी गांव निवासी विपिन कुमार सिंह व राजू उरांव के रूप में किया गया है। इस संदर्भ में भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि विगत 20 सितंबर की शाम भंडरा थाना क्षेत्र के मुरली तालाब के समीप पझरी पहाड़ घूमने आई नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना घटित हुई थी। इसके बाद नाबालिग पीड़िता द्वारा भंडरा थाना में कांड संख्या 59/2024 दर्ज कराया गया था। जिसपर अग्रतर कार्रवाई व इंटरनेट मीडिया की मदद से दो आरोपितों को भंडरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिसमें धनामुजी गांव निवासी विपिन कुमार सिंह की गिरफ्तारी चट्टी पिकेट के समीप से हुई। जबकि दूसरा आरोपित धनामुजी गांव निवासी बरतु उरांव के पुत्र राजू उरांव की गिरफ्तारी धनामुजी स्थित घर से हुई है। दोनों आरोपितों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

मनरेगा योजनाओं को सफल बनाने के लिए दिया गया प्रशिक्षण

# मनरेगा से होने वाले लाभ से लोगों को कराया अवगत



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** प्रखंड मुख्यालय के बीपीआरसी भवन मे सोमवार को डिजिटल पंचायत में मनरेगा की योजनाओं को सफल क्रियान्वयन को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण में भंडरा व कैरो के मुखिया, ग्राम पंचायत सचिव एवं पंचायत स्तरीय तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हुए। प्रशिक्षण की शुरूआत राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर सेबेस्टियन सोरेन, बीडीओ प्रतिमा कुमारी , प्रखंड समन्वयक मनीष अग्रवाल व मुखिया परमेश्वर महली ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । प्रशिक्षण में बताया कि प्रशिक्षण कुल 12 सत्रों में दिया जायेगा। मास्टर ट्रेनर ने प्रथम सत्र में मनरेगा की मुख्य बातें क्या है, मनरेगा की आवश्यकता क्यों पड़ी। मनरेगा से संभावित लाभ, काम पाने की प्रक्रिया व जॉब कार्ड संबंधित में जानकारी दी। इसके अलावा काम एवं बेरोजगारी भत्ता के लाभ लेने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत रूप से बताया। वहीं दूसरे सत्र में पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम मनरेगा पोर्टल व पंजीकरण के संबंध में जानकारी दी गयी। तीसरे सत्र में पंचायतवार तीन-तीन का समूह बनाते हुए प्रतिभागियों की ओर से पंचायत स्तर लॉगइन पोर्टल के लिए आइडी एव पासवर्ड का उपयोग करते हुए मनरेगा पोर्टल पर लॉगइन कर पोर्टल के बारे में जानकारी दी।इस मौके पर मुखिया सुमित उरांव, ममता कुमारी, सुमन्ति तिग्गा, धनेश्वरी उरांव, टेले उरांव, कइली उरांव,पंचायत सचिव तिवारी उरांव, महिपाल उरांव, आशीष कुजूर, अलोक भगत, अजय भगत, रेखा कुजूर तकनीकी विशेषज्ञ मंटू तिवारी, सरोज राम, मुन्ना ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

महिला किसानों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

# उद्यान विभाग का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना : राकेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** प्रखंड के भौंरो मोड़ स्थित सीएलएफ भवन में सोमवार को उद्यान विभाग द्वारा महिला किसानों के बीच चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। जिसमें जेएसएलपीएस से जुड़ी 65 महिला समूह सदस्यों के बीच उद्यान विभाग के अधिकारियों द्वारा कृषि किट के स्वरुप कुदाल, बैग, नोट पैड सहित कृषि संबंधित सामग्री देकर बेहतर पैदावार को लेकर जानकारी दिया गया। मौके पर उद्यान विभाग से पहुंचे प्रशिक्षक राकेश कुमार ने कहा कि उद्यान विभाग का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। इसके लिए उन्हें खेती के क्षेत्र में आगे लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस के साथ उद्यान विभाग महिला समूह सदस्यों को जैविक खेती, फसल लगाने की विधि, आधुनिक खेती पद्धति, सूक्ष्म सिंचाई, फसल में लगे कीड़ों से छुटकारा सहित कई बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर जेएसएलपीएस के बीपीएम अभिलाष कुमारी ने कहा कि जेएसएलपीएस संस्था का उद्देश्य प्रखंड क्षेत्र की महिलाओं को सशक्त करना है। उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है। महिला किसानों को बेहतर पैदावार कर उन्हें स्वालंबन की राह पर चलने को लेकर प्रेरित किया जा रहा है। मौके पर एग्रोटेक प्रोड्यूसर फिरोज अहमद, जेएसएलपीएस के भारत राम, आत्मा के रोबिन कुमार राम सहित काफी संख्या में महिला किसान मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किशोर व किशोरियों को दिया गया प्रशिक्षण



**सेन्हा (लोहरदगा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सहिया व साथिया तथा किशोर-किशोरियों को छह दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। आयोजित प्रशिक्षण में प्रशिक्षक लीलावती देवी, नौमी खाखा, दिव्या किरण, तिलोत्तमा कुमारी, लीलावती कुमारी द्वारा संयुक्त रुप से दिया गया। प्रशिक्षण के क्रम में किशोर किशोरियों को जानकारी देते हुए बताया गया कि स्वास्थ्य, पारस्परिक संबंध, भवनात्मक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य, मूल्य और जिम्मेदार नागरिकता, जेंडर व लिंग, पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता, मादक पदार्थ की रोक थाम का प्रबंधन, स्वास्थ्य जीवन शैली, प्रजनन क्षमता और एचआइवी का रोक थाम, हिंसा और चोट के खिलाफ सुरक्षा तथा इन्टरनेट और सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देना सहित विभिन्न बिंदुओं के बारे में बताया गया। साथ ही सहिया व साथिया को मानसिक,भवनात्मक और कल्याण के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया। वही प्रशिक्षण के उपरान्त किशोर किशोरियों से रोलप्ले व गेम के माध्यम से जानकारी लिया गया। मौके पर पार्वती देवी, मरियम केरकेट्टा, गांधारी देवी, रेखा देवी, आरती कुमारी, प्रमिला खेस, सोमारी देवी, अनिता उरांव सहित अन्य सहिया,साथिया और किशोर किशोरी उपस्थित थे।

### अपनों ने ही आजसू की लुटिया डूबोयी : राजू



**लोहरदगा।** आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता ने कहा कि विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी को लोहरदगा की मतदाताओं का भरपूर प्यार मिला परंतु अपनों ने ही पार्टी की लुटिया डूबो दी । अंतिम समय में आजसू के कई वरिष्ठ नेता कॉरपोरेट घराने के हाथों बिक गए। पार्टी जीती हुई बाजी हार गई। राजू गुप्ता ने कहा कि आश्चर्य तो इस बात की है कि जिन लोगों को पार्टी ने बहुत सम्मान दिया, पद और पहचान दिया उन्हें चंद पैसों की खातिर पार्टी और पार्टी प्रत्याशी के साथ भीतरघात करने में लज्जा तक नहीं आई। कुछ लोग तो पार्टी को हराने के लिए ही दूसरों के इशारे पर ठीक चुनाव के समय सुनियोजित ढंग से आजसू पार्टी में आए थे और पार्टी सुप्रीमो को विश्वास में लेकर चुनाव के समय महत्वपूर्ण जिम्मेवारी भी ले लिए। वे अंतिम दौर में आजसू प्रत्याशी नीरू शांति भगत के साथ दगाबाजी कर अपने आका को खुश करने में कामयाब रहे। राजू गुप्ता ने कहा कि आजसू पार्टी की प्रत्याशी नीरू शांति भगत चुनाव भले ही हारी है परंतु हिम्मत नहीं हारी है। वह पहले की तरह नई ऊर्जा और नई टीम के साथ जनता के बीच जाएगी और उनकी समस्याओं से रूबरू होकर समाधान का निरंतर प्रयास जारी रखेगी। उनके जीवन का एकमात्र उद्देश्य लोहरदगा की जनता की सेवा और अपने पति लोहरदगा क्षेत्र के लोकप्रिय पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के सपनों को पूरा करना है।

### 12 स्कूलों में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 4 को

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड के 12 स्कूलों में चार दिसंबर को परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण होना है। साथ ही चार से ही पूरे प्रखंड में शिशु पंजी सर्वे का काम आरंभ होगा। एलबीएस हाई स्कूल के सभागार में सोमवार को आयोजित गुरु गोष्ठी में उक्त जानकारी बीईईओ जयनाथ महतो ने शिक्षकों को दी। उन्होंने बताया कि परख के तहत कक्षा तीन, छह और नौ के अधिकतम तीस-तीस छात्र छात्राओं का सर्वेक्षण होगा। एमएस भौरो, भंडरा, एनपीएस सोरंदा पतरा टोली, धोबाली और संत लॉरेंस में कक्षा तीन। एमएस बेदाल, एचएस अकाशी, बिटपी और संत लॉरेंस में कक्षा छह। एचएस चट्टी, मसमानो और लाल बहादुर शास्त्री में कक्षा नौ का सर्वेक्षण होगा। उन्होंने शिशु पंजी से संबंधित जानकारी देते हुए शिक्षकों से कहा कि शिशु पंजी सर्वे चार दिसंबर से चार जनवरी तक किया जाएगा। डोर टू डोर होने वाले इस सर्वे में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बीपीओ ने प्रधानाध्यापकों के साथ की बैठक

# मैट्रिक व इंटर के परीक्षार्थियों का टेस्ट लिया जायेगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में शिक्षा विभाग की बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक के साथ बैठक की। बैठक में पोशाक वितरण, मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना, साइकिल वितरण, ई कल्याण, यू डायस, टीचर मॉड्यूल, प्रोफाइल फैसिलिटी,आठवीं बोर्ड, मैट्रिक बोर्ड व इंटर परीक्षार्थियों की तैयारी सहित अन्य कई बिंदुओं पर जानकारी दी गई। इसी क्रम में बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने कहा कि वर्ग 1 और 2 का पोशाक का पैसा खाते में दिया जायेगा। वहीं वर्ग 3 से 8 एवं वर्ग 9 से 12 का पोशाक दिया जाएगा। साइकिल का वितरण सामान्य बच्चों के बीच में भी होना है। आठवीं बोर्ड, मैट्रिक बोर्ड , इंटर परीक्षाओं की तैयारी पर प्री टेस्ट करना सुनिश्चित करने की बात कही गयी ताकि बच्चे बेहतर कर सकें। मौके पर एचएम मनोज तिवारी, संजय सिंह, सदय प्रताप जायसवाल, अजय प्रजापति, रोहित खेश, पारस कुमार महतो, महावीर महतो, अनिमा रानी टोप्पो सहित अन्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

घरेलू हिंसा के प्रति जागरूकता अभियान चला, बोले सीडीपीओ

# महिलाओं के साथ अभद्रता घोर अपराध की श्रेणी में आता है



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुड़ू/लोहरदगा।** महिला हिंसा के खिलाफ सोमवार को बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सानिया मंजुल के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान प्रखंड के गांधी मेमोरियल टेन प्लस टू उच्च विद्यालय माराडीह में आयोजित किया गया। जागरूकता अभियान में स्कूली छात्राओं के साथ-साथ आसपास की महिलाएं शामिल हुए। सीडीपीओ सानिया मंजुल ने बताया कि महिला हिंसा को लेकर एक साथ एक आवाज महिला हिंसा के खिलाफ थीम पर आधारित जागरूकता अभियान में विद्यालय की छात्राओं तथा महिलाओं को बताया गया कि महिलाओं, छात्राओं, किशोरियों के साथ मारपीट, महिलाओं को धमकाना तथा ब्लैकमेल करने के खिलाफ, महिलाओं, छात्राओं का पीछा करना, तीरछी नजरों से घुरना, छात्राओं को देखकर अपशब्द या कॉमेंट करना, महिलाओं तथा छात्राओं को गलत तरीके से छुना या जकड़ना, जबरन यौन उत्पीडन करना, शरीर के संबंध में शर्मिंदा करना, गाली देना, बेइज्जती करना या अपमानित करना सहित महिलाओं, युवतियों व छात्राओं को परेशान करना घोर अपराध की श्रेणी में आता है, साथ ही दंडनीय अपराध है। ऐसा होने पर किशोरियों, युवतियों तथा महिलाएं एकजुट होकर आवाज उठाएं। दोषियों को पुलिस प्रशासन, प्रखंड प्रशासन तथा जिला प्रशासन कठोर सजा देगा। जागरूकता अभियान में बाल विकास विभाग से सीडीपीओ सानिया मंजुल प्रवेक्षिका सुलक्षणा टुडू विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा अन्य शामिल थे।

### मशरूम की खेती और मधुमक्खी पालन से किसान होंगे आत्मनिर्भर : बिरसा लोहरा

**घाघरा (गुमला)।** प्रखंड के मनातु गांव में सोमवार को स्वयंसेवी संस्था प्रदान के मार्गदर्शन में मशरूम खेती और मधुमक्खी पालन का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में रेंज फॉरेस्ट अधिकारी बिरसा लोहरा एवं फोरेस्टर शेखर सिंह ने मनातु गांव के 50 किसानों के बीच 45 बैग मशरूम वितरण किया गया। 25 किसानों को मधुमक्खी पालन के लिये कीट वितरण किया गया । मौके पर बिरसा लोहरा ने कहा कि मशरूम की खेती और मधुमक्खी पालन से किसानों को जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। साथ ही एफपीओ द्वारा संचालित बाजार व्यवस्था को भी समझाया गया।

### राज्य स्तरीय कला उत्सव में भाग लेने के लिए लोहदगा जिला की टीम हुई रवाना

**लोहरदगा।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा राज्य स्तरीय कला उत्सव का आयोजन झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् रातू में 3-4 दिसंबर को किया गया है। उक्त कार्यक्रम में भाग लेने के लिए लोहरदगा जिला से छह विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कुल 11 प्रतिभागी समाहरणालय परिसर से रवाना हुए। पीएमश्री रा. उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी, संगीता कुमारी साहू (शिक्षिका केजीबीवी भंडरा) सोनाली सिकदर(शिक्षिका जेबीएवी पेशरार) के नेतृत्व में प्रतिभागियों के समूह को जिला शिक्षा पदाधिकारी लोहरदगा नीलम आईलिन टोप्पो ने शुभाशिर्वाद एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विदा किया। जिला का नेतृत्व जनजातीय समूह गीत गायन में सुनेहा कुमारी, अंशु कुजूर, अनुप्रिया उरांव, रंजीता कुमारी, नेहा उरांव सभी केजीबीवी भंडरा, संगीत वादन - रामप्रसाद उरांव एवं शिवा राम (+नंदलाल हाई स्कूल अरू) शास्त्रीय नृत्य आंचल कुमारी केजीबीवी सेन्हा, थिएटर मोनो एक्ट आजादी प्रवीन केजीबीवी सेन्हा, दृश्यकला द्विआयामी चित्रकला रिया कुमारी जेबीएवी पेशरार, पारंपरिक कहानी वाचन में करीना उरांव रा. बालिका उच्च विद्यालय लोहरदगा कर रही हैं।

### विश्व एड्स दिवस 'सही मार्ग अपनाएं, मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार' थीम पर जागरूकता रैली व सेंसिटाइजेशन प्रोग्राम



**लोहरदगा।** झारखंड सेवा मंडल के सौजन्य से सदर अस्पताल लोहरदगा के परिसर से जागरूकता रैली निकाला गया। जिसमें कार्यक्रम का संचालन परियोजना प्रबंधक अमृता कुमारी के द्वारा किया गया जिसमें मुख्य रूप से गिरिवर शिशु सदन विद्यालय के 10 वीं कक्षा के छात्र तथा शिक्षक गण एवं सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ, शंभूनाथ चौधरी के द्वारा हरी झंडी दिखा कर रैली का शुभारंभ किया गया। जिसमें डीटीओ, डीपीएम, आईडीएसपी, एसटीआई, आईसीटीसी, तथा झारखंड सेवा मंडल के सभी कर्मियों ने भाग लिया। सेंसिटाइजेशन प्रोग्राम में जिला के यक्ष्मा पदाधिकारी डी. एन. सिंह के द्वारा एचआईवी तथा टीबी से सुरक्षा और बचाव के संबंध में जानकारी दी गई डॉ. अर्चना प्रसाद आई.सी.टी.सी काउंसलर के द्वारा भी सभी को जागरूक किया गया तथा जे.एस.एम के पी.एम अमृता कुमारी एवं एम.एंड.ई आकाश प्रजापति द्वारा एचआईवी के फैलने के कारण तथा बचाव के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। और कहा गया इस वर्ष की थीम है *सही मार्ग अपनाए, मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार* पर आधारित है। उन्होंने कहा समाज में एच. आई.वी पीड़ितों के प्रति भेदभाव को खत्म करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों के प्रति सही सोच विकसित करने और एच. आई.वी को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने का संदेश दिया गया।


## कार्यालय हस्तशिल्प-संसाधन-सह-विकास केन्द्र, पलामू

**प्रेस विज्ञाप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सरकार के अपर सचिव, उद्योग विभाग,झारखण्ड,रॉची के स्वीकृत आदेश संख्या 38 दिनांक 06.08.2024 के आलोक मे एक ट्रेड यथा–चर्म एवं कृत्रिम चर्म क्राफ्ट हे 30 प्रशिक्षणार्थियों को 50 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्ति हेतु इच्छुक प्रशिक्षणर्थी से आर्टिजन कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ के साथ अवेदन आमंत्रित किया जाता है। चर्म एवं कृत्रिम चर्म क्राफ्ट से सफल कार्यान्वन हेतु योजना निर्धारित मानदेय पर एक – एक कलस्टर को – ऑडिनेटर, मास्टर ट्रेनर की आवश्यकता है।

अतः संबंधित ट्रेड के लिए प्रशिक्षण देने हेतु इच्छुक प्रशिक्षक कोऑर्डिनेटर एवं मास्टर ट्रेनर अपना बायोडाटा , अनुभव प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक के साथ कार्यालय हस्तशिल्प संसाधन– सह– विकास केन्द्र, पलामू मे दिनांक 5.12.2024 तक किसी भी कार्यदिवस मे कार्यालय कार्य अवधि तक जमा कर सकते है।

प्रशिक्षण समाप्ति के उपरान्त नियुक्ति हेतु दावा स्वीकार्य नही होगा, यह पूर्णतः अल्पकालीन एवं अस्थायी है। इस कार्य हेतु कोई यात्रा भत्ता देय नही होगा। विशेष जानकारी के लिए कार्यालय मे संपर्क किया जा सकता है।

महाप्रबंधक
जिला उद्योग केन्द्र,पलामू

PR 340978 District(24-25).D


# महिला कॉलेज में विश्व एड्स दिवस का आयोजन, डॉ आईलिन ने कहा

# एचआईवी पीड़ित का अधिकार है कि उसे सही ट्रीटमेंट मिले

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी लोहरदगा इकाई के तत्वावधान में स्थानीय मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला इंटर कॉलेज के प्रांगण में विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ गणेश प्रसाद, उसुर्ला हॉस्पिटल के चिकित्सक एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की पूर्व सचिव डॉक्टर सिस्टर आईलिन, सचिव अरुण राम, मधुसूदन लाल महिला कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर स्नेह कुमार के द्वारा किया गया। सोसाइटी के चेयरमैन डॉ गणेश प्रसाद ने कहा कि एक्वायर्ड इम्यूनोडेफि शिएंसी सिंड्रोम। यह एक गंभीर बीमारी है जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को नुकसान पहुंचाती है। एड्स, एचआईवी (ह्यूमन इम्यूनोडेफि शिएंसी वायरस) संक्रमण का आखिरी चरण होता है। एचआईवी से संक्रमित हर व्यक्ति को एड्स नहीं होता एड्स होने में संक्रमित व्यक्ति को 5 से 10 वर्ष भी लग सकता है। एचआईवी, रेट्रोवायरस परिवार का एक उपसमूह है जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली की सीडी4 कोशिकाओं पर हमला करता है, और उन्हें नष्ट कर देता है। एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के शरीर के तरल पदार्थों से फैलता है, जैसे कि रक्त, वीर्य, और योनि द्रव। एचआईवी को एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी (एआरटी) से रोका और इलाज किया जा सकता है। एचआईवी संक्रमण के बाद, ज्यादातर मामलों में 2-6 हफ़्तों में फ़्लू जैसे लक्षण दिखते हैं। एचआईवी संक्रमित व्यक्ति को अन्य संक्रामक रोगों और बीमारियों का खतरा रहता है। डॉक्टर सिस्टर आईलिन ने कहा कि वर्ल्ड एड्स डे की साल 2024 का थीम है टेक द राइट पथ-माई हेल्थ, माई राइट। ये थीम बताती है कि हर एचआईवी से पीड़ित इंसान का अधिकार है कि उसे सही ट्रीटमेंट, केयर, सर्विस और बचाव का तरीका मिले। आज एड्स का कोई मेडिसिन नहीं है लेकिन बचाव ही इसका एकमात्र रास्ता है। आप अपने जीवन में संयम रखें अपने संस्कारों का पालन करें। जागरूक रहे तो इस बीमारी से बचा जा सकता है। सचिव अरुण राम ने बताया कि वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन और यूएनएआईडीएस की मदद से पहली बार 1988 में इस दिन विश्व एड्स दिवस मनाया गया था। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के दो पब्लिक इनफॉर्मेशन ऑफिसर जेम्स डब्ल्यू बन और थॉमस नेटर ने इस दिन को मनाने कॉन्सेप्ट दिया था। जिससे बीमारी से मर रहे लोगों के सम्मान में और लोगों के बीच ज्यादा जागरुकता फैलाने के लिए वर्ल्ड एड्स डे की शुरूआत हुई। कार्यक्रम में एक प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया जिसमें सफल प्रतिभागी नेहा यादव, रितिका कुमारी, जिया कुमारी ठाकुर, प्रीति कुमारी, अमीषा कच्छप को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर गणेश प्रसाद, डॉक्टर सिस्टर आईलिन, अरुण राम, प्रोफेसर स्नेह कुमार, राहुल कुमार, ब्रजकिशोर बड़ाईक, अवध किशोर मिश्रा, शशि कुमारी, नीति भारती, लाल सतीश कुमार नाथ शाहदेव ,आलोक कुमार, मनीष कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### मंईयां सम्मान योजना की किस्त के लिए बीडीओ से मिली महिलाएं

**सेन्हा (लोहरदगा)।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की किस्त नही आने पर महिलाएं गोलबंद हो कर प्रखंड विकास पदाधिकारी को अवगत कराते हुए निदान करने का गुहार लगाया। उक्त मामला सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम में देखने को मिला। सोमवार को दर्जनों महिलाएं गोलबंद हो प्रखंड मुख्यालय पहुंच कर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू को आवेदन दे अवगत कराया। वहीं बताया कि मंईयां सम्मान योजना का पैसा पूर्व में किसी को दो किस्त किसी को तीन किस्त कुछ लोगो को चौथा किस्त भी डाला गया है। परन्तु बहुत ऐसे महिलाएं हैं जिनका एक भी किस्त नही डाला गया है। जिनका दो किस्त डाला गया है। उनके खाते में पैसा नही आ रहा है। महिलाओं ने कहा कि चार दिन से हम सभी महिलाएं घरेलू कार्य छोड़ कर बैंक व ब्लॉक दौड़ रहें है।परंतु संतोषजनक बात नही बताया जा रहा है। बैंक में जाने पर खाता को आधार से जोड़ने की बात कहा जाता है।प्रखंड जाने पर कहा जाता है की जिस महिला नाम लिस्ट में होगा उसी को लाभ दिया जायेगा। आक्रोशित महिलाओं द्वारा सोमवार को प्रखंड मुख्यालय पहुंच मंईयां सम्मान योजना का लाभ से वंचित क्यों किया जा रहा है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज

अल्पकालीन आमंत्रण सूचना सं0 – 02/2024–25)

**PR (Road) 2015-16**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज।
2. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक–**17.12.2024** को 3:00 बजे अपराहन तक
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक–**18.12-2024** को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–**18.12.2024** 3.30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री का स्थान :– (1) **मुख्य अभियंता (यातायात)** का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड राँची, अभियंत्रण छात्रावास प्रथम तल्ला धुर्वा, राँची। (2) **आरक्षी अधीक्षक**, पलामू के कार्यालय परिसर में अधीक्षण अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ अंचल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा। (3) **आरक्षी अधीक्षक**, पलामू के कार्यालय परिसर में कार्यपालक अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान :– क्रमांक 5 (पांच) में उल्लेखित कार्यालयो में निर्धारित स्थानों पर।
7. **कार्य का विवरण :–**

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | (A) RCC Guard Wall in Hutar-Chainpur Road at Chainge- 4.100 Km & Filling of Shoulder (B) MS Railing in Hutar-Chinpur Road Bridge at Chainage- 22.5 & 30.5 Km (Near Chainpur & Chando Village) (C) Reparing & Painting of RCC Railing of Koyal River Bridge under Vivekadhin for the year 2024-25 | 10,53,284.00 | 21,100.00 | 2,500.00 | 01 Month |
| 2 | Ordinary Repair of Satbarwa (Lahlahe More) Lesliganj Panki Road (Length- 11.685 km) Under Vivekadhin for the year 2024-25 | 10,57,497.00 | 21,500.00 | 2,500.00 | 01 Month |

नोटः– (1) निविदा आमंत्रण सूचना एवं निविदा की शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
(2) निर्धारित निविदा तिथि को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने पर निविदा आमंत्रण की तिथि अगले कार्य दिवस को होगी।
(3) प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है।

**कार्यपालक अभियंता**
पथ निर्माण विभाग
पथ प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 340925 Road (24-25)_D

## एक नजर

### विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाया नवाचार का जज्बा

**गुमला।** गुमला के घाघरा स्थित मोंटेसरी पैराडाइज एकेडमी में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में हर वर्ग के बच्चों ने वायुमंडल, मिसाइल, फायर अलार्म समेत कई विषयों पर अपने अनूठे और रचनात्मक मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रबंधक संजय भगत ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से विद्यालय में समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी से बच्चों को नई सोच और ऊर्जा मिलेगी, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। इस आयोजन में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी भागीदारी की और बच्चों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम ने बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने और विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने का अवसर प्रदान किया।

### मकर संक्रांति मेला को लेकर हुई बैठक

**गुमला।** रायडीह प्रखंड के कोब्जा स्थित प्रसिद्ध श्री हीरादह धाम में मकर संक्रांति मेला व श्री राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। इस आयोजन को लेकर हीरादह धाम समिति ने बैठक आयोजित की, जिसकी अध्यक्षता धाम समिति के अध्यक्ष गणेश सिंह (गुड्डु) ने किया। बैठक में समिति के मुख्य सचिव अशोक सिंह, सह सचिव लक्ष्मण सिंह, सह सचिव शिवशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष सुखराम उरांव, लेखापाल विश्वनाथ सिंह, वरिष्ठ कार्यकर्ता हरिनारायण सिंह, खंड समिति प्रभारी सुदामा सिंह और भुखन सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक में मकर संक्रांति मेला के आयोजन को लेकर अंतिम तैयारियों और कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

### बॉक्साइट माइंस रैयत मजदूर समिति की बैठक आज

**गुमला।** बॉक्साइट माइन्स रैयत मजदूर समिति की बैठक मंगलवार को बिशुनपुर में आयोजित होगी। बैठक संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी और झारखंड नवनिर्माण दल की संयुक्त बैठक में लिए गए निर्णयों के आधार पर बुलाई गई है। बैठक का उद्देश्य संगठन का विस्तार और मजबूती के लिए रणनीति बनाना है। समिति ने घोषणा की है कि जनवरी 2025 में गुमला और लोहरदगा जिले के माइंस प्रभावित क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसके लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट करने और तैयारी शुरू करने के निर्देश दिया गया है।

### चोरों ने की चार मवेशियों की चोरी

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के अंबोआ पंचायत स्थित कलहु डेरा गांव में अज्ञात चोरों ने एक गरीब किसान परिवार के चार मवेशियों की चोरी कर ली। ठुरकी खड़ियाइन ने गुमला थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उन्होंने खेती-किसानी के लिए अपने घर के आंगन में एक भैंस और तीन भैंसा बांध कर रखे थे। सुबह उठने पर सभी मवेशी गायब मिले। चोरी की आशंका के बाद उन्होंने आसपास के क्षेत्रों में मवेशियों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

### तस्कर मृत मवेशी को फेंक देते हैं सड़क पर

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के वृंदा पंचायत के झारखंड डीपा मोड के पास मवेशी तस्करों ने बीती रात एक मृत मवेशी को सड़क के किनारे फेंक दिया। मृत मवेशी को फेंके जाने की सूचना मिलते ही समाजसेवी पवन कुमार साहू घटना स्थल पर पहुंचे और पंचायत के मुखिया सत्यवती देवी को सूचित किया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मुखिया सत्यवती देवी ने अपने खर्चे पर जेसीबी वाहन बुलवाकर मृत मवेशी को दफनाने की व्यवस्था की। इस कार्य में समाजसेवी बसंत लोहरा और दिलीप गोप ने भी मदद की।

उपायुक्त ने विद्यालय का किया औचक निरीक्षण, कहा

# 10वीं व 12वीं की परीक्षा के परिणाम शत प्रतिशत सुनिश्चित हों : कर्ण सत्यार्थी

- *शिक्षकों को शैक्षणिक स्तर में सुधार लाने का दिया निर्देश*



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सोमवार को गुमला प्रखंड स्थित राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय टोटो का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और 'शिक्षा कर भेंट' अभियान के तहत किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विद्यालय में शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए लगभग दो घंटे से अधिक समय बिताया, जिससे छात्रों को प्रेरणा मिली और उनकी पढ़ाई के प्रति उत्साह बढ़ा। उपायुक्त ने विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षण प्रक्रिया, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास, मैट्रिक बोर्ड, प्री-बोर्ड, ई-विद्या वाहिनी, विज्ञान प्रयोगशाला, और कम्प्यूटर क्लास जैसी सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान, उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित करने और मेहनत से अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही, 10वीं, 11वीं और 12वीं के विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों के साथ गणित, विज्ञान, कुडुख और भौतिकी की क्लास ली, जिससे विद्यार्थियों में नया उत्साह और प्रेरणा जगी।


उपायुक्त ने शिक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि 10वीं और 12वीं की परीक्षा के परिणाम शत-प्रतिशत सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इन परीक्षाओं के बेहतर परिणाम को लेकर पूरी तरह गंभीर है और इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही, उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों के बीच पिछले वर्षों के प्रश्न पत्र का अभ्यास कराए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

जिला प्रशासन शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी और विद्यालय के सभी शिक्षक भी उपस्थित थे।

सिसई विधायक जीगा सुसारन होरो ने निकाली आभार यात्रा, कहा

## यह विजय मेरी नहीं, क्षेत्र की जनता की है

- *जनता ने किया जोरदार स्वागत*



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** सिसई विधानसभा सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रत्याशी जीगा सुसारन होरो ने सोमवार को अपनी लगातार दूसरी जीत पर आभार यात्रा निकाला। यह यात्रा जीता पतरा से शुरू होकर सिसई के मेन रोड, ब्लॉक चौक, बस स्टैंड होते हुए थाना रोड तक गई, जहां भारी संख्या में समर्थक शामिल हुए। यात्रा में गाजे-बाजे और धूमधाम के साथ समर्थक झूमते-गाते हुए चल रहे थे।

यात्रा के दौरान लोगों ने विधायक जीगा सुसारन होरो का जगह-जगह माला पहनाकर और रंग-अबीर लगाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। समर्थकों ने खुशी के इस मौके पर जमकर आतिशबाजी की और एक दूसरे को गुलाल लगाकर उत्सव का माहौल बना लिया। डीजे की धुन पर कार्यकर्ताओं ने थिरकते हुए विजय का जश्न मनाया। विधायक जीगा सुसारन होरो ने कार की छत से हाथ जोड़कर और हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन किया और आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह विजय केवल मेरी नहीं है, यह जीत हमारी क्षेत्र की जनता के विश्वास और एकता का है। मैं हमेशा जनता के भरोसे को मजबूत करूंगा और क्षेत्र के हर कोने में विकास, प्रगति और समृद्धि लाने के लिए काम करूंगा। आभार यात्रा में जीगा सुसारन होरो के साथ कांग्रेस और झामुमो के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे। प्रमुख कार्यकर्ताओं में रहमत खान, उमर फारुख अंसारी, राजा अंसारी, प्रकाश उरांव, बासुदेव उरांव और कई अन्य नेता उपस्थित थे।

टोटो बाजार में महिला की पर्स चोरी

## 50 हजार नकद समेत कीमती सामान ले उड़े चोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला प्रखंड के टोटो बाजार में सोमवार की शाम एक महिला का पर्स चोरी होने की घटना सामने आई है। पीड़िता टोटो निवासी संध्या उरांव ने घटना की शिकायत टोटो थाना में दर्ज कराई है। महिला का कहना है कि पर्स में महिला मंडल से लिए गए 50,000 रुपये के लोन की राशि, चांदी की पायल, आधार कार्ड, मोबाइल और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। संध्या उरांव सब्जी बेचने का कार्य करती है। उसने बताया कि घटना के समय वह बाजार में अपना सामान समेटने की तैयारी कर रही थीं। उसी दौरान एक व्यक्ति आलू खरीदने के बहाने आया। बाद में पता चला कि उनका पर्स गायब हो गया है। संध्या को संदेह है कि आलू खरीदने वाला व्यक्ति ही पर्स चोरी कर ले गया। पर्स चोरी होने के बाद उनका मोबाइल भी स्विच ऑफ आ रहा है, जिससे वह और परेशान हैं। महिला ने पुलिस से जल्द से जल्द चोर को पकड़ने और उनका सामान वापस दिलाने की गुहार लगाई है। टोटो थाना पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने चोर की तलाश के लिए कार्रवाई तेज कर दी है। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने व्यवसाय के लिए महिला मंडल से ₹50,000 का लोन लिया था। यह रकम उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण थी। चोरी की इस घटना ने उनके परिवार और कारोबार पर गंभीर प्रभाव डाला है।

स्वच्छ भारत अभियान के तहत जागरूकता रैली

## हम अपने आसपास की सफाई का ध्यान रखें : कुंदन सिंह



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** प्रखंड मुख्यालय में 32 वीं वाहिनी एसएसबी कमांडेंट राजेश कुमार सिंह के निर्देश अनुसार जवानों और स्थानीय स्कूल के बच्चों ने 'स्वच्छ भारत, स्वच्छ ही सेवा' के अंतर्गत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया। इस रैली का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करना और वातावरण की सुरक्षा के महत्व को समझाना था। रैली एसएसबी के एसई कुंदन सिंह के अगवाई में बीडीओ आवास से शुरू हुई, जहां जवानों और बच्चों ने एक साथ मिलकर स्वच्छता के नारे लगाए। रैली के दौरान, उन्होंने विभिन्न स्थानों पर सफाई अभियान भी चलाया और लोगों को कचरा न फेंकने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर 32 वीं वाहिनी के एसई कुंदन सिंह ने कहा, हम सभी का कर्तव्य है कि हम अपने आस-पास की सफाई का ध्यान रखें। यह रैली समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। स्कूली बच्चों ने भी रैली में उत्साह के साथ भाग लिया और स्वच्छता के महत्व को दर्शाते हुए बैनर और पोस्टर लिए हुए थे। बच्चों ने अपने साथी छात्रों और समुदाय के लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने के लिए प्रस्तुत किए रैली का समापन बीडीओ आवास के समीप पर हुआ, जहां सभी ने मिलकर संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में स्वच्छता को प्राथमिकता देंगे और इसे अपने आसपास के लोगों में भी फैलाएंगे।



*अल्बर्ट एक्का ने 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में अपनी बहादुरी दिखाते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया*

## अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि आज सेना के जवान देंगे श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि आज मनायी जायेगी। चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में स्थित परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर आज मंगलवार को भारतीय सेना के जवान माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देंगे। इस अवसर कई कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेगा। अल्बर्ट एक्का, जिन्होंने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में अपनी बहादुरी दिखाते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। उनको याद करने के लिए स्थानीय प्रशासन, स्कूल, कॉलेज और विभिन्न सामाजिक संगठन मिलकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। समारोह का मुख्य अतिथि चैनपुर एसडीओ पूर्णिमा कुमारी, जिप सदस्य मेरी लकड़ा रहेंगे। इसमें स्थानीय नेताओं, सैन्य अधिकारियों और आम जनता होंगे। कार्यक्रम में शहीद की वीरता पर आधारित नाटक और गीत भी प्रस्तुत किए जाएंगे। प्रखंड के भूतपूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष जेम्स रोजारिओ तिग्गा, जिप सदस्य मेरी लकड़ा, चैनपुर मुखिया शोभा देवी ने बताया कि इस अवसर पर सभी नागरिकों को आमंत्रित किया गया है, ताकि वे अपने नायक को श्रद्धांजलि अर्पित कर सकें और उनके बलिदान को याद कर सकें। समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर लिया गया है।

कोडरमा ने जमशेदपुर को 27 रनों से हराया

## ग्रुप डी में पहले स्थान पर कायम प्रिंस कुमार बने मैन ऑफ द मैच



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** शहीद तेलंगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे जेएससीए अंतर जिला अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में कोडरमा ने जमशेदपुर को 27 रनों से हराकर ग्रुप डी में अपनी जगह पक्की कर ली। इस जीत के साथ कोडरमा ने टूर्नामेंट में पहले स्थान पर अपना कब्जा जमाया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कोडरमा की टीम केवल 91 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। कोडरमा की ओर से प्रिंस कुमार केसरी ने 26 रनों की बहुमूल्य पारी खेली, जिसमें उन्होंने चार चौके लगाए। तन्मय कुमार ने भी 19 रन बनाकर टीम को सहारा दिया। जमशेदपुर की गेंदबाजी में सिम्हाचलन राव ने 5.1 ओवर में 31 रन देकर चार विकेट झटके, जबकि अर्णव राय और अनुभव चौधरी ने क्रमशः 3 और 2 विकेट लिए। कम स्कोर वाले लक्ष्य का पीछा करते हुए जमशेदपुर की टीम पूरी तरह से दबाव में रही और 26 ओवर में महज 64 रन पर सिमट गई। रौनक कुमार ने 13 रन की पारी खेली, लेकिन बाकी बल्लेबाजों का कोई खास योगदान नहीं रहा। कोडरमा की गेंदबाजी में प्रिंस कुमार ने अपने काबिलियत का प्रदर्शन करते हुए 7.3 ओवर में केवल 9 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। शौर्य प्रताप सिंह ने भी दो महत्वपूर्ण विकेट लिए। कोडरमा की शानदार गेंदबाजी और कप्तानी के कारण प्रिंस कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट के आयोजनकताओं ने उन्हें 5000 रुपये नगद और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला संघ के सचिव जितेंद्र सिंह, टीआरडीओ रोनित सिंह, अंपायर रमेश कुमार और प्रशांत कुमार समेत कई प्रमुख लोग मौजूद थे। कोडरमा की टीम की इस बेहतरीन जीत ने उन्हें ग्रुप डी में शीर्ष स्थान पर कायम रखा और टूर्नामेंट में उनके आत्मविश्वास को और बढ़ा दिया।

बालू का उठाव ग्राम सभा के नियंत्रण में दिया जाएगा

## प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना ग्राम सभा का अधिकार है : उप मुखिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**डुमरी (गुमला)।** ग्राम सभा बरटोली ने शंख नदी में अवैध बालू उठाव पर रोक लगाने और बालू उठाव को व्यवस्थित करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। वर्षों से हो रहे अवैध बालू खनन के कारण सरकारी राजस्व और पर्यावरण को नुकसान हो रहा था। इसे रोकने के लिए ग्राम सभा की बैठक में विस्तृत चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि बालू उठाव ग्राम सभा के नियंत्रण में किया जाएगा। ग्राम सभा में खेतली पंचायत के उप मुखिया जवाहर कवर ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और प्रबंधन ग्राम सभा का अधिकार है। उन्होंने कहा कि बालू उठाव से होने वाली आय को ग्राम विकास और सामाजिक कार्यों में लगाया जाएगा। ग्राम प्रधान राजेश तिर्की ने बताया कि सामुदायिक वन पट्टा प्राप्त होने के बाद गांववाले प्रेरित हुए हैं और अब बालू घाट से अवैध खनन को रोकने का संकल्प लिया गया है। ग्राम सभा ने तय किया है कि प्रत्येक ट्रैक्टर से 100 और गांववालों के लिए 50 शुल्क लिया जाएगा। बालू घाट पर एक सूचना बोर्ड लगाया गया है और ट्रैक्टर चालकों को रसीद दी जाएगी। सामुदायिक वन अधिकार प्रबंधन समिति की अध्यक्ष लिली टोप्पो ने इसे ग्राम सभा के नेतृत्व में एक सकारात्मक पहल बताया। उन्होंने कहा कि इससे ग्राम सभा को राजस्व मिलेगा, जो सामाजिक और विकास कार्यों में उपयोग होगा। इस पहल की सूचना अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी और पंचायत मुखिया को दी जाएगी, ताकि प्रशासनिक सहयोग भी प्राप्त हो सके। इस निर्णय को सफल बनाने में ग्राम सभा के अजय तिर्की, अनूप तिर्की, जकरियस मिंज, दमोधर सिंह और अन्य ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यह पहल न केवल ग्राम सभा को सशक्त बनाएगी बल्कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी सुनिश्चित करेगी।

## न्यूज बॉक्स

### छत्तीसगढ़ से लौटे गुमला स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों का हुआ स्वागत



**गुमला।** गुमला स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों ने रायपुर में आयोजित भारतीय स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत सब जूनियर (अंडर-15) हैंडबॉल प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए जिले का नाम रोशन किया। बालक वर्ग में नीरज मांझी, हर्षिकेश गोसाई, और अनुज मांझी ने शानदार प्रदर्शन किया, जबकि बालिका वर्ग में प्रीतिशा टोप्पो और सोनाली टोप्पो ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। खिलाड़ियों की ये प्रतिभाएं पूरी तरह ग्रामीण पृष्ठभूमि से हैं, और उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। गुमला लौटने पर खिलाड़ियों का टावर चौक में जोरदार स्वागत किया गया। समाजसेवी मनीष कुमार, गुमला स्पोर्ट्स एकेडमी के निदेशक सैयद जुनून रैन और अन्य गणमान्य लोगों ने फूल-मालाओं और मिठाई से खिलाड़ियों का सम्मान किया। यह उपलब्धि गुमला जिले की खेल प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में मील का पत्थर साबित हुई है।

### मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा ने मूक-बधिर आश्रम में वितरित किया सामान



**गुमला।** मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा द्वारा विकलांगता दिवस पर सोमवार को गुमला जिले के सीलम स्थित मूक-बधिर आश्रम में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने मूक-बधिर बच्चों के बीच फल, बिस्किट, चॉकलेट और लंच बॉक्स का वितरण किया। कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा की शाखा अध्यक्ष आंचल अग्रवाल, सचिव ज्योति फोगला, शकुंतला मंत्री और शिल्पा अग्रवाल ने मूक-बधिर बच्चों के साथ समय बिताया और उन्हें सामग्रियों को दिया। यह आयोजन विकलांगता दिवस पर आयोजित किया गया था, जिसमें बच्चों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में एक कदम उठाया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मूक-बधिर बच्चों के साथ मिलकर उन्हें उत्साहित किया और उन्हें समाज में समान अवसरों के महत्व के बारे में जागरूक किया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर न्यायिक पदाधिकारियों की हुई बैठक

**गुमला।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 14 दिसंबर को गुमला के सिविल कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां जोरों पर हैं। इस संदर्भ में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुमला, ध्रुव चंद्र मिश्र ने विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ नियमित बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसी क्रम में सभी न्यायिक पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला जज ने न्यायिक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें और लंबित सुलहनीय मामलों को चिन्हित कर प्री-कॉन्सिलिएशन सिटिंग के माध्यम से त्वरित गति से मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिवक्ताओं से अपील किया कि वे लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निपटारा कराने के लिए सक्रिय प्रयास करें।

### वाहन जांच अभियान चला, वसूला गया जुर्माना



**घाघरा (गुमला)।** मोटरयान निरीक्षक रॉबिन अजय सिंह ने घाघरा थाना के मुख्य गेट के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। इस क्रम में तीन दर्जन से ऊपर दो चक्के वाहन को पकड़ा गया। वाहन से संबंधित कागजजात, हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस की जांच की गई। वाहन से सम्बन्धित दस्तावेज, ड्राइविंग लाइसेंस और हेलमेट नहीं होने पर कई मोटरसाइकिल चालक से जुर्माना वसूला गया। मौके पर सड़क सुरक्षा प्रबंधक प्रभास कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा के तहत बिना हेलमेट मोटरसाइकिल चला रहे वाहनों को रोका गया। बिना हेलमेट और ड्राइविंग लाइसेंस नहीं रहने वालों का चालान काट जुर्माना वसूला गया। साथ ही लोगों से अपील किया गया है कि लोग हेलमेट का उपयोग करें। आए दिन सड़क मैं सड़क दुर्घटना होने पर कई लोगों की जान बिना हेलमेट के कारण चली जा रही है। जिसे लेकर यह प्रयास और कार्रवाई की जा रही है। ताकि लोग सुरक्षित रहे।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा।

ई0 प्रोक्योरमेंट नोटिस सं0–11

टेन्डर रेफरेन्स नं0: प0नि0वि0/चतरा/975 दिनांक :29.11.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम: | पथ प्रमंडल चतरा अन्तर्गत घंघरी मोड़ (NH-99) से कॉलेश्वरी मंदिर भाया दंतार पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण्रा/पुनर्निर्माण (पुलों के निर्माण सहित) कार्य। |
| 2. | प्राक्कलित राशि : | रू0 39,18,22,823=00 (रू0 उन्चालीस करोड़ अठारह लाख बाईस हजार आठ सौ तेईस रूपये) मात्र। |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि : | 12 (बारह) माह |
| 4. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि /समय | 26.12.2024 12:00 बजे दोपहर तक |
| 5. | प्री बिड मिटिंग : तिथि, समय एवं स्थान : | 20.12.2024 12:00 बजे दोपहर मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, इंजिनीयरिंग हॉस्टल नं0–2, धुर्वा, राँची। |
| 6. | बेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि : | 04.12.2024 10:30 बजे पूर्वाह्न |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि | 30.12.2024 12:00 बजे दोपहर |
| 8. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता : | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा। |
| 9. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या : | 06541–224540 |
| 10. | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या : | 0651–2401010 |

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in देखें।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, चतरा।
पथ प्रमण्डल, चतरा।

PR 340923 (Road) 24-25 (D)

## संपादकीय

# बच्चों की निजता की सुरक्षा भी जरूरी

डालटनगंज में बच्चों के यौन शोषण की खबर यदि सही है तो भयावह है जबकि पश्चिमी देशों सहित विकसित राज्यों की चिंता अलग है ।सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर बच्चों के हंसते-गाते, रोते, खेलते, खाते-पीते, शैतानी करते, सजे-संवरे हर तरह के चित्र और वीडियो फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, टिकटॉक, यूट्यूब आदि तमाम प्लेटफार्म पर देखे जा सकते हैं। ये चित्र अक्सर माता-पिता द्वारा शेयर किए जाते हैं। दुनिया भर से हर रोज ऐसे लाखों चित्र और वीडियो शेयर किए जा रहे हैं। इसे शेअरेंटिंग का नाम दिया गया है। यह शब्द शेयर और पेरेंटिंग को मिलाकर गढ़ा गया है।जब से सोशल मीडिया आया है, तब से ऐसे चित्रों, वीडियो की बाढ़-सी आ गई है। इन्हें शेयर करने वाले देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, स्पेन, फ्रांस, भारत समेत बहुत से एशियाई देश शामिल हैं। इन्हें शेयर करने वाले बहुत से माता-पिता खूब पैसे भी कमा रहे हैं। लाइक्स और व्यूज के आधार पर उन्हें विज्ञापन भी मिलते हैं। तमाम बड़े ब्रांड्स की नजर इन पर रहती है और वे लोकप्रिय वीडियो आदि को देखकर बच्चों और माता-पिता से जुड़े उत्पादों के लिए एक तरह से बड़ा बाजार पा जाते हैं। लोग बच्चों के बारे में ज्यादा से ज्यादा देखना चाहते हैं। इसलिए यह एक बहुत सफल व्यवसाय भी बन चुका है।लेकिन बहुत से वे बच्चे, जो अब बड़े हो गए हैं, इस तरह की चीजों का विरोध कर रहे हैं। पश्चिम में ये लोग अपनी आवाज उठाकर कह रहे हैं कि बच्चों के साथ माता-पिता को ऐसा नहीं करना चाहिए। उनसे जुड़ी छोटी से छोटी बात सोशल मीडिया पर शेयर कर दी जाती है और उनकी निजता तथा अधिकारों का हनन होता है। जब तक ये बच्चे किशोर होते हैं, तब तक उनके हजारों फोटो और वीडियो देखे जा चुके होते हैं। बच्चों के लाखों फालोअर्स होते हैं। वे बच्चों के बारे में ज्यादा से ज्यादा देखना चाहते हैं।बच्चों की खुशी के लिए, उनकी सुरक्षा के लिए फोटो, वीडियो शेयर करने से बचना चाहिए। कानून भी इसकी इजाजत नहीं देता कि बच्चों की निजता भंग की जाए। तीन-तीन साल के बच्चों को बंदूक चलाते दिखाया जा रहा है। कई बार तो ऐसे फोटो और वीडियो गर्भावस्था के शुरू होते ही शेयर किए जाने लगते हैं। बच्चा कैसे पैदा हुआ, कैसे रोया, कब दूध पिया, कब नहाया, कब सोया आदि छोटी-छोटी बातें तक बताई जा रही हैं। बच्चों के जरिये माता-पिता अपने लिए भी प्रसिद्धि और अटेंशन चाहते हैं। अपनी इच्छाओं को नन्हे बच्चों पर इस तरह से थोप दिया गया है कि उनका पल-पल दूसरों की नजरों में है। सोशल मीडिया पर बच्चों को इस तरह दिखाना बहुत से देशों में बाल श्रम के अंतर्गत अपराध माना जाता है। बाल श्रम गैर कानूनी है। इसलिए सरकारें नियम बना रही हैं कि अगर बच्चों का इस्तेमाल इस तरह से किया गया, तो ऐसा करने वालों को सजा मिलेगी। एक माता-पिता से तो इस अपराध में उनके बच्चे भी छीन लिए गए। कई माताएं भी इस तरह की बातों के खिलाफ हैं। एक मां ने कहा कि वह अपने बच्चों को नुमाइश की चीज नहीं बनाना चाहती। बच्चों की कीमत पर माता-पिता बड़े-बड़े घर बना रहे हैं। बहुत-सी महंगी चीजें खरीद रहे हैं। दुनिया के लाखों बच्चे करोड़ों लोगों की नजर में हैं।शेअरेंटिंग के खिलाफ अभियानों को समर्थन भी मिल रहा है। एक लड़की ने कहा कि कल अगर मैं किसी नौकरी पर जाऊं, तो नियोक्ताओं को मेरे बारे में सब कुछ मालूम होगा। सिर्फ नियोक्ताओं को ही नहीं, दुनिया में बहुत से लोगों को मालूम है। अनजान लोग हमें घूरते हैं, पीछा करते हैं। जब मैं नौ साल की थी, तो मेरे पीरियड्स शुरू हो गए। माता-पिता ने यह सूचना भी शेयर कर दी। मात्र नौ साल की उम्र में लोग कहने लगे कि औरत बनने के लिए बधाई। यह एक तरह से मेरे बचपन को छीनना था। बहुत से विशेषज्ञों के अनुसार, माता-पिता का ऐसा करना बच्चों के साथ उनके रिश्तों को प्रभावित करता है, उनकी सुरक्षा के लिए तो खतरा है ही।


# डॉ राजेंद्र प्रसाद के दिल में हजारीबाग बसता था


विजय केसरी
कथाकार/स्तंभकार

देश के प्रथम राष्ट्रपति देश रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद के दिल में हजारीबाग बसता था। उनका हजारीबाग से आजीवन गहरा लगाव बना रहा था। हजारीबाग के प्रथम सांसद बाबूराम नारायण सिंह सहित झारखंड के कई स्वतंत्रता सेनानियों से उनका गहरा लगाव था। राष्ट्रपति बनने के बावजूद झारखंड के स्वतंत्रता सेनानी मित्रों से उनकी दोस्ती उसी तरह कायम रही थी । डॉ राजेंद्र प्रसाद बराबर पत्र लिखकर अपने मित्रों का हाल-चाल लिया और दिया करते थे। डॉ राजेंद्र प्रसाद के हाथों द्वारा लिखित के कई पत्र आज भी बाबूराम नारायण सिंह के सुपौत्र डॉ प्रमोद सिंह के पास संरक्षित हैं। वे हमेशा झारखंडी मित्रों की सुध लेते रहते थे। डॉ प्रमोद सिंह ने कहा कि जब भी उनके दादा बाबू राम नारायण सिंह राष्ट्रपति भवन गए, उन्होंने बड़े ही आधार के साथ बातचीत किया था। इस दौरान डॉ राजेंद्र प्रसाद झारखंड के राजनीतिक, सामाजिक और पारिवारिक विषयों पर बातचीत किया था। झारखंड का मौसम, अबोहवा व हरियाली उन्हें बहुत पसंद थी। खासकर हजारीबाग की हरियाली की तारीफ करते थकते नहीं थे।

डॉ राजेंद्र प्रसाद स्वाधीनता आंदोलन के एक अप्रतिम योद्धा थे । वे 1932 से लेकर 1944 तक तीन बार हजारीबाग के सेंट्रल जेल में लगभग 432 दिनों तक बंद रहे थे। इस जेल यात्रा में उनके साथ खान अब्दुल गफ्फार खां, डॉ राहुल सांस्कृत्यायन, महामाया प्रसाद सिंह, कृष्ण बल्लभ सहाय, बाबू राम नारायण सिंह, जगत नारायण लाल, स्वामी सहजानंद सरस्वती, विपिन बिहारी शर्मा, रामवृक्ष बेनीपुरी सहित कई स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े नेता बंद थे। इस जेल यात्रा के दौरान डॉ राजेंद्र प्रसाद का ज्यादातर समय अध्ययन, सूत काटने और जेल में बंद स्वाधीनता सेनानियों के साथ जेल से निकलने के बाद स्वाधीनता आंदोलन को कैसे और तेज गति दी जाए के विचार विमर्श में बीतता था। इसी कालखंड में उन्होंने अपने साहित्यिक मित्रों राहुल सांस्कृत्यायन,रामवृक्ष बेनीपुरी, बाबू राम नारायण सिंह आदि के साथ मिलकर एक हस्तलिखित पत्र भी निकाला था। इस हस्तलिखित पत्र में स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े क्रांतिकारियों के नाम संदेश दर्ज होता था। मैंने जेल प्रशासन और उस कालखंड में बंद क्रांतिकारियों के परिवार से उक्त हस्तलिखित पत्र के उपलब्ध होने की खोज भी की, लेकिन वह हस्तलिखित पत्र उपलब्ध नहीं हो सका। इस पर इतिहास के खोजकर्ताओं को विशेष रूप से काम करने की जरूरत है। यह हस्तलिखित पत्र स्वाधीनता आंदोलन के दस्तावेज के रूप में बहुत ही बहुमूल्य साबित होगा। इस संदर्भ में एक बात यह लिखना जरूर समझता हूं कि डॉ राजेंद्र प्रसाद

(3 दिसंबर, देश रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की 140वीं जयंती पर विशेष)



ने स्वाधीनता आंदोलन के दौरान एवं राष्ट्रपति बनने के बाद झारखंड के कई मित्रों को पत्र लिखे थे। अगर उन पत्रों का खोज किया जाए तो एक पत्र स्मारिका पुस्तक बन सकती है।

डॉ राजेंद्र प्रसाद ने अपनी आत्मकथा में हजारीबाग जेल यात्रा का बहुत ही शानदार तरीके से उल्लेख किया है। आज भी हजारीबाग सेंट्रल जेल में उनकी जयंती और पुण्यतिथि पर जिस कमरा में डॉ राजेंद्र प्रसाद बंद रहे थे, उन्हें याद किया जाता है। राष्ट्रपति बनने के बाद भी उनका हजारीबाग जेल में बंद क्रांतिकारियों से संबंध बना रहा था । हजारीबाग के प्रथम सांसद बाबूराम नारायण सिंह के साथ उनका बराबर पत्र व्यवहार होता रहता था। आज भी ये पत्र उनके पौत्र डॉ प्रमोद सिंह के पास सुरक्षित हैं। हजारीबाग सहित झारखंड के कई स्वाधीनता संग्राम से जुड़े नेता गण राजनीतिक और सामाजिक समस्याओं को लेकर डॉ राजेंद्र प्रसाद से मिला करते थे। राष्ट्रपति भवन सदैव झारखंड के स्वाधीनता सेनानियों के लिए खुला रहता था। डॉ राजेंद्र प्रसाद झारखंड के हर एक नेता से बहुत ही शालिनता और सम्मान के साथ मिलते थे। वे, उनसे देश की राजनीतिक और सामाजिक समस्याओं पर चर्चा किया करते थे। इन राजनीतिक और सामाजिक समस्याओं का निदान कैसे हो? इस पर भी डॉ राजेंद्र प्रसाद मार्ग प्रशस्त किया करते थे।

डॉ राजेंद्र प्रसाद संपूर्ण जीवन स्वाधीनता आंदोलन और राष्ट्र के नवनिर्माण में बीता था। आज के नेताओं को डॉ राजेंद्र प्रसाद के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। डॉ राजेंद्र प्रसाद का व्यक्तित्व और कृतित्व दोनों निराला था। उनका जीवन सदा लोगों को प्रेरित करता रहेगा। देश के सबसे शीर्ष राष्ट्रपति पद पर आसीन होने के बावजूद उनके व्यवहार में कोई कमी नहीं आया था। वे राष्ट्रपति बनने से पूर्व जिस तरह रहते थे, राष्ट्रपति बनने के बाद भी उनका रहन-सहन उसी तरह बना रहा था। उनकी वेशभूषा में कोई तब्दीली नहीं हुई थी। वे आमजन के नेता थे। वे जीवन के अंतिम क्षण तक आमजन के ही नेता बने रहे थे।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर वे वकालत से सदा सदा के लिए त्यागपत्र देकर सीधे स्वाधीनता आंदोलन में कूद पड़े थे । बापू की तरह डॉ राजेंद्र प्रसाद भी सत्य अहिंसा के प्रबल समर्थक थे। वे आजीवन सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते रहे थे। स्वाधीनता आंदोलन में कूदने के पश्चात आंदोलन ही उनके जीवन का सहचर बन गया था। अगर वे चाहते तो वकालत कर एक बेहतर जीवन जी सकते थे। उन्होंने इस बेहतर जीवन का त्याग कर स्वाधीनता संघर्ष का ही मार्ग चुना था। इससे प्रतीत होता है कि उनके मन में राष्ट्र भक्ति कूट-कूट कर भरी थी। भारतीय राजनीति में उनका प्रवेश एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में हुआ था। उनकी विलक्षण प्रतिभा और कर्तव्य परायणता ने उन्हें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष बना दिया था। जब सुभाष चंद्र बोस ने अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया था। ऐसे वक्त में पुनः डॉ राजेंद्र प्रसाद को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का बनाया था। वे दो-दो बार अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष बने थे। उन्होंने कांग्रेस संगठन को बहुत ही तीव्र गति से आगे बढ़ाया था। वे देखने में जितने साधारण, सहज और सरल लगते थे। उनका निर्णय उतना ही सटीक और सार्थक होता था। वे विपरीत परिस्थितियों में भी बिल्कुल घबराते नहीं थे। वे धैर्य और संयम के साथ अपने कदम को आगे बढ़ाते थे। जब डॉ राजेंद्र प्रसाद अपनी बातों को सार्वजनिक मंचो से रखते थे। श्रोता बिल्कुल शांत होकर उनकी बातों को सुना करते थे।


राष्ट्रपति के रूप में उन्होंने कई ऐसे दृष्टांत छोड़े जो बाद में उनके प्रवृत्तियों के लिए उदाहरण बन गया था। यहां यह लिखना जरूरी समझता हूं कि भारतीय संविधान के लागू होने से एक दिन पहले 25 जनवरी 1950 को उनकी बहन भगवती देवी का निधन हो गया था। लेकिन वे भारतीय गणराज्य की स्थापना की रसम के बाद ही दाह संस्कार में भाग लेने गए थे। राजेन्द्र प्रसाद, राष्ट्रपति के रूप में 12 वर्षों तक कार्य किया था। उन्होंने 1962 में अपने अवकाश की घोषणा की थी । जब वे विदाई के बाद राष्ट्रपति भवन से निकले थे, तो उनके बख्शा में चार जोड़ी कपड़े और कुछ पुस्तकों के अलावा कुछ भी ना था। पूरी दिल्ली उनकी विदाई पर अश्रुपूरित हो गई थी। जब डॉ प्रसाद, दिल्ली छोड़ कर जा रहे थे, तो उनको देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी थी। दिल्लीवासी भींगे पलकों से उन्हें विदा कर रहे थे।

आज हर एक भारतवासियों को डॉ राजेंद्र बाबू के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उनकी सहजता, सरलता, कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी को अपने जीवन में उतारना चाहिए। सच्चे अर्थों में यही संकल्प उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## देश की बात

# 2047 की ओर : संविधान की सक्रिय भूमिका


ममीडाला जगदीश कुमार
अध्यक्ष, यूजीसी तथा पूर्व कुलपति, जेएनयू।

तीन अर्थशास्त्रियों को राष्ट्र की समृद्धि में संस्थानों के गठन और भूमिका पर उनके अभूतपूर्व शोध कार्य के लिए 2024 का अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार मिला। भारत में, हमारे संविधान ने भारत की प्रगति की आधारशिला रखते हुए संसद, लोकतंत्र, न्यायपालिका और मीडिया जैसी संस्थाओं को स्वरुप प्रदान किया और उन्हें मजबूत किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 एक परिवर्तनकारी फ्रेमवर्क है, जिसका उद्देश्य भारतीय शिक्षा प्रणाली को नया स्वरुप प्रदान करना है, ताकि हमारे युवा छात्रों की आकांक्षाओं को पूरा किया जा सके और हमारे देश की प्रगति को साकार किया जा सके। एनईपी 2020 भारतीय संविधान में निहित मूल्यों पर आधारित है, जो शिक्षा में पहुँच, समानता, गुणवत्ता, जवाबदेही और किफायती होने पर जोर देता है। यह संवैधानिक आदर्शों और एक प्रगतिशील, समावेशी, सतत भारत की आकांक्षाओं के बीच एक सेतु है। एनईपी 2020 समानता और समावेशिता पर जोर देते हुए और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच में असमानताओं को दूर करते हुए, सामाजिक न्याय प्रदान करने के भारतीय संविधान के उद्देश्य को समर्थन प्रदान करता है। एनईपी 2020, हमें अनुच्छेद 46 के अनुरूप अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अन्य पिछड़ी जाति (ओबीसी) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) सहित सभी वंचित समूहों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करती है। छात्रवृत्ति और शैक्षिक ऋण का प्रावधान, ज्ञान-प्राप्ति के संयुक्त प्रारूप को बढ़ावा देना, डिजिटल ज्ञान-प्राप्ति पहल, बहु-नामांकन और बहु-बहिर्गमन योजनाएं, डिग्री कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में कौशल शिक्षा की शुरूआत और शिक्षण के माध्यम के रूप में भारतीय भाषाओं को प्रोत्साहन आदि उपाय सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी छात्र पीछे न छूट जाए। हाल ही के दो उदाहरण लें, जो उच्च शिक्षा में एनईपी 2020 के दृष्टिकोण को सक्षम बनाते हैं - पहली, एक करोड़ छात्रों के लिए पीएम इंटर्नशिप योजना और दूसरी, पीएम विद्यालक्ष्मी ऋण योजना। ये दोनों योजनाएँ निम्न-आय वर्ग के छात्रों पर ध्यान केंद्रित करती हैं तथा संवैधानिक मूल्यों, यानि समानता, समावेश और आर्थिक सशक्तिकरण (अनुच्छेद 15 और 16) से गहराई से जुड़ी हैं। वे उच्च शिक्षा तक पहुँच को सार्वभौमिक और लोकतांत्रिक बनाती हैं। ये योजनाएँ युवा भारतीयों को उनकी सामाजिक या वित्तीय पृष्ठभूमि को ध्यान में रखे बिना राष्ट्रीय विकास में भाग लेने के अवसर प्रदान करती हैं - वंचितों के उत्थान के लिए उच्च शिक्षा में ऐसे लक्षित उपाय, भारतीय संविधान के मूल्यों के अनुरूप हैं।

**(विचार व्यक्तिगत हैं)**

## आपकी बात

# हृदय का सदैव ही दिमाग से बेहतर निर्णय


डॉ मयंक मुरारी
चिंतक और लेखक

हेलन केलर ने कहा है कि संसार की सबसे अच्छी और सबसे सुंदर चीजें देखी नहीं जा सकतीं, उसका छुआ भी नहीं जा सकता- उन्हें हृदय से महसूस करना होता है। एक हृदय सदैव ही दिमाग से बेहतर निर्णय करता है। जब हम हृदय की प्रौद्योगिकी की बात करते हैं, तब उनके व्यवहारिक जीवन में उपयोग की बात करते हैं। सबसे पहले हमारा हृदय की धड़कन ही हमारे जीवन की शुरूआत है। इसकी ऊर्जा हमको स्वस्थ रखता है। हमारी जीवन को निर्धारित करनेवाली कोशिकाओं को प्राणवायु और स्वभाव का गुण इसकी धड़कन से ही प्राप्त होती है। इसके माध्यम से ईश्वर हमसे संवाद करते हैं, अतएव दिमाग से यह श्रेयस्कर होता है। यह सदैव हमारी बुनियादी आयाम और हमारे स्वभाविक प्रकृति की ओर ले जाता है। केवल हृदय ही हमको इस जगत में हमारे यथार्थ स्वरूप का दर्शन कराता है और वह हमारे उद्देश्य की ओर अग्रसर होने का प्रेरित करता है। यह संसार कर्म और अनुभव से चलता है। बुद्धि का संबंध विचरण के जगत से है। बुद्धि विचरण करता है। अपने विचारों से बात को प्रमाणित करता है। यह मन से अलग है। मन गतिमान रहता है तो बुद्धि का काम ठहराव का है। वह सिद्ध करता है। निर्णय देता है। लेकिन हृदय की अनूठी दुनिया है। यह दुनिया उस परमसत्ता के जगत से तादात्म्य है। एक गर्भनाल संबंध है। हृदय अपने अनुभव में उस परमजगत से जुड़ता है। हृदय के संसार में न गति है और न ही विचार है। इंद्रिय गुण का तो कोई नाता भी नहीं है। वह बस होना है। उस परम के साथ एकात्म और जीवन के साथ तादात्म्यता का संबंध। इसलिए हृदय से प्रेम फुटता है। करुणा का वास होता है। एक आलोक निःसृत होता है, जो हमारे जीवन को प्रकाश से आलोकित करता है। यह केंद्रीय भाग है, जिससे सभी अंग, सभी विचार और निर्णय अंतत- संचालित होते हैं। इसलिए केवल हृदय को ही पता होता है, कब खुश होना है और किस कार्य से सुख मिलेगा। हमारा शरीर पूरा जगत है। इस शरीर में एक संसार है। इस संसार की व्यवस्था सूक्ष्म और जटिल है लेकिन इसकी क्रिया काफी सरल है। हमारी इंद्रिया, हमारी कोशिकाएं और हमारी तंत्रिकाओं की संरचना में यह शरीर ब्रह्मांड का एक लघु रूप है। हमारा हृदय इस सौरमंडल का सूर्य है। हमारे अंग इसके ग्रह और नक्षत्र है। हमारा शरीर पृथ्वी के सदृश्य है। हमारे भीतर वैसा ही अनंत आकाश है, जैसा बाहर पृथ्वी पर दिखता है। पृथ्वी पर बहती नदियां हमारे शरीर में बहती रक्त की शिराएं एवं धमनियां हैं। यह सह अस्तित्व का दर्शन है हमारे और प्रकृति के बीच। हमारा मस्तिष्क एक अबूझ ब्रह्मांड है, जिसके बारे में हरेक जानकारी इसके विराटता के समक्ष गौण सिद्ध होती है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष


**जिस प्रकार हमारे सभी (बुरे) विचारों को जानते हुए भी ईश्वर हमें निरंतर क्षमा कर रहे हैं, उसी प्रकार जो उनके साथ पूर्ण अंतर्सम्पर्क में हैं, उनके पास भी स्वाभाविक रूप से वही प्रेम होता है। आपके हृदय में वह सहानुभूति ही उमड़नी चाहिए, जो दूसरों के हृदयों से सारी पीड़ाओं को शांत करती है।**

# नकारात्मक भावनाओं पर विजय प्राप्त करना



श्री श्री परमहंस योगानंद

वे शाश्वत सद्धर्म का प्रतिनिधित्व करते हैं। तब पीटर उनके पास आया और बोला, प्रभो! मेरा भाई मेरे विरुद्ध कितनी बार पाप करेगा और मैं उसे क्षमा करता रहूँगा? क्या सात बार? जीसस ने उससे कहा, मैं तुमको सात बार तक नहीं कहता हूँ! परन्तु सत्तर बार सात। इस दुराग्रही परामर्श को समझने के लिए मैंने गहन प्रार्थना की। हे प्रभो! मैंने विरोध प्रकट किया, क्या यह सम्भव है? जब अन्ततः दिव्य वाणी का उत्तर आया, तो अपने साथ विनम्रता के प्रकाश का सैलाब लायाः हे मानव, मैं तुममें से प्रत्येक को दिन में कितनी बार क्षमा करता हूँ? जिस प्रकार हमारे सभी (बुरे) विचारों को जानते हुए भी ईश्वर हमें निरन्तर क्षमा कर रहे हैं, उसी प्रकार जो उनके साथ पूर्ण अन्तर्सम्पर्क में हैं, उनके पास भी स्वाभाविक रूप से वही प्रेम होता है। आपके हृदय में वह सहानुभूति ही उमड़नी चाहिए जो दूसरों के हृदयों से सारी पीड़ाओं को शान्त करती है। उसी सहानुभूति के कारण जीसस यह कह सकेः हे परमपिता! उन्हें क्षमा कर दें, क्योंकि वे नहीं जानते कि वे क्या कर रहे हैं। उनका महान् प्रेम सभी में व्याप्त था। जीसस केवल एक दृष्टि मात्र से अपने दुश्मनों को नष्ट कर सकते थे, तथापि जिस प्रकार ईश्वर हमारे सारे बुरे विचारों को जानते हुए भी हमें निरन्तर क्षमा करते रहते हैं, उसी प्रकार वे महान आत्माएँ जो सदा ईश्वर के साथ अन्तर्सम्पर्क रखती हैं, हमें वही प्रेम प्रदान करती हैं। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**वक्त उतारे आरती, वक्त लिखे इतिहास।**
**वक्त न उनको पूछता, वक्त न जिनके पास।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

## आज की बात

# सुगम्य भारत अभियान : नौ वर्षों की प्रगति की झलक और आगे की राह


अरमान अली
कार्यकारी निदेशक
(एनसीपीईडीपी) नई दिल्ली।

इससे बेहतर संयोग नहीं हो सकता है, जैसे ही हम अति महत्वाकांक्षी सुगम्य भारत अभियान (सुगम्य भारत अभियान) के नौ साल पूरे होने का उत्सव मनाने, विश्लेषण करने और उस पर विचार करने की तैयारी कर रहे हैं, ठीक उसी दरम्यान सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया जो इसके उद्देश्य को मजबूत करता है। सुप्रीम कोर्ट ने 8 नवंबर को केंद्र सरकार को दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 40 के तहत अनिवार्य नियम बनाने का निर्देश दिया। यह निर्देश जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सार्वजनिक स्थान और सेवाएं दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुलभ हों, भारत की समावेशिता की खोज को नया प्रोत्साहन प्रदान करता है। पीएम मोदीके नेतृत्व में 2015 में उत्साह और दूरदर्शिता के साथ सुगम्य भारत अभियान की शुरूआत की गई। अभियान का उद्देश्य देशभर में दिव्यांगजनों के लिए बाधा रहित और सुखद/अनुकूल वातावरण तैयार करना है। साथ ही परिवहन प्रणालियों और सूचना और संचार पारिस्थितिकी तंत्र में पहुंच सुनिश्चित करना है। यह अपनी तरह का पहला राष्ट्रव्यापी प्रयास था, जिसमें योजनाबद्ध तरीके से टियर 1 शहरों में 50 सबसे महत्वपूर्ण भवनों और टियर 2 शहरों में 25 प्रमुख भवनों को पूर्ण रूप से सुगम्यता के लिए लक्षित किया गया था।

मुझे राज्यों के मुख्य सचिवों द्वारा बुलाई गई कई उच्च-स्तरीय बैठकों में भाग लेने की बातें याद हैं। उन बैठकों में विभागों को प्रगति की निगरानी करने और अपने-अपने क्षेत्रों में सुगम्यता उपायों को अपडेट करने का काम सौंपा गया था। इन सत्रों ने सरकार के इरादे की गंभीरता को सुदृढ़ किया और ऐसी परिवर्तनकारी पहल के लिए आवश्यक प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। चंडीगढ़ जैसे शहर जो अपनी बेहतर शहरी योजना के लिए जाने जाते हैं और भुवनेश्वर जो अपनी सुलभता पहल के लिए प्रसिद्ध हैं, इस अभियान के प्रेरक उदाहरण के रूप में उभरे कि इस अभियान द्वारा क्या हासिल किया जा सकता है। फिर भी अपने अभूतपूर्व दृष्टिकोण के बावजूद इस अभियान को विशेष रूप से राज्य स्तर पर महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ा। सुगम्यता राज्य का विषय है, ऐसे में इसके कारण कार्यान्वयन का अधिकांश बोझ राज्यों पर पड़ता है, जिनमें से कई राज्यों को महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। सीमित जवाबदेही तंत्र और केंद्र व राज्य सरकारों के बीच समन्वय की कमी ने प्रगति को और बाधित किया। अभियान के महत्वाकांक्षी लक्ष्य कई क्षेत्रों में पूरे नहीं हुए जैसे सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को फिर से तैयार करना और डिजिटल पहुंच को बढ़ावा देना। समय पर सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप से इस मिशन में नई तात्कालिकता आ गई। सिफारिशों को कानूनी अधिदेशों में परिवर्तित करके कोर्ट का निर्णय यह सुनिश्चित करता है कि सुगम्य भारत अभियान को गति खोने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

**आगे बढ़ने को लेकर व्यक्तिगत दृष्टिकोण :** अभियान की यात्रा पर विचार करते हुए मेरा मानना है कि सुगम्य भारत 2.0 को स्वच्छ भारत अभियान जैसी सफल पहल के समान एक मिशन-मोड दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। इसके दृष्टिकोण को वास्तविकता में बदलने के लिए मजबूत हितधारक जुड़ाव, स्पष्ट जवाबदेही तंत्र और प्राप्त करने योग्य समयसीमा महत्वपूर्ण हैं। प्रोत्साहन परिवर्तन के प्रमुख संचालक होंगे। उदाहरण के लिए विश्वविद्यालय एनएएसी मान्यता के लिए सुगम्यता को एक मानदंड बना सकते हैं, जबकि उद्योग, स्थानीय सरकार और सार्वजनिक संस्थानों को सार्वभौमिक डिजाइन सिद्धांतों को अपनाने के लिए पुरस्कृत किया जा सकता है। अभियान का फोकस भौतिक बुनियादी ढांचे से लेकर उत्पादों, सेवाओं और डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र तक होना चाहिए। निजी क्षेत्र में सरकारी प्रयासों को पूरा करने की अपार संभावनाएं हैं। कंपनियां अपने कार्यालयों, उत्पादों और सेवाओं में समावेशी डिजाइन सिद्धांतों को अपना सकती हैं, जबकि दिव्यांग लोगों के संगठन (डीपीओ) के साथ साझेदारी दिव्यांग लोगों की जरूरतों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि या जानकारी प्रदान कर सकती है। सुगम्यता को सामाजिक प्रतिबद्धता और व्यावसायिक रणनीति दोनों के रूप में पहचानना परिवर्तनकारी होगा।

**चिंतन से कार्रवाई तक :** नौ वर्षों के सुगम्य भारत अभियान ने एक मजबूत नींव रखी है, लेकिन यह स्पष्ट है कि अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय आकांक्षा से कार्रवाई की ओर बढ़ने का एक स्पष्ट आह्वान है, जिससे सुगम्यता को राष्ट्रीय प्राथमिकता दी गई है। सफलता के लिए हमें हर स्तर पर सामूहिक प्रयास करने की जरूरत है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकारों को श्रेणीबद्ध तरीके से रणनीति बनानी चाहिए, नागरिक समाज संगठनों को इसे बढ़ावा देना चाहिए, निजी क्षेत्र को नवाचार करना चाहिए और सुगम्यता में निवेश करना चाहिए। साथ ही मीडिया को इन मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जिसने पिछले कुछ वर्षों में सुगम्य भारत अभियान को विकसित होते देखा है, मैं इसकी क्षमता के प्रति काफी आशान्वित हूं। कार्यान्वयन, हितधारक गठबंधन और सतत प्रगति पर अधिक ध्यान देने के साथ सुगम्य भारत 2.0 एक समावेशी राष्ट्र के निर्माण के लिए एक शक्तिशाली उत्प्रेरक बन सकता है। एक ऐसे भारत का सपना जहां सुगम्यता केवल एक आदर्श नहीं है बल्कि सभी के लिए एक वास्तविकता है-अगर हम दृढ़ संकल्प और उद्देश्य के साथ इस क्षण का लाभ उठाते हैं।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महाकुंभ : यूपी में अब 75 नहीं, 76 जिले होंगे, अधिसूचना जारी

एजेंसी। लखनऊ



उत्तर प्रदेश में अब 75 नहीं, बल्कि 76 जिले होंगे। इस संबंध में प्रयागराज जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ की तरफ से यह अधिसूचना जारी की गई। नए जिले का नाम महाकुंभ मेला होगा। प्रदेश में कुंभ और अर्ध कुंभ के मौके पर नए जिले के संबंध में अधिसूचना जारी करने की परंपरा रही है। महाकुंभ मेला जिले में पूरा परेड क्षेत्र और चार तहसीलों सदर, सोरांव, फूलपुर और करछना के 67 गांव शामिल हैं। महाकुंभ मेला जिले के जिलाधिकारी विजय किरन आनंद होंगे। वहीं राजेश द्विवेदी को एसएसपी बनाया गया है। अधिसूचना में जिलाधिकारी को उनके कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया है। यह कदम महाकुंभ के सुचारू संचालन के लिए उठाया गया है, ताकि महाकुंभ के संबंध में की जा रही किसी भी तैयारी में कोई बाधा ना आए। प्रयागराज के चार तहसीलों को अलग करके एक नया जिला बनाया गया है, जो महाकुंभ तक अस्तित्व में रहेगा। अधिसूचना में कहा गया है कि तहसील सदर के 25 गांव, तहसील सोरांव के तीन गांव, तहसील फूलपुर के 20 गांव



पिंक ई ऑटो चालक बहनें

### महाकुंभ में कुल छह शाही स्नान होंगे

इस महाकुंभ मेले में कुल छह शाही स्नान होंगे। मेले को लेकर सभी तैयारियां जोरों शोरों से जारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद सभी तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 जनवरी को प्रयागराज जाएंगे। प्रधानमंत्री के प्रयागराज दौरे को लेकर सभी तैयारी पूरी की जा चुकी है। इस दौरान प्रधानमंत्री गंगा पूजन से महाकुंभ के आयोजन का शुभारंभ करेंगे। महाकुंभ का पहला शाही स्नान 14 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन होगा। उल्लेखनीय है कि 12 साल में एक बार महाकुंभ मेले का आयोजन किया जाता है।

### एप से ई रिक्शा और ई ऑटो बुक कर सकेंगे श्रद्धालु

**प्रयागराज।** महाकुंभ मेला 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं की सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा के लिए योगी सरकार कटिबद्ध है। इसमें सरकारी परिवहन के साथ-साथ निजी परिवहन सेवा प्रदाता भी पूरी तरह सहयोग कर रहे हैं। इसी क्रम में महाकुंभ हेतु प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर लोकल ट्रांसपोर्ट की सुविधा देने के लिए ओला और उबर की तर्ज पर एप के माध्यम से ऑनलाइन ई रिक्शा और ई ऑटो बुकिंग की सुविधा का भी लाभ मिलने जा रहा है। इन ई व्हीकल्स के ड्राइवर्स पूरी तरह ट्रेंड और वेल बिहेव्ड होंगे। साथ ही इसमें पिंक टैक्सी की भी सुविधा प्राप्त होगी, जिसमें महिलाएं चालक होंगी। सबसे खास बात कि श्रद्धालुओं को मनमाना किराया वसूलने वाले रिक्शा चालकों से छुटकारा मिलेगा। 15 दिसंबर से श्रद्धालु और पर्यटक इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

## हमेशा ईमानदारी से काम करना होगा : राष्ट्रपति मुर्मू



एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और अप्रत्यक्ष कर) के ट्रेनी अधिकारियों ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रपति ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय राजस्व सेवा हमारी अर्थव्यवस्था को एक समान कर प्रणाली और साझा प्रशासनिक मूल्यों के माध्यम से जोड़ती है। आईआरएस अधिकारी भारत सरकार, व्यापार और विभिन्न राज्यों के टैक्स कर प्रशासन (टैक्स एडमिनिस्ट्रेशन) के बीच एक बहुत ही महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में बदलते सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में राष्ट्रीय हित का एजेंडा काफी हद तक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग से तय होता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे देश की आर्थिक सीमाओं के संरक्षक हैं। हमेशा ईमानदारी और समर्पण के साथ काम करना होगा। देश के नागरिकों की ओर से दिया जाने वाला टैक्स देश और लोगों के विकास के लिए उपयोग किया जाता है। इसलिए, यदि वे अपना काम लगन और निष्ठा से करेंगे, तो वे देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान दे पाएंगे।

# संभल हिंसा को लेकर विपक्षी दल राजनीति कर रहे हैं : ब्रजेश पाठक



एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के संभल जिले में 24 नवंबर को भड़की हिंसा के बाद विपक्षी पार्टियों के नेताओं को वहां पर जाने से रोका जा रहा है। इसको लेकर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को कहा कि संभल हिंसा को लेकर विपक्षी दल जो राजनीति कर रहे हैं, वह उचित नहीं है। हमारी प्रतिबद्धता शांति स्थापित करने को लेकर है। न्यायालय में इसका मामला विचाराधीन है। जो भी निर्णय होगा, उसका हम अनुपालन करेंगे। रविवार को न्यायिक आयोग ने इलाके का जायजा लिया, अपनी रिपोर्ट में वो जो भी कहेंगे, हम उसकी निष्पक्ष कार्रवाई करने के लिए तैयार हैं। सरकार किसी को भी कानून तोड़ने की इजाजत नहीं देगी। विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पार्टी के लोग सिर्फ वोटों की फसल काटने के लिए इस प्रकार की बात कर रहे हैं। हम हर स्थिति में पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं और किसी को भी कानून तोड़ने की इजाजत नहीं मिलने वाली है।

### संभल हिंसा पर यूपी की सरकार नाकामयाब रही : प्रियंका चतुर्वेदी



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा को लेकर कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल के जाने और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री चेहरे के सवाल पर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) से राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने सोमवार को कहा कि सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी थी कि वो संभल की कानून व्यवस्था को समझे और अपनी जिम्मेदारी का पालन करे। वहां पर जिस तरीके से हिंसा हुई और लोगों की जान गई, उससे साफ स्पष्ट होता है कि राज्य सरकार वहां पर नाकामयाब रही। उन्होंने आगे कहा, कहीं ना कहीं राज्य सरकार देख रही थी कि इस मुद्दे का राजनीतिक फायदा होगा, इसलिए उन्होंने संभल को आग में जलने दिया। विपक्ष की जिम्मेदारी है कि वो वहां पर जाकर देखें और शांति को बहाल करने की कोशिश करें।

### धार्मिक स्थलों के सर्वे पर फारूक अब्दुल्ला ने आपत्ति जताई



**श्रीनगर।** धार्मिक स्थलों के सर्वे को लेकर जम्मू-कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस (जेकेएनसी) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को कड़ी आपत्ति जताई है। उमराह से लौटने के बाद फारूक अब्दुल्ला ने श्रीनगर में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि मैंने अल्लाह से दुआ मांगी कि जो मुश्किलें आज हम पर हैं अल्लाह हमें इनसे बाहर निकाले। हम लोगों के लिए सही रास्ते बना। शैतान से हमें दूर रख। हमारे हिंदुस्तान में जो नफरत फैल रही है उस नफरत को खत्म कर। संभल में जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर हुई हिंसा और अजमेर की दरगाह के सर्वे की मांग पर उन्होंने प्रतिक्रिया दी है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि देश के मजहबों में नफरत पैदा की जा रही है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि मुसलमान असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। मुसलमानों के साथ इस सरकार को एक समान व्यवहार करना चाहिए।

### संभल पहुंचकर पीड़ितों का हाल चाल जानना चाहते हैं : रिजवान कुरैशी



**लखनऊ।** कांग्रेस उपाध्यक्ष रिजवान कुरैशी ने सोमवार को बताया हमारी कोशिश रहेगी कि हम संभल पहुंचकर वहां के पीड़ितों की दुख तकलीफ समझें। उन्होंने कहा, सरकार हमें वहां पहुंचने से रोकना चाहती है। आखिर सरकार ऐसा क्यों कर रही है। मैं पूछना चाहता हूं कि ऐसा क्या है, जो सरकार छुपाने का प्रयास कर रही है। एक विपक्ष का डेलीगेशन वहां जाना चाहता है, ठीक उसी तरह से जिस तरह से न्यायिक आयोग वहां पहुंचा था। मेरा यही कहना है कि अगर इन लोगों ने कोई गलत नहीं किया है, तो रोकने का कोई मतलब नहीं रहता है। लेकिन, अगर इन लोगों ने कुछ गलत किया है, तो इस बात में कोई दो राय नहीं है कि यह लोग विपक्ष को रोकने लिए लीपापोती करते रहेंगे।

### एक्टर विक्रांत मैसी ने किया एक्टिंग से संन्यास लेने का ऐलान

**मुंबई।** छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक अपने अभिनय का लोहा मनवाने वाले अभिनेता विक्रांत मैसी ने सोमवार को अपने एक पोस्ट से अपने करोड़ों प्रशंसकों को निराश कर दिया। उन्होंने अपने पोस्ट में अब अभिनय की दुनिया से संन्यास लेने का ऐलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपने पोस्ट में कहा, हैलो, पिछले कुछ साल और उसके बाद का समय काफी अच्छा रहा है। मैं आप सभी के इतने समर्थन के लिए आपको धन्यवाद देता हूं। लेकिन, जैसे-जैसे मैं आगे बढ़ता जा रहा हूं, मुझे एहसास हो रहा है कि अब समय आ चुका है कि मैं खुद को फिर से संभालूं और घर वापस जाऊं। उन्होंने आगे कहा, एक पति, पिता और बेटे के तौर पर और एक एक्टर के तौर पर भी।

## पीएम, अमित शाह समेत कई नेताओं ने दी जेपी नड्डा के जन्मदिन पर शुभकामनाएं

एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का सोमवार को जन्मदिन है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत कई नेताओं ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जेपी नड्डा के संगठनात्मक कार्य की तारीफ करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मैं नड्डा को वर्षों से जानता हूं और पार्टी में उनके उल्लेखनीय योगदान का गवाह हूं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जेपी नड्डा के बेहतर स्वास्थ्य की कामना करते हुए एक्स पर लिखा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आपके नेतृत्व में संगठन विस्तार व विश्वास का सुंदर कालखंड देख रहा है। परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक्स पर लिखा, केंद्रीय कैबिनेट में मेरे साथी और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आप स्वस्थ और दीर्घायु रहें, ईश्वर से यही कामना करता हूं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को जन्मदिन की हार्दिक बधाई!

## जनप्रतिनिधियों के समन्वय से कराएं रोड और जलापूर्ति का काम : योगी

एजेंसी। लखनऊ



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल से जल पहुंचाने की परियोजना के कार्यों की थर्ड पार्टी ऑडिट कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि हर परियोजना के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं, जो स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर सभी काम समय से पूरा कराएं। सोमवार को हर घर जल योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन जनहित से जुड़े इन कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। जलापूर्ति के कार्यों के चलते खराब हुई सड़कों के रिस्टोरेशन का काम समय से कराया जाए और जनप्रतिनिधियों से भी आवश्यक मार्गदर्शन लिया जाए। इस आधार पर ही विभागीय अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं में क्वालिटी हर हाल में सुनिश्चित हो। इसका थर्ड पार्टी सत्यापन भी कराया जाए। जल जीवन मिशन के तहत 40,951 योजनाएं स्वीकृत हैं। इनकी कुल कार्य लागत 1,52,521.82 करोड़ रुपये है। इसमें केंद्रांश 71,714.68 व राज्यांश 71,714.68 करोड़ रुपये है। इन विलेज इंफ्रास्ट्रक्चर की लागत के सापेक्ष सामुदायिक अंशदान 9,092.42 करोड़ रुपये बनता है।

## आज का राशिफल

**मेष :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**वृष :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेगी।

**मिथुन :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी।

**कर्क :** राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**सिंह :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

**कन्या :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**तुला :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**वृश्चिक :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा।

**धनु :** आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**मकर :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गोरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**कुंभ :** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**मीन :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी।

### किसानों का धरना स्थगित, सात दिनों का अल्टीमेटम

**नोएडा।** संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले सोमवार को दिल्ली कूच को लेकर किसानों ने आंदोलन किया। हालांकि, इस आंदोलन को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। किसानों ने सभी प्राधिकरण और जिला प्रशासन को एक हफ्ते का समय दिया है। इस दौरान किसान दलित प्रेरणा स्थल के अंदर ही रुकेंगे। अगर एक हफ्ते के अंदर मांगें नहीं मानी गई तो 'दिल्ली कूच' आंदोलन फिर से करेंगे। इस प्रदर्शन के दौरान किसानों और प्राधिकरण के अधिकारियों के बीच काफी लंबी बातचीत हुई। इस बातचीत के दौरान ग्रेटर नोएडा, नोएडा, यमुना प्राधिकरण ने एक हफ्ते का समय मांगा है।

## लॉरेंस गैंग के नाम पर पप्पू यादव को धमकाने वाला गिरफ्तार

एजेंसी। पूर्णिया

पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को जान से मारने की धमकी देने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरा के डुमरिया शाहपुर इलाके से आरोपी को पकड़ा है। आरोपी की पहचान राम बाबू राय के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस आरोपी को अपने साथ पूर्णिया ले गई है। हालांकि आरोपी ने पप्पू यादव को धमकी क्यों दी थी, इस बात की पुख्ता जानकारी अभी तक सामने नहीं आ सकी है।



**व्हाट्सएप पर वीडियो भेज कर दी थी धमकी :** दरअसल, राम बाबू राय ने पप्पू यादव के पीए को व्हाट्सएप पर 13 सेकंड का एक वीडियो भेजा था। युवक ने उन्हें धमकाते हुए कहा था, 'लॉरेंस गैंग की बिहार टीम ने सांसद पप्पू यादव की हत्या का प्लान बनाया है। हम पांच दिन में उन्हें मारने वाले हैं। हम पटना पहुंच चुके हैं। पप्पू यादव से कहो कि लॉरेंस भाई से माफी मांगें, वरना हम उन्हें मारे बिना चैन से नहीं बैठेंगे।

**धमकी में पप्पू यादव को दी थी 24 घंटे की डेडलाइन :** इससे पहले शुक्रवार रात को पप्पू यादव को व्हाट्सएप पर धमाके का वीडियो भेजकर 24 घंटे की डेडलाइन दी गई थी। इस वीडियो के साथ लिखा था, ' तेरे पास पास आखिरी 24 घंटे हैं, हमारी तैयारी पूरी है, हमारे साथी तेरे पास पहुंच चुके हैं, हम तुम्हें मार देंगे। इन्जॉय योर लास्ट डे।

# महाराष्ट्र में भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक दल की बैठक बुधवार को

एजेंसी। मुंबई

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक बुधवार को मुंबई में बुलाई गई है। इस बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपानी उपस्थित रहेंगे। इसी बैठक में विधायक दल के नेता का चुनाव किया जाएगा, जिसे 5 दिसंबर को आजाद मैदान में शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने सोमवार को दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान पर शपथग्रहण कार्यक्रम की तैयारी का निरीक्षण किया। इस मौके पर बावनकुले ने पत्रकारों को बताया कि 5 दिसंबर को भाजपा के मुख्यमंत्री का इसी जगह शपथ ग्रहण समारोह होने वाला है। बावनकुले ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई अतिविशिष्ठ नेताओं को आमंत्रित किया जा रहा है। बावनकुले ने कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन में कोई भी नाराजगी नहीं है। एनडीए गठबंधन के सभी नेताओं में जबर्दस्त उत्साह है। बावनकुले ने कहा कि हाल में हुए विधानसभा चुनावों में राज्य की जनता ने भाजपा सहित एनडीए गठबंधन के सहयोगी दलों को भारी बहुमत दिया है। इसी वजह से भाजपा का प्रयास है कि शपथ ग्रहण कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग शामिल हो सकें।

### कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को डॉक्टरों ने दी आराम करने की सलाह



**मुंबई।** महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को सोमवार को डॉक्टरों ने आराम करने की सलाह दी है। इसलिए एकनाथ शिंदे के सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। शिंदे का आज दिल्ली दौरा भी रद्द कर दिया गया है। कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तीन दिन पहले सातारा स्थित अपने मूल गांव दरे गांव में गए थे। उसी समय उनकी तबीयत बिगड़ गई थी, जिससे सातारा में उनका इलाज किया गया था। इसके बाद एकनाथ शिंदे रविवार शाम को मुंबई लौटे थे और आज कई कार्यक्रमों में शामिल होने वाले थे, लेकिन सुबह अधिक थकान महसूस होने पर शिंदे की फिर से मेडिकल जांच की गई। इसके बाद डॉक्टरों ने शिंदे को घर पर आराम करने की सलाह दी है। इसके चलते शिंदे के के सभी नियोजित कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस, कार्यवाहक मुख्यमंत्री और राकांपा एपी के अध्यक्ष अजीत पवार सोमवार शाम को भावी मंत्री समूह पर चर्चा करने के लिए दिल्ली जाने वाले थे, लेकिन अब इस चर्चा के लिए देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार ही दिल्ली जाएंगे और भावी मंत्री समूह के बारे में चर्चा करने वाले हैं।

## बिहार में अपराधियों ने राजद नेता के पिता के सोते वक्त कर दी हत्या

**मुंगेर।** बिहार के मुंगेर जिला के हरपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने राजद के पंचायत अध्यक्ष कुंदन कुमार के पिता की बेरहमी से हत्या कर दी और फरार हो गए। घटना के पीछे भूमि विवाद की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, हरपुर थाना के बेल बिहमा गांव निवासी श्याम सुंदर यादव (65) रविवार की रात खाना खाकर घर के समीप बगीचे में सोए थे। इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने उनके सिर पर तेजधार वाले हथियार से वार कर दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सोमवार सुबह जब घर के सदस्य उन्हें जगाने के लिए पहुंचे तो श्याम सुंदर यादव का शव पड़ा हुआ था। परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। इस घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है।

## कांग्रेस ने 55 सालों में लगातार झूठे वादे किए हर व्यक्ति का शोषण किया: सीएम नायब सिंह



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को कुरुक्षेत्र में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि राज्य की जनता ने कमल का फूल खिलाया है। हम लोगों की शिकायतें उनके बीच जाकर सुनेंगे। कुरुक्षेत्र में कार्यालय है वहां पर भी सुनेंगे और अगर जरूरत पड़े तो चंडीगढ़ में भी सुनते हैं। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी व्यक्ति को कोई समस्या ना हो, उसकी बात को सुनकर उसका समाधान करना हमारी सरकार का दायित्व है। सीएम ने कहा कि लाडवा में आज मेरा पूरे दिन के कार्यक्रम है। कांग्रेस ने 55 सालों में लगातार झूठे वादे किए हैं और हर व्यक्ति का शोषण किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने महिलाओं, किसानों युवाओं का शोषण किया है। गरीब को और गरीब करने का काम भी कांग्रेस ने किया है। इनके पास बोलने को कुछ नहीं है। कांग्रेस झूठ बोलकर लोगों को बरगलाने का काम करती है। लोगों के अंदर अविश्वास पैदा करने की कोशिश करते हैं। परंतु लोग कांग्रेस के झूठ को समझ चुके हैं। एक सवाल के जवाब में सीएम ने कहा कि हम एमएसपी दे रहे हैं, हमने दिया है। कांग्रेस ने झूठ फैलाया था कि एमएसपी बंद हो जाएगा।

## बिजली उपभोक्ताओं का काम होगा आसान, तुरंत मिलेगा समाधान


**पटना।** डायरेक्ट डेबिट सुविधा बिहार के लिए बिजली संकट अब बीते दिनों की बात होगी। बिजली की स्थिति में सुधार के लिए साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (एसबीपीडीसीएल) ने केनरा बैंक के साथ मिलकर डायरेक्ट डेबिट सुविधा (डीडीएफ) की शुरूआत की है। इस व्यवस्था से एसबीपीडीसीएल के साथ मिलकर स्मार्ट मीटर से लेकर बिजली संकट दूर करने में लगी सभी कंपनियों को लाभ होगा। इनको समय पर पैसे मिलने लग जाएंगे। इस व्यवस्था के लागू होने पर पटना शहर से लेकर बिहार के दूर-दराज में बसे लोगों को भी 24 घंटे बिजली आपूर्ति का लक्ष्य आसानी से पूरा हो जायेगा। अभी कई इलाकों में बिजली खंभे और तार नहीं पहुंच पाए हैं। जिसकी वजह से उपभोक्ता बांस के खंभों के सहारे बिजली की तार अपने घरों तक लाने को मजबूर हैं। डीडीएफ सुविधा से एसबीपीडीसीएल और इसके साथ मिलकर काम करने वाली कंपनियां आर्थिक रूप से मजबूत हो जाएंगी। इसका सीधा लाभ इनके काम पर मिलेगा। एसबीपीडीसीएल इस पहल की शुरूआत करने वाला संभवतः देश का पहला डिस्कॉम है। एसबीपीडीसीएल को इससे बिजली व्यवस्था में क्रांतिकारी परिवर्तन की उम्मीद है। जिससे राज्य में नए-नए उद्योगों को भी आकर्षित करेगा और आम जनजीवन भी आसान हो जाएगा, क्योंकि राज्य के आर्थिक विकास में बेहतर बिजली व्यवस्था का एक बड़ा योगदान है।

# गुलाबी गेंद से होने वाले टेस्ट पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज

एजेंसी । एडिलेड

ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज पर्थ में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में 295 रनों से हारने के बाद एडिलेड में भारत के खिलाफ गुलाबी गेंद से होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए खुद को तैयार करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की सीरीज का दूसरा टेस्ट बहुप्रतीक्षित डे-नाइट टेस्ट है, क्योंकि टीमों को गुलाबी गेंद से तालमेल बिठाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है। दोनों टीमों के बीच आखिरी और एकमात्र बार गुलाबी गेंद से खेले गए टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरी पारी में मात्र 36 रनों पर समेटने के बाद आठ विकेट से मैच जीत लिया था, जो भारत का सबसे कम टेस्ट स्कोर रहा। स्टीव स्मिथ, जो पर्थ में 0 और 17 रन बनाकर आउट हुए, का मानना है कि बल्लेबाजों के लिए दिन से रात में तालमेल बिठाना मुश्किल होगा। स्मिथ ने स्टार स्पोर्ट्स द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, हां , गुलाबी गेंद। इसलिए यह दिन या रात के अलग-अलग समय पर चुनौतीपूर्ण हो सकता है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप कहां बल्लेबाजी कर रहे हैं और खेल और गेंद की स्थिति क्या है, और इस तरह की सभी चीजें। इसलिए बस पूरी तरह से तैयार रहना है। गुलाबी गेंद कई बार थोड़ी अप्रत्याशित हो सकती है। इसलिए हां, बस पूरी तरह से केंद्रित रहना है।'' ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने भी गुलाबी गेंद से खेलने की चुनौतियों को स्वीकार किया, उन्होंने कहा कि मैच की गति गेंद की स्थिति से तय होगी। मुझे लगता है, आप जानते हैं, सभी मूल बातें। वास्तव में वही रहें। कभी-कभी खेल अलग-अलग गति से चलता है क्योंकि गेंद पुरानी और नरम हो जाती है या सख्त हो जाती है, लेकिन इसके अलावा यह टेस्ट क्रिकेट है।

## ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में घबराहट साफ देखी जा सकती है



**नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम के माहौल में घबराहट साफ देखी जा सकती है, उन्होंने जोश हेजलवुड की टिप्पणियों का हवाला देते हुए कहा कि पर्थ में पहले टेस्ट में भारत से 295 रनों से हारने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम में घबराहट साफ देखी जा सकती है। इस करारी हार का मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया अब पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से पीछे है, जबकि दूसरा मैच गुलाबी गेंद से खेला जाएगा, जो 6 दिसंबर को एडिलेड में खेला जाएगा। "ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में घबराहट साफ देखी जा सकती है, पूर्व खिलाड़ियों ने कुछ खिलाड़ियों को हटाने की बात कही है और कुछ ने तो तीसरे दिन के खेल के अंत में जोश हेजलवुड के मीडिया इंटरव्यू के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम में दरार की ओर इशारा किया है, जिसमें उन्होंने सुझाव दिया था कि अब बल्लेबाजों को कुछ करना चाहिए। गावस्कर ने सोमवार को स्पोर्टस्टार के लिए अपने कॉलम में लिखा, "अब, कुछ दिनों बाद, हेजलवुड कथित तौर पर साइड स्ट्रेन के कारण दूसरे टेस्ट और संभवतः सीरीज से भी बाहर हो गए हैं।




### जब भी हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलते थे, हमें कुछ अतिरिक्त प्रयास करने पड़ते थे : हरभजन सिंह



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले, भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ खेलने की अपनी यादों को ताजा किया और कहा कि टीमों के बीच की लड़ाई ने उन्हें मैदान पर अतिरिक्त प्रयास करने के लिए मजबूर किया। लाल गेंद के क्रिकेट में एशेज प्रतिद्वंद्विता के बाद, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी ने क्रिकेट के दीवानों के बीच काफी लोकप्रियता हासिल की है।

## लखनऊ सुपर जायंट्स ने नए कप्तान पर फैसला कर लिया है : संजीव



**नई दिल्ली।** आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) के मालिक संजीव गोयनका ने कहा कि टीम के नए कप्तान का फैसला हो गया है। आईपीएल 2025 सीजन से पहले अगले कुछ दिनों में इसकी घोषणा की जाएगी। आईपीएल 2022-24 चक्र में एलएसजी का नेतृत्व केएल राहुल ने किया था। हालांकि आईपीएल 2023 में वह चोटिल होने के कारण बाहर हो गए थे जिसके बाद क्रुणाल पांड्या ने टीम की कप्तानी संभाली। लेकिन फ्रेंचाइजी ने पिछले महीने जेद्दा में हुई मेगा नीलामी से पहले दोनों को रिटेन नहीं करने का फैसला किया। राहुल अब दिल्ली कैपिटल्स और क्रुणाल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में हैं, ऐसे में लखनऊ फ्रेंचाइजी के पास दिल्ली कैपिटल्स के पूर्व कप्तान ऋषभ पंत, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के मौजूदा टी20 कप्तान मिशेल मार्श, एडेन मार्कराम के साथ-साथ वेस्टइंडीज के विकेटकीपर-बल्लेबाज निकोलस पूरन के रूप में नेतृत्व के विकल्प हैं, जिन्होंने पहले राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व किया था। गोयनका ने सोमवार को भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा के यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो में कहा, "लोग आसानी से हैरान हो जाते हैं।

## जोकोविच ने जुआन मार्टिन डेल पोत्रो को भावुक विदाई दी

एजेंसी । ब्यूनस आयर्स

नोवाक जोकोविच ने अर्जेंटीना के महान टेनिस खिलाड़ी जुआन मार्टिन डेल पोत्रो को उनके विदाई प्रदर्शनी मैच के बाद भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी, उन्हें "एक विशेष खिलाड़ी और एक विशेष व्यक्ति" कहा, जिनकी सबसे बड़ी विरासत कोर्ट पर उनकी उपलब्धियों से कहीं आगे जाती है। प्रदर्शनी मैच, जिसे डेल पोत्रो ने 6-4, 7-5 से जीता, एक भावपूर्ण क्षण में समाप्त हुआ। मैच प्वाइंट पर, जोकोविच ने जानबूझकर डेल पोत्रो को विजेता बनाने के लिए अपना ट्रेडमार्क फोरहैंड लगाने दिया, जो परम सम्मान का एक इशारा था। "मैं किसी ऐसे व्यक्ति को नहीं जानता जो जुआन मार्टिन से प्यार न करता हो। जीवन में उनकी सबसे बड़ी जीत यह है कि वह एक अद्भुत व्यक्ति हैं। रोजर फेडरर ने एक भावपूर्ण संदेश में कहा: "आप एक विशेष खिलाड़ी और एक विशेष व्यक्ति हैं। मुझे उम्मीद है कि यह पल ऐसा है जिसका आप जश्न मना रहे हैं। आपको दुखी नहीं होना चाहिए। हम सभी को जीवन में आगे बढ़ने की जरूरत है। आपके लिए अभी भी सबसे अच्छा आना बाकी है। अपनी उल्लेखनीय उपलब्धि में, डेल पोत्रो 2005 ऑस्ट्रेलियन ओपन और 2012 यूएस ओपन के बीच ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले बिग थ्री के बाहर एकमात्र खिलाड़ी बन गए। उनका सबसे बड़ा पल 2009 यूएस ओपन में आया, जहां उन्होंने सेमीफाइनल में नडाल और फाइनल में फेडरर को हराया। यह जीत टेनिस इतिहास में सबसे चर्चित उलटफेरों



में से एक है। अपनी अविश्वसनीय प्रतिभा के बावजूद, डेल पोत्रो का करियर लगातार चोटों, खासकर उनकी कलाई और घुटनों की वजह से बाधित रहा। इन असफलताओं ने उनके नाम पर और अधिक ग्रैंड स्लैम खिताब जोड़ने की उनकी क्षमता को सीमित कर दिया, लेकिन उन्होंने कभी भी उनके उत्साह या प्रशंसकों और साथी खिलाड़ियों से मिलने वाले प्यार को कम नहीं किया।

चोटों के साथ उनकी लड़ाई 2018 में तब शुरू हुई जब शंघाई मास्टर्स के दौरान उनके दाहिने घुटने में फ्रैक्चर हो गया। एक साल बाद, क्वींस क्लब चैंपियनशिप के दौरान उनके घुटने में फिर से चोट लग गई।

# संतोष ट्रॉफी का फाइनल राउंड 14 दिसंबर को हैदराबाद में शुरू होगा

एजेंसी । नई दिल्ली

संतोष ट्रॉफी के लिए 78वीं सीनियर नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप का फाइनल राउंड 14 दिसंबर को हैदराबाद में शुरू होगा। बारह टीमें - ग्रुप चरण के नौ विजेता, पिछले सीजन के दो फाइनलिस्ट (सर्विसेज और गोवा) और मेजबान तेलंगाना को छह-छह के दो समूहों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक समूह से शीर्ष चार टीमें 26 और 27 दिसंबर को खेले जाने वाले क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। क्वार्टर फाइनल तक सभी मैच डेक्कन एरिना में होंगे। 29 दिसंबर को सेमीफाइनल और 31 दिसंबर को फाइनल जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में होगा। पश्चिम बंगाल रिकॉर्ड 32 बार का चैंपियन है और 2016-17 के बाद से अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश करेगा। गत




चैंपियन सर्विसेज के नाम सात खिताब हैं, जिनमें से छह पिछले 11 सीजन में आए हैं। आठ बार की चैंपियन पंजाब लगातार दूसरे सीजन में फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई करने से चूक गई। उन्हें ग्रुप स्टेज में जम्मू और कश्मीर से हार का सामना करना पड़ा, जिन्होंने 2015-16 के बाद पहली बार फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई किया।

### 78वें एनएफसी फॉर संतोष ट्रॉफी फाइनल राउंड के लिए ग्रुप

**ग्रुप ए:** सर्विसेज (2023-24 चैंपियन),पश्चिम बंगाल (ग्रुप सी विजेता), मणिपुर (ग्रुप डी विजेता), तेलंगाना (मेजबान),जम्मू और कश्मीर (ग्रुप ए विजेता),राजस्थान (ग्रुप आई विजेता)

**ग्रुप बी:** गोवा (2023-24 उपविजेता), दिल्ली (ग्रुप बी विजेता), केरल (ग्रुप एच विजेता), तमिलनाडु (ग्रुप जी विजेता), ओडिशा (ग्रुप एफ विजेता), मेघालय (ग्रुप ई विजेता)

## डॉन ब्रैडमैन की भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया कैप की होगी नीलामी

### कीमत 2 करोड़ रुपये के पार जाने की उम्मीद

एजेंसी । नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के महानतम बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन द्वारा पहनी गई टोपी मंगलवार को सिडनी में नीलाम की जाएगी, और इस फटी हुई बैगी ग्रीन टोपी के 260,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 2.2 करोड़ रुपये) तक में बिकने की उम्मीद है। ब्रैडमैन ने 1947-48 में भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान ऊनी टोपी पहनी थी, जो स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद विदेशी धरती पर दौरे करने वाली टीम का पहला टेस्ट मैच था। नीलामी घर बोनहम्स के अनुसार, यह कैप ब्रैडमैन द्वारा अपनी सबसे शानदार श्रृंखला के दौरान पहनी गई एकमात्र ज्ञात बैगी ग्रीन थी। ब्रैडमैन ने भारत के खिलाफ छह पारियों में 178.75 की औसत से 715 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और एक दोहरा शतक शामिल है। ऑस्ट्रेलिया




के टेस्ट क्रिकेटरों को गहरे हरे रंग की टोपी दी जाती है, जिसका खिलाड़ियों और प्रशंसकों द्वारा सम्मान किया जाता है। काफी हद तक फीका पड़ने, कीटों से नुकसान के निशान और फटी हुई चोटी के बावजूद, बोनहम्स को उम्मीद है कि यह टोपी 195,000 से 260,000 अमेरिकी डॉलर के बीच में बिकेगी। ब्रैडमैन ने 99.94 के सर्वकालिक उच्चतम टेस्ट बल्लेबाजी औसत के साथ संन्यास लिया। ब्रैडमैन द्वारा 1928 में अपने टेस्ट डेब्यू के दौरान पहनी गई एक अलग बैगी ग्रीन ने 2020 में 290,000 अमेरिकी डॉलर की बोली लगाई गई थी।

# बांग्लादेश 164 पर सिमटा सील्स ने पांच विकेट झटके

एजेंसी । किंग्स्टन

वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमर जोसेफ ने अपने साथी तेज गेंदबाज जेडन सील्स को श्रेय दिया और कहा कि वह टीम में काफी आक्रामकता लेकर आए हैं, क्योंकि सील्स ने किंग्स्टन के सबीना पार्क में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन बांग्लादेश को 164 रनों पर समेटने के लिए 15.5 ओवर ने 10 मैडन रखते हुए 4-5 की सनसनीखेज गेंदबाजी की। जोसेफ और सील्स ने मिलकर सात विकेट लिए, जबकि केमार रोच ने दो विकेट लिए, जिससे वेस्टइंडीज ने मैच के पहले दिन खेल पर अपना दबदबा बनाए रखा। स्टंप्स तक विंडीज का स्कोर 37 ओवर में 70/1 था, जिसमें कीसी कार्टी और क्रेग ब्रैथवेट क्रमशः 19 और 33 रनों पर नाबाद थे। जोसेफ ने दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा, "वह बहुत आक्रामकता के साथ गेंदबाजी करता है। मैंने उसे अब तक की सबसे अच्छी गेंदबाजी करते हुए देखा है। मुझे आज उसका स्पैल देखने में



मजा आया। चीजें हमेशा आपके अनुकूल नहीं होती हैं, लेकिन आज तीन विकेट लेना मेरे लिए सुखद रहा। उन्होंने कहा, "हम हमेशा यहां आकर अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहते थे। हमने गेंदबाजी कोच से कुछ बातचीत की।



## भारतीय कंपनियों का प्रॉफिट मार्जिन वित्त वर्ष 25 की दूसरी छमाही में सुधरने का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारतीय कंपनियों का ऑपरेटिंग प्रॉफिट मार्जिन (ओपीएम) वित्त वर्ष 25 की दूसरी छमाही में सुधरने का अनुमान है। इसकी वजह ग्रामीण मांग एवं सरकारी खर्च में बढ़ना और फेस्टिव सीजन में अच्छी बिक्री होना है। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में भारतीय कंपनियों के क्रेडिट मेट्रिक्स में ब्याज कवरेज अनुपात बढ़कर 4.5-5.0 गुणा रहने का अनुमान है, जबकि वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में यह 4.1 गुणा था। आईसीआरए में कॉरपोरेट रेटिंग्स की एसवीपी और को-ग्रुप हेड किंजल शाह ने कहा कि भारतीय कॉरपोरेट्स की आय वृद्धि दर वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में स्थिर रही थी। आने वाले तिमाही में इसमें वृद्धि की उम्मीद है। रिपोर्ट में आगे कहा कि एफएमसीजी, खुदरा जैसे उपभोग से जुड़े क्षेत्रों में निरंतर वृद्धि के साथ-साथ लोहा और इस्पात और सीमेंट जैसे कमोडिटी से जुड़े क्षेत्रों की कंपनियों में राजस्व में सुधार होने की उम्मदी है।

## निजी पूंजीगत व्यय, कृषि वृद्धि, और बढ़ती खपत से जीडीपी में तेज उछाल की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारत की दूसरी तिमाही की जीडीपी वृद्धि में गिरावट को अस्थायी माना जा रहा है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, जीडीपी वृद्धि में यह गिरावट मौसमी मानसून के प्रभाव और चुनाव संबंधी कारकों की वजह से रही। जानकारों का कहना है कि वित्त वर्ष 2025 की जनवरी-मार्च अवधि तक इसमें सुधार आना शुरू हो जाना चाहिए। वहीं, इक्विटी बाजारों के लिए, इस डेटा का कोई खास प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं देखी जा रही। ओमनीसाइंस कैपिटल के सीईओ और मुख्य निवेश रणनीतिकार डॉ. विकास गुप्ता ने कहा, "मार्केट सेंटीमेंट में किसी भी तरह का शॉर्ट-टर्म डिप सरप्लस फंड वाले निवेशकों के लिए लॉन्ग-टर्म पॉजिशन बनाने का अवसर ला सकता है क्योंकि प्रमुख खपत और सेवा क्षेत्रों में मजबूती देखी जा रही है। निजी खपत में 6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो जीडीपी वृद्धि दर और वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में दर्ज 2.6 प्रतिशत दोनों से काफी अधिक है। जिन्हें डेटा में सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। डॉ. विकास गुप्ता ने आगे कहा, "निजी खपत में कमजोरी के बारे में हाल की चिंताएं दूर हो गई हैं।

# गौतम अडाणी पर आरोप लगाने वाले अमेरिकी न्याय विभाग की खुली पोल

## बेटे हंटर पर बाइडेन के 'यू टर्न' से खड़े हुए गंभीर सवाल

एजेंसी । नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने बेटे को टैक्स चोरी और अवैध तरीके से बंदूक रखने के मामलों में आधिकारिक रूप से माफी दी है। दोनों ही मामले में हंटर बाइडेन को दोषी करार दिया गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति के इस हैरान करने वाले कदम से राजनीतिक बिरादरी के भीतर से तीखी प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई हैं। इसके साथ ही अडाणी ग्रुप के खिलाफ अभियोग को लेकर सवाल भी उठ रहे हैं। नव-निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप ने इस कदम को 'न्याय की विफलता' करार दिया है। जो बाइडेन ने जून में कहा था कि वह न तो अपने बेटे को माफ करेंगे और न ही उसकी सजा




कम करेंगे।बाइडेन की तरफ से अपने बेटे को माफी देना, एक बड़ा यू टर्न माना जा रहा है। इसने अमेरिकी न्याय विभाग के 'निष्पक्ष' कामकाज को सवालों के घेरे में ला दिया है। बाइडेन ने अपने फैसले को सही ठहराते हुए कहा कि उनके बेटे के खिलाफ मामले राजनीति से प्रेरित थे जिन्हें उनको और उनके बेटे हंटर को 'तोड़ने' के लिए आगे बढ़ाया गया था। इस बीच, अमेरिकी सत्ता के गलियारों में इस बात पर तीखी बहस शुरू हो गई है कि क्या न्याय विभाग को राजनीतिक ताकतें नियंत्रित करती हैं। व्यापक रूप से माना जा रहा है कि न्याय विभाग की ओर से अदाणी पर लगाए गए अभियोग के पीछे भी निवर्तमान बाइडेन सरकार की राजनीति है। कई राजनीतिक और भू-राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रंप के सत्ता में आने के बाद, अदाणी के खिलाफ अभियोग को भी वापस लिया जा सकता है। वकील और अमेरिकी 'डीप स्टेट' के कड़े आलोचक कश्यप पटेल ने अमेरिकी कानून प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों में व्यापक बदलाव की मांग की है। उन्होंने कहा, 'न्याय विभाग में सभी लोग बस अपनी अगली पदोन्नति की तलाश में हैं।टेल को ट्रंप ने अगले एफबीआई निदेशक के रूप में नामित किया है। यह न्याय विभाग ही था जिसने प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) के साथ मिलकर अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी और समूह के अन्य अधिकारियों पर रिश्वतखोरी के आरोप लगाए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति के बेटे हंटर बाइडेन को दोषी ठहराया गया, जबकि गौतम अदाणी, सागर अदाणी और वरिष्ठ कार्यकारी विनीत जैन को न्याय विभाग और एसईसी की ओर से केवल आरोपित किया गया। न्याय विभाग एक सार्वजनिक बयान में कह चुका है, "जब तक दोषी साबित नहीं हो जाते, तब तक प्रतिवादी निर्दोष हैं।

## डिजिटल पेमेंट में साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए रेजर पे ने गृह मंत्रालय के साथ बढ़ाया सहयोग का हाथ

**बेंगलुरु।** रेजर पे पेमेंट गेटवे ने सोमवार को जानकारी दी कि फिनटेक मेजर ने डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम के तहत साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए गृह मंत्रालय और भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) के साथ साझेदारी की है। इस सहयोग का उद्देश्य व्यवसायों और एंड कस्टमर्स को खुद की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण ज्ञान प्रदान करना है, साथ ही देश भर में साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाना है। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के हालिया आंकड़ों से पता चला है कि पूरे भारत में डिजिटल धोखाधड़ी की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हुई है।

## भारतीय एनबीएफसी का एयूएम वित्त वर्ष 2025 से 2026 के बीच 17 प्रतिशत तक की दर से बढ़ेगा

**नई दिल्ली।** भारतीय नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों (एनबीएफसी) की एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) वृद्धि दर वित्त वर्ष 25 और वित्त वर्ष 26 में 15 से 17 प्रतिशत के बीच रह सकती है। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। क्रिसिल रेटिंग्स की रिपोर्ट में उम्मीद जताई गई कि एयूएम वृद्धि दर वित्त वर्ष 14 से वित्त वर्ष 24 के बीच हुई औसत वृद्धि 14 प्रतिशत से ऊपर रहेगी। एनबीएफसी के दो सबसे पारंपरिक सेगमेंट वाहन और होम लोन, जिनका कुल एयूएम में 45 प्रतिशत योगदान है, आगे भी एयूएम में वृद्धि में अहम भूमिका निभाएंगे। रिपोर्ट में कहा गया कि होम लोन के 13-14 प्रतिशत के स्थिर सीएजीआर से बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि नीतिगत पहल जैसे कि ब्याज सब्सिडी योजना की पुनः शुरूआत से पूरे सेक्टर को फायदा होगा।

# थायराइड में अलसी के बीज कितने प्रभावी

आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** भारत में थायराइड भी इन दिनों मधुमेह रोग की तरह ही बढ़ने लगा है।थायराइड होने से व्यक्ति को कई तरह की परेशानी बढ़ जाती है। इससे परेशान लोग थायराइड से लड़ने के लिए दवाइयों के साथ ही कई घरेलू नुस्खों को अपनाना भी पसंद करते हैं। क्योंकि थायराइड की दवाई नियमित रूप से लेने के बावजूद भी कुछ लोगों का थायराइड एक साल या छः महीनों में बढ़ता रहता है। ऐसे में लोग थायराइड की दवाई के साथ में घरेलू उपचार भी करते हैं, लेकिन यह भी इसके विशेषज्ञों से पूछ कर और डॉक्टर की जानकारी में ही करना चाहिए। थायराइड के घरेलू उपचारों में अलसी के बीज ( फ्लैक्स सीड ) को लाभदायक माना जाता है। कुछ आयुर्वेदिक डॉक्टरों का कहना है कि -

- **250 ग्राम अलसी के बीज को मिक्सी में बिल्कुल बारीक पीस लें। अलसी के बीजों के पाउडर को एक डिब्बे में रख लें। रोज सुबह खाली पेट एक चम्मच अलसी के बीजों का पाउडर खाने से थायराइड मरीज को लाभ होने की बात कही जाती है।**
- **एक गिलास पानी में एक चम्मच अलसी के बीज डालकर 6 घंटों के लिए भिगो दें। 6 घंटे बाद अलसी के बीजों समेत इस पानी को 3 से 4 बार उबालें। फिर छानकर इसे गुनगुना ही पीएं। इसके लगातार सेवन**



**से 15 दिन में आपको गले का भारीपन कम हो सकता है।**

- **150 ग्राम अलसी के बीजों का मिक्सी में ग्राइंड कर पाउडर बना लें। फिर इसमें एक चम्मच घी और एक चम्मच पानी मिलाकर आटे जैसा गूथ लें। इसे 15 से 20 मिनट तक गूंथने के बाद इसकी छोटी-छोटी गोलियां बनाएं। इससे अलसी के बीज खाने में आसानी होगी।**
- **रोज रात को खाना खाने के बाद आधा चम्मच अलसी के बीजों को चबा-चबाकर खाएं। ध्यान रखें कि खाने के बाद इसे पानी से नहीं निगला जाता है। इसलिए इसे अच्छे से चबाएं। फिर आधे घंटे तक कुछ न खाएं-पीएं।**
- **एक कप दूध में आधा चम्मच अलसी के बीज डालकर 3 से 4 उबाल आने तक उबालें। फिर इस दूध में आधा चम्मच चीनी मिलाकर थोड़ा तेज गर्म पीएं। ध्यान रखें कि यह रात में ही पिया जा सकता है।**
- **एक चुटकी सेंधा नमक में एक चुटकी अलसी के बीजों का पाउडर मिलाकर ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर के बाद खाएं। ध्यान रखें कि यह बहुत ज्यादा न खाएं। इससे रोजाना सेवन से एक महीने में असर दिख सकता है।**









## मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में कई अधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात

*मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को रांची के कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में कई अधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की। इन अधिकारियों में उपायुक्त धनबाद माधवी मिश्रा, डीजी वायरलेस प्रशांत सिंह, आईजी दक्षिणी छोटानागपुर अखिलेश झा, डीआईजी एसीबी शैलेंद्र कुमार वर्णवाल, डीआईजी हजारीबाग सुनील भास्कर, डीआईजी बोकारो सुरेंद्र झा और पुलिस अधीक्षक हजारीबाग अरविंद कुमार सिंह शामिल थे।*

### झारखंड में बदला मौसम का मिजाज

# कल से पड़ेगा ज्यादा ठंड

*सात दिसंबर के बाद आसमान साफ रहने की उम्मीद*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में फेंगल चक्रवात का असर देखने को मिल रहा है। इस वजह से सुबह से ही आसमान में धुंध और हल्के बादल छाए रहे। इस बीच शहर में कुछ जगहों पर बूंदाबांदी भी देखने को मिली। रांची में सोमवार को अधिकतम तापमान 23.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। झारखंड में सोमवार को आसमान में बादल छाए रहे। वहीं, सात दिसंबर के बाद आसमान साफ रहने की उम्मीद है। इस दौरान तापमान में भी बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के दक्षिणी भागों में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा रहेगा, बाद में आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे। इस दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मौसम पूवानुर्मान के अनुसार, 3 दिसंबर से 7 दिसंबर तक सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा, धुंध रहने और बाद में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। इस दौरान मौसम शुष्क रह सकता है। 4 दिसंबर से ठंड ज्यादा पड़ने की संभावना है। क्योंकि, न्यूनतम तापमान और नीचे जा सकता है। इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने सोमवार को बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने 'फेंगल' तूफान के कारण हवा का रुख बदल चुका है। वहीं, दक्षिण से आ रही हवा के कारण राज्य में बादल छाए हुए हैं। इसके बाद राज्य में ठंड भी बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के दक्षिणी हिस्से में हल्की बारिश दर्ज की गई।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा और जुर्माना



**रांची।** पॉक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी करार हिंदपीढ़ी के मो. अली उर्फ नूर अली को सोमवार को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही, कोर्ट ने नूर अली पर 15 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। नूर पर पड़ोसी की बेटी के साथ जबरदस्ती करने का आरोप सिद्ध हुआ है। इस घटना को लेकर पीड़िता के परिजन ने हिंदपीढ़ी थाने में 8 जून, 2022 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। नूर को 11 जून, 2022 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

### सीएम ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ हुई बैठक पर कहा

# अधिक से अधिक कामों को धरातल पर उतारने का लक्ष्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सभी विभागों के पदाधिकारियों और सचिवों के साथ बैठक में बजट की तैयारी, चल रहे कामों की स्थिति, सरकार के काम पर नजर दौड़ाए गए हैं। वे सभी विभागों के साथ अलग-अलग बैठक कर स्थिति की समीक्षा करेंगे। सीएम सोरेन सोमवार की देर शाम प्रोजेक्ट भवन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सचिवों और पदाधिकारियों के साथ बैठक में कैसे विकास की गति को तेज किया जा सके और इसके लिए क्या-क्या चीजों की आवश्यकता है, इन सब चीजों पर हमलोग आगे कैसे काम करेंगे, आदि की जानकारी ली गई। निर्देश दिया गया है कि जैसे ही सरकार का पूरा गठन हो जाता है, सभी लोग काम शुरू कर दें।



*बोले, सरकार का पूरा गठन होते ही तेजी से काम शुरू करने का निर्देश*

उन्होंने कहा कि समय का सदुपयोग कर अधिक से अधिक कामों को धरातल पर उतारने का लक्ष्य हमने दिया है। लगातार सभी चीजों पर सभी लोगों की नजर होनी चाहिए। जहां कोई समस्या हो, उनसे अवगत कराया जाए और समाधान निकाला जाए। बैठक में राज्य को आगे बढ़ाने के लिए, रोजगार के लिए, लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए, लोगों तक आनाज पहुंचाने के लिए सहित अन्य विषयों पर बातचीत हुई।

पश्चिम बंगाल में झारखंड के लिए लोड किए गए आलू के रोकने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य सचिव को इसके लिए निर्देश दिए गए हैं। आगे जरूरत पड़ी, तो बातचीत की जाएगी।

इससे पहले, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में विभिन्न विभागों के प्रधान सचिवों और सचिवों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अफसरों के साथ कई बिंदुओं पर चर्चा की और कई निर्देश भी दिए। बैठक में खासकर विधानसभा के विशेष सत्र को लेकर भी चर्चा हुई। चालू वित्तीय वर्ष में चल रही योजनाओं की जानकारी मुख्यमंत्री ने ली। साथ ही, अनुपूरक बजट की तैयारियों को विभागों के सचिवों से जानकारी हासिल की।

# जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए जनांदोलन करेगा 'गंगा समग्र'



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आनुषंगिक संगठन 'गंगा समग्र' की महानगर इकाई की बैठक सोमवार को मनधीराम महतो की अध्यक्षता में विकास भारती कार्यालय आरोग्य भवन में हुई। बैठक का संचालन करते हुए के. जयराम ने कहा कि संगठन रांची महानगर के सभी सरोवरों, तालाबों एवं नदियों की अविरलता एवं निर्मलता के लिए जन-जागरण के माध्यम से सभी जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए शीघ्र ही जनांदोलन शुरू करेगा। झारखंड के प्रांत संगठन मंत्री अंबरीष ने कहा कि रांची में कई सरोवर हैं, जिन पर नगर निगम ने अच्छा काम किया है। सरोवर पक्के कराए गए हैं। पेड़-पौधों से सुसज्जित हैं, लेकिन पानी काला एवं बदबूदार है। पॉलीथीन और कचरा प्रत्येक तालाब में है।

उन्होंने कहा कि शहर की सांस्कृतिक पहचान बड़ा तालाब में घरों मल-मूत्र युक्त नालियां गिर रही हैं। रांची की धरोहर स्वर्ण रेखा नदी नाला बन गई है। इक्कीसों महादेव धाम, चुटिया जाकर देखें तो नदियों की दुर्दशा समझ में आती है। शहर के बड़े-बड़े दुर्गंध युक्त नाले सीधे नदी में गिर रहे हैं। ये जहरीला पानी न केवल जनजीवन के स्वास्थ्य को नष्ट कर रहा है, बल्कि सामान्य जीव-जंतुओं को बीमार कर रहा है। बैठक को डॉ रत्नेश मिश्रा, अशोक प्रधान और उदय सिंह ने भी संबोधित किया।



*केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर जाकर उनके जन्मदिन पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। ईश्वर से उनके यशपूर्ण, सुखद और सुदीर्घ जीवन की कामना की।*

# राज्यपाल ने दी जेपी नड्डा को जन्मदिन की शुभकामनाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही, राज्यपाल ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर सोमवार को ट्वीट कर नैसर्गिक सौंदर्य और अद्भुत लोक संस्कृति से समृद्ध असम राज्य के स्थापना दिवस पर सभी असमवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा है कि हमारी कामना है कि असम निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर रहे और यहां के नागरिकों के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहे।



वहीं, भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी है। दुबे ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर ट्वीट कर कहा है कि बाबा बैद्यनाथ से आपके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं।

## राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, दी बधाई



**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन से सोमवार को रांची के कांके रोड स्थित सीएम आवासीय परिसर में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने मुलाकात की। इस दौरान हेमंत सोरेन को राज्य के सीएम के रूप में शपथ लेने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मौके पर सीएम से कई सामाजिक संगठन के लोगों ने भी मुलाकात की तथा उन्हें बधाई दी। मुख्यमंत्री ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। वहीं, सीएम से कांके रोड स्थित सीएम आवासीय परिसर में केंद्रीय सरना समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर उनका स्वागत और अभिनंदन किया। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोगों ने खुशी के इजहार करते हुए झारखंड राज्य के सीएम पद की शपथ लेने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित

**रांची।** टेंडर कमीशन घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की डिस्चार्ज पिटीशन पर पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा के कोर्ट में सोमवार को सुनवाई पूरी हो गई। कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रखा है। मामले में आरोपितों पर आरोप गठित होना है। इससे पहले खुद पर लगे आरोप को मुक्त कराने के लिए आरोपितों के जरिये डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किया गया है। मामले में ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम और उनके परिजन सहित कई सहयोगियों की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज हो चुकी है। 15 मई को ईडी ने आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद से वे जेल में बंद है। टेंडर आवंटन में कमीशन लेने का उनपर आरोप है। टेंडर कमीशन घोटाला मामले को लेकर ईडी ने सबसे पहले 21 फरवरी, 2023 को बड़ी कार्रवाई की थी। निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के रांची जमशेदपुर पटना और दिल्ली सहित कई ठिकाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद वीरेंद्र राम सहित अन्य को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी की दूसरी बड़ी कार्रवाई 6 और 7 मई को हुई थी।



### बाबूलाल ने पहाड़िया समाज की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर चिंता व्यक्त की, कहा

# आदिम जनजाति के विकास को बने विशेष समिति

*सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, यह समुदाय विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सलाह देते हुए राज्य के आदिम जनजातियों, विशेषकर संथाल परगना क्षेत्र में निवास करने वाली पहाड़िया समाज की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर चिंता व्यक्त की है।

मरांडी ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर सोमवार को लिखा कि झारखंड की आदिम जनजातियों, विशेष रूप से पहाड़िया समाज की आर्थिक और सामाजिक स्थिति किसी से छिपी नहीं है। आज भी यह समुदाय विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर है और बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। इनके गांवों तक आवागमन के लिए न तो सड़कों की उचित पहुंच है, और न ही इन्हें स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल पाता है। उन्होंने लिखा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और पीने का पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी घोर अभाव है। कुपोषण, एनीमिया, मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियां इनके जीवन का हिस्सा बन चुकी हैं।



मरांडी ने कहा कि पहाड़िया समाज के उत्थान के लिए बनाई गई योजनाओं का लाभ भी अधिकतर बिचौलिए हड़प लेते हैं। उन्होंने लिखा है कि इन पहाड़ी क्षेत्रों में उनके लगातार दौरे में पहाड़िया समाज कि दयनीय स्थिति को देखकर यह साफ जाहिर होता है कि उनकी हालत बेहद चिंताजनक है।

मरांडी ने लिखा है कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी आदिम जनजाति समाज कि ऐसी स्थिति राज्य के लिए चिंताजनक है। उन्होंने मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि झारखंड की आदिम जनजातियों, विशेषकर पहाड़िया समाज के समग्र उत्थान के लिए एक विशेष समिति का गठन किया जाए। समिति के जरिये किए गए सर्वेक्षण और सिफारिशों के आधार पर एक वर्ष की ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए, ताकि उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान हो सके।

## विस चुनाव के दौरान राष्ट्र विरोधी शक्तियों की भूमिका की उच्च स्तरीय जांच हो : भाजपा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव में राष्ट्र विरोधी शक्तियां सक्रिय रहीं। प्रतुल ने कहा कि जिस तरीके से भाकपा माओवादियों ने बयान जारी करके भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली गठबंधन की हार पर झारखंड की जनता को बधाई दी है, यह बहुत ही संदिग्ध है।

प्रतुल ने सोमवार को कहा कि मीडिया के अनुसार माओवादियों के पूर्वी रीजनल ब्यूरो के मुख्य प्रवक्ता आजाद ने बयान जारी कर भाजपा की हार पर हर्ष व्यक्त किया है। प्रतुल ने कहा कि का यह बेहद ही संदिग्ध मामला है, क्योंकि इन्हीं नक्सलियों ने चुनाव से पहले पूरे प्रदेश में पर्चे बांट कर चुनाव के बहिष्कार का आह्वान किया था। जो संगठन चुनाव में विश्वास नहीं रखता, वह किसी दल विशेष की पराजय से इतना खुश कैसे है।



*प्रतुल ने कहा कि यह बेहद ही संदिग्ध मामला है, क्योंकि इन्हीं नक्सलियों ने चुनाव से पहले पूरे प्रदेश में पर्चे बांट कर चुनाव के बहिष्कार का आह्वान किया था*

प्रतुल ने कहा, क्या चुनाव के समय ऐसे संगठनों ने पर्दे के पीछे से कोई बड़ा षड्यंत्र किया है? प्रतुल ने कहा कि आज तक ऐसा पूर्व में कभी नहीं हुआ है। जब माओवादी जैसे देश की एकता और अखंडता पर प्रहार करने वाले प्रतिबंधित संगठन ने किसी के चुनाव हारने पर ऐसी प्रतिक्रिया दी हो। इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की आवश्यकता है।

प्रतुल ने कहा कि इसी तरीके से अवैध गतिविधियों में लिप्त कई एनजीओ की भूमिका भी संदिग्ध रही। राष्ट्र विरोधी कार्यों में लगे फॉरेन फंडिंग से फल-फूल रहे इन एनजीओ ने जमकर भाजपा या गठबंधन के प्रत्याशियों को हराने के लिए कार्य किया। ऐसे एनजीओ का उद्देश्य आम आदमी की सेवा करना ना होकर राजनीति में सीधा हस्तक्षेप होता है, जो की दुर्भाग्यपूर्ण है।

प्रतुल ने कहा कि भाजपा इससे पूर्व भी कई बार धर्मांतरण सहित कई गलत चीजों को बढ़ावा देने वाली एनजीओ की जांच की मांग कर चुकी है। प्रतुल ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार से ऐसे एनजीओ की चुनाव के दौरान गतिविधियों की जांच कर इन पर लगाम लगाने की मांग की।

# मूलवासी सदानों की बात करने वालों को ही जिताएं : राजेंद्र

### बैठक में लिया फैसला, किसी दल को समर्थन नहीं



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय समिति की बैठक सोमवार को केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में रांची में हुई। बैठक में कहा गया कि मूलवासी सदान मोर्चा एक समाजिक संगठन है और 65% मूलवासी सदानों के अधिकारों को लेकर लगातार आंदोलन और संघर्ष कर रहा है। मूलवासी सदान मोर्चा से जुड़े लोग विभिन्न राजनीतिक दलों से भी जुड़े हुए हैं। ऐसे में राजनीतिक पार्टी अपने-अपने पार्टी से कुछ टिकट देगी ऐसी उम्मीद थी, लेकिन ऐसा किसी राजनीतिक पार्टी ने नहीं किया। इसे देखते हुए सर्वसहमति से निर्णय हुआ कि मूलवासी सदान मोर्चा किसी एक दल को समर्थन नहीं देगा और वैसे प्रत्याशी को चुनाव में जीताने का प्रयास करेगा, जो सदानों के प्रति प्रति सहानुभूति रखते हैं। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि मूलवासी सदान मोर्चा ने स्थानीय नीति, नियोजन नीति, ओबीसी आरक्षण को बढ़ाने और सात जिलों में आरक्षण शून्य है, उसमें सुधार कराने को लेकर हमेशा आंदोलन किया, लेकिन दुर्भाग्यवश नियोजन नीति और स्थानीय नीति ओबीसी आरक्षण के नाम पर बनी गठबंधन की सरकार ने वादा खिलाफी की। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान बहुत सारे लोकसभा और विधानसभा क्षेत्र आरक्षित होने के कारण चुनाव नहीं लड़ पाते हैं। इसके बाद भी 112 प्रखंडों के तमाम पंचायत को आरक्षित कर मुखिया, प्रमुख, और जिला परिषद अध्यक्ष बनने से मूलवासी सदानों को वंचित कर दिया गया है। ऐसे में मूलवासी सदानों को भी राजनीतिक अधिकार मिले, इसके लिए मोर्चा विधानसभा का सीट को 160 करने और लोकसभा की सीट को 14 से 28 करने 2026 में परिसीमन कराने की मांग केंद्र सरकार से करती है। इसका राजनीतिक दल समर्थन करते हैं या नहीं, वह स्पष्ट करें।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## जो बाइडेन बेटे को अवैध बंदूक और टैक्स धोखधड़ी मामलों में किया माफ



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने बेटे को आधिकारिक तौर माफ कर दिया है। उनके बेटे हंटर बाइडेन को टैक्स चोरी और अवैध तरीके से बंदूक रखने के मामलों में दोषी करार दिया गया था। जो बाइडेन ने एक बयान में कहा, आज, मैंने अपने बेटे हंटर के लिए क्षमादान पर हस्ताक्षर किए हैं। यूएस प्रेसिडेंट ने कहा, जिस दिन से मैंने पदभार संभाला है, मैंने कहा था कि मैं न्याय विभाग के फैसले लेने में हस्तक्षेप नहीं करूंगा, और मैंने अपना वचन तब भी निभाया जब मैंने देखा कि मेरे बेटे पर अनुचित तरीके से मुकदमा चलाया जा रहा है। उन्होंने बयान में यह भी कहा कि हंटर के साथ अलग तरीके से व्यवहार किया गया। हंटर बाइडेन को संघीय बंदूक मामले में दोषी ठहराए जाने के लिए 12 दिसंबर को सजा सुनाई जानी थी। इसके चार दिन बाद उन्हें टैक्स मामले में सजा सुनाई जाने वाली थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रपति के बेटे को जून में अवैध रूप से बंदूक रखने और इसे खरीदते समय अपने नशीली दवाओं के इस्तेमाल के बारे में झूठ बोलने का दोषी ठहराया गया था। हंटर के पास बंदूक (एक .38-कैलिबर कोल्ट कोबरा स्पेशल) - लगभग 11 दिनों तक थी। उनके वकीलों के अनुसार, उस दौरान उन्होंने कभी गोली नहीं चलाई। इस मामले में में अधिकतम 25 साल की सजा हो सकती है, हालांकि हंटर को 16 महीने तक की सजा सुनाई जा सकती थी।

# सुखबीर बादल को अकाल तख्त ने सुनाई सजा

## स्वर्ण मंदिर में वॉशरूम-जूठे बर्तन साफ करने का दिया आदेश

एजेंसी । अमृतसर



सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था अकाल तख्त ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल को साल 2015 में गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम का पक्ष लेने के लिए गुरुद्वारे में रसोई और वॉशरूम की सफाई की सजा सुनाई है। सुखबीर बादल और साल 2015 में उनके कैबिनेट के सदस्य रहे अकाली दल के नेता 3 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से एक बजे तक स्वर्ण मंदिर में शौचालय साफ करेंगे। इसके बाद स्नान करेंगे और लंगर चलाएंगे। एक घंटा बर्तन साफ करेंगे और एक घंटा गुरबाणी सुनेंगे। साथ ही जूते साफ करने की भी उनको सजा सुनाई गई है। उनके गले में तख्ती डाली जाएगी। अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह की ओर से बुलाई गई पांच सिंह साहिबानों की बैठक के बाद यह धार्मिक सजा सुनाई गई है।

दो महीने पहले सुखबीर सिंह बादल को अकाल तख्त ने 'तनखैया' (धार्मिक दुराचार का दोषी) घोषित किया था। सुखबीर सिंह बादल के पैर में चोट लगे होने के कारण वह दरबार साहिब के बाहर चोला डाल कर व्हीलचेयर पर बैठ कर पहरेदारी करेंगे। सिरसा डेरा को माफी देने के समय प्रकाश सिंह बादल मुख्यमंत्री थे, इसलिए उनको दिया गया 'फखर ए कौम' खिताब वापिस ले लिया गया। अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने शिरोमणि अकाली दल (शिअद) कार्यसमिति को तीन दिन के भीतर सुखबीर बादल का इस्तीफा स्वीकार करने और अकाल तख्त साहिब को रिपोर्ट करने का निर्देश दिया है। जो आरोप सुखबीर सिंह बादल पर लगाए गए, उसे उन्होंने कबूल किया। यह सजा सुखबीर सिंह बादल द्वारा अपनी गलतियों को स्वीकार करते हुए अकाल तख्त से बिना शर्त माफी मांगने के बाद सुनाई गई है। सुखबीर सिंह बादल को अगस्त में अकाल तख्त द्वारा तनखैया घोषित किया गया था, जब उन्हें 2007 से 2017 तक पंजाब में सत्ता में रहने के दौरान पार्टी द्वारा की गई गलतियों के लिए धार्मिक कदाचार का दोषी ठहराया गया था। इनमें गुरमीत राम रहीम को बेअदबी के मामलों में माफी देना भी शामिल था, जिसके कारण पंजाब के कुछ हिस्सों में डेरा अनुयायियों और सिखों के बीच झड़पें हुई थी।

## आइंस्टीन और स्टीफन हॉकिंग से भी है तेज दिमाग है कृष अरोड़ा



▸ 10 वर्षीय कृष अरोड़ा 162 आईक्यू स्कोर के साथ सभी को चौंकाया

**नई दिल्ली।** प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती। कुछ बच्चे अपनी असाधारण प्रतिभा से बड़े-बड़ों को चकित कर देते हैं। ऐसे ही एक असाधारण प्रतिभा के धनी हैं इंडियन-ब्रिटिश कृष अरोड़ा। मात्र 10 साल की आयु के इस बच्चे ने 162 आईक्यू स्कोर हासिल कर सभी को चौंका दिया है। तेज आईक्यू के मामले में अभी तक अल्बर्ट आइंस्टीन और स्टीफन हॉकिंग का उदाहरण दिया जाता था। लेकिन कृष अरोड़ा ने उन दोनों को भी पीछे छोड़ दिया है। मात्र 10 साल की आयु में ही कृष अरोड़ा का दिमाग दुनिया के सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिकों से भी तेज चलता है। छोटी सी आयु में ही कृष अरोड़ा मैथ, चेस और पियानो में महारत हासिल कर चुके हैं। वह वेस्ट लंदन के हाउंस्लो में रहते हैं। कृष का सपना मेंसा में शामिल होना और मैथ्स में करियर बनाना है। इंग्लैंड की मीडिया में जारी खबरों के मुताबिक, कृष अरोड़ा का आईक्यू स्कोर उन्हें दुनिया के सबसे बुद्धिमान लोगों में टॉप 1 प्रतिशत में रखता है। कृष के माता-पिता मौली और निशाल इंजीनियर हैं। उन्होंने बताया कि कृष सिर्फ मैथ और चेस पर ही नहीं, बल्कि लगभग हर विषय और एक्टिविटी में बहुत आगे हैं। कृष ने सिर्फ चार साल की आयु में बिना किसी कठिनाई के पढ़ना शुरू कर दिया था।

# बांग्लादेश दिखा रहा है आंख, भारत बेबस

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की नई सरकार तो भारत की कोई परवाह ही नहीं कर रही है। जो हालात हैं उसमें भारत भी उसका कुछ बिगाड़ नहीं पा रहा है। स्थिति यह है कि बांग्लादेश में इस्कॉन के संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के कुछ दिनों बाद कोलकाता में इस्कॉन के प्रवक्ता ने दावा किया कि सप्ताहांत में 63 से ज्यादा संतों को बांग्लादेश के बेनापोल बंदरगाह पर रोक दिया गया और उन्हें भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। इस बारे में इस्कॉन के प्रवक्ता राधारमण दास का कहना है, ह्लहमें खबर मिली कि शनिवार और रविवार को बांग्लादेश की तरफ बेनापोल सीमा पर 63 या उससे भी ज्यादा ब्रह्मचारी आए थे। उन सभी के पास वीजा था और वे भारत में प्रवेश करना चाहते थे। हालांकि, बांग्लादेश के अधिकारियों ने उन्हें बताया कि भारत उनके लिए सुरक्षित नहीं है और उन्हें भारत में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी। इस्कॉन के प्रवक्ता ने कहा, ह्लऐसा क्यों है? जबकि वैध वीजा वाले लोगों को बांग्लादेश से भारत में प्रवेश करने की अनुमति दी जा रही है, और ऐसे ही वीजा सही होने पर भारत से बांग्लादेश भी जा सकते हैं। इस्कॉन, कोलकाता के उपाध्यक्ष दास ने आगे कहा, अल्पसंख्यकों और हमारे साधु-संतों और ब्रह्मचारियों पर लगातार हो रहे अत्याचारों के बाद वे सभी डरे हुए हैं और दहशत में हैं। उनमें से कुछ के पास वीजा था और वे भारत आना चाहते थे। हम सभी के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम चिन्मय कृष्ण दास के लिए भी प्रार्थना कर रहे हैं।

दास ने अपने एक्स हैंडल पर बांग्लादेश द्वारा इस्कॉन भिक्षुओं को भारत में प्रवेश करने से रोकने के बारे में भी पोस्ट किया। दास ने लिखा, उनके पास सभी वैध भारतीय वीजा और अन्य दस्तावेज थे लेकिन बांग्लादेशी सीमा पुलिस ने कहा कि बांग्लादेशी खुफिया विभाग ने उन्हें भारत में प्रवेश न करने देने के लिए कहा है। उन्होंने पहले ही हमारे 4 ब्रह्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया है, और अब अन्य ब्रह्मचारियों को भारत की यात्रा करने की अनुमति नहीं दे रहे हैं। कृपया प्रार्थना करें। इस्कॉन ने यह भी कहा है कि जेल में चिन्मय कृष्ण दास को दवा देने गए दो भिक्षुओं को भी पिछले शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था। इस बीच, सभी की निगाहें बांग्लादेश की शीर्ष अदालत पर टिकी हैं। सम्मिलितो सनातनी जागरण जोत के नेता दास को 25 नवंबर को बांग्लादेश पुलिस ने गिरफ्तार किया था। अगले दिन चटगांव की एक अदालत ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया और देशद्रोह के मामले में जेल भेज दिया था। वहीं, दूसरी ओर बांग्लादेश सरकार ने इस्कॉन द्वारा लगाए गए नए आरोपों पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। बांग्लादेश ने पहले कहा था कि चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी को गलत तरीके से पेश किया गया था। साथ ही सरकार ने यह भी कहा कि उनकी गिरफ्तारी विशिष्ट आरोपों पर आधारित थी और देश में अल्पसंख्यकों पर कोई व्यवस्थित हमला नहीं हुआ है।




इस्कॉन के 63 से ज्यादा संतों को भारत आने से पहले बेनापोल बंदरगाह पर रोक दिया गया

## बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार को तुरंत रोकने की जरूरत : आचार्य पवन त्रिपाठी



**मुंबई।** आचार्य पवन त्रिपाठी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बांग्लादेश के डिप्टी हाई कमिश्नर से मुलाकात की और उनसे वहां हिंदुओं पर हो रहे हमले के मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा, हमारे प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में बांग्लादेश के डिप्टी हाई कमिश्नर रंजन चौधरी से मुलाकात की। हमने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के बारे में गंभीर चिंता जताई। हमने बताया कि वहां हिंदुओं के घर जलाए जा रहे हैं, उनकी हत्याएं की जा रही हैं, और उनके साथ अमानवीय व्यवहार हो रहा है। इन अत्याचारों को तुरंत रोकने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, इसके अलावा हमने यह भी बताया कि वहां के हमारे एक संत की गिरफ्तारी हुई है, जिसे बिना किसी ठोस कारण के जेल में डाला गया है। हमने उनसे निवेदन किया कि उसे जल्द से जल्द रिहा किया जाए।

## नर्मदापुरम में सर्व हिंदू समाज ने किया रैली का ऐलान

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम में मंगलवार को सर्व हिंदू समाज की तरफ से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले को लेकर विरोध रैली का आयोजन किया जाएगा। धर्म गुरुओं ने इस मौके पर सभी लोगों से इस रैली में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने बांग्लादेश के मौजूदा परिदृश्य का हवाला देकर हिंदू समुदाय से एकजुट होने का आह्वान किया है। महंत नारायण दास महाराज ने कहा, मेरे हिंदू भाइयों आप सभी से प्रार्थना है कि तीन दिसंबर को नगर होशंगाबाद में मंदिर में सभी को उपस्थित होना है। हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में विशाल प्रदर्शन और रैली का आयोजन मां नर्मदा की पावन धरती पर तीन तारीख को दोपहर एक बजे किया जाएगा।

## पर्यावरण को होने वाले नुकसान के लिए ग्लोबल साउथ जिम्मेदार नहीं : पीयूष



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि वैश्विक पर्यावरण को हुए नुकसान के लिए ग्लोबल साउथ जिम्मेदार नहीं है। यह नुकसान उन विकसित देशों के कारण हुआ है, जिन्होंने कम लागत वाली ऊर्जा का लाभ उठाया। मंत्री गोयल ने सीआईआई भागीदारी शिखर सम्मेलन 2024 के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए यह बात कही। इटली, इजरायल, भूटान, बहरीन, अल्जीरिया, नेपाल, सेनेगल, दक्षिण अफ्रीका, म्यांमार, कतर के व्यापार मंत्री और कंबोडिया के वाणिज्य मंत्रालय के राज्य सचिव शिखर सम्मेलन में भागीदार देश हैं। मंत्री गोयल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पर्यावरण के प्रति प्रत्येक भागीदार देश की साझा जिम्मेदारियां हैं, लेकिन शिखर सम्मेलन में उपस्थित देश पर्यावरण को होने वाले नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। उन्होंने कहा, साझा आपूर्ति श्रृंखलाओं और स्थिरता के प्रति जिम्मेदारियों को साझा, लेकिन अलग-अलग जिम्मेदारी के माध्यम से पूरा करना होगा। उन्होंने कहा कि हालांकि सभी को मिलकर काम करना होगा, लेकिन पर्यावरण समस्या में उनके योगदान के आधार पर सभी को जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि भारत ग्लोबल साउथ के देशों का एक विश्वसनीय साझेदार है।

## आस्ट्रेलिया में 2.34 टन कोकीन पकड़ी गई, 13 लोग गिरफ्तार



**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया की पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट के 13 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 2.34 टन कोकीन बरामद हुई है। गिरफ्तार आरोपितों में 11 पुरुष और दो किशोर हैं। इन पर समुद्र के रास्ते ऑस्ट्रेलिया में कोकीन आयात करने की साजिश का आरोप है। यह सभी ऑस्ट्रेलियाई नागरिक हैं। ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस कमांडर स्टीफन जे ने इसकी पुष्टि की है। द ऑस्ट्रेलियन अखबार के अनुसार, यह अब तक की सबसे बड़ी कोकीन बरामदगी है। पुलिस ने 2.3 टन कोकीन जब्त कर 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। कोकीन की अनुमानित कीमत एक अरब डॉलर है।

## पाकिस्तान में मोर्टार शेल फटने से तीन मदरसा छात्रों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू में एक मोर्टार शेल फटने से कम से कम तीन मदरसा छात्रों की जान चली गई। एआरवाई न्यूज की खबर के अनुसार यह घटना बन्नू के सिंतंगा जानी खेल इलाके में हुई। तीनों बच्चों की आयु लगभग 11 साल बताई गई है।खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस अधिकारियों ने कहा कि शनिवार को ये बच्चे इस शेल से खेल रहे थे। वह इनमें से एक बच्चे के हाथ में फट गया। इस धमाके में तीन बच्चों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। इससे पहले सितंबर में खैबर-पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान आदिवासी जिले में एक घर पर मोर्टार का गोला गिरने से एक महिला और उसके चार बच्चों की मौत हो गई थी।

## गिनी में फुटबॉल मैच के दौरान भगदड़, 100 की मौत

एजेंसी । कोनाक्री



गिनी के सैन्य नेता ममादी डौंबौया के सम्मान में देश के दूसरे सबसे बड़े शहर एनजेरेकोर में आयोजित फुटबॉल मैच के दौरान मची भगदड़ में कथित रूप से कम से कम 100 लोगों की जान चली गई। मृतकों में दर्जनों फुटबाल प्रशंसक और बच्चे शामिल हैं। इंडिपेंडेंट समाचार पत्र के अनुसार, रविवार को मैच में अराजकता तब शुरू हुई जब मेहमान टीम लाबे के प्रशंसकों ने रेफरी के फैसले का विरोध करते हुए पथराव शुरू कर दिया। इससे मैदान पर भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का सहारा लेना पड़ा। गिनी गणराज्य के प्रधानमंत्री अमादौ ओरी बाह ने मृतकों की संख्या की पुष्टि की लेकिन विवरण नहीं दिया। स्थानीय मीडिया और राजनीतिक समूहों ने कई लोगों के घायल होने की सूचना दी और कहा कि कुछ की हालत गंभीर है। इंडिपेंडेंट ने स्थानीय समाचार वेबसाइट मीडियागिनी के हवाले से लिखा कि यह मैच डौंबौया के सम्मान में आयोजित एक टूनार्मेंट का हिस्सा था। डौंबौया सितंबर 2021 में तख्तापलट के बाद सत्ता में आए थे। स्थानीय अस्पतालों के मुर्दाघर भरे हुए हैं। मृतकों की संख्या का कोई आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया गया है। कथित तौर पर अधिकारी शांति बहाल करने के लिए काम कर रहे हैं और जांच शुरू कर दी गई है।

## सीरिया में नवीनतम संघर्ष नागरिकों के लिए गंभीर खतरा : यूएन दूत

एजेंसी । संयुक्त राष्ट्र



सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गेइर ओ. पेडरसन ने चेतावनी दी है कि देश में हालिया घटनाक्रम गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं। उन्होंने संबंधित पक्षों से नागरिकों की सुरक्षा करने और सार्थक व ठोस वार्ता के जरिए संघर्ष से बाहर निकलने का रास्ता खोजने की अपील की। पेडरसन ने एक बयान में कहा कि हाल के दिनों में सीरिया में फ्रंट लाइन पर नाटकीय बदलाव देखने को मिले हैं। इनमें हयात तहरीर अल-शाम की अहम बढ़त भी शामिल है। यह एक ऐसा ग्रुप है जिसे सुरक्षा परिषद ने आतंकवादी समूह घोषित किया है। पेडरसन ने चेतावनी दी कि लगभग 14 वर्षों से हिंसा से जूझ रहे देश में, नवीनतम घटनाक्रम नागरिकों के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर रहे हैं। ये क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शांति व सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं।

# समुद्र में बढ़ेगी नौसेना की शक्ति, पाक की मदद कर रहा है चीन : नौसेना प्रमुख

एजेंसी । नई दिल्ली



फ्रांस के साथ भारत की 26 राफेल-एम विमानों की डील अंतिम स्तर पर है। फ्रांस से खरीदे जाने वाले ये नेवी वैरिएंट के राफेल विमान भारतीय नेवी के बेड़े में शामिल होने हैं। इतना ही नहीं भारतीय नौसेना के लिए 3 स्कॉर्पीन सबमरीन की डील भी अंतिम चरण में है। माना जा रहा है कि आने वाले कुछ दिनों में यह सौदा तय कर लिया जाएगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने सोमवार को नई दिल्ली में यह जानकारी दी। नौसेना प्रमुख ने बताया कि आने वाले 10 वर्षों के भीतर भारतीय नौसेना को कुल 96 जहाज और पनडुब्बियां मिलने जा रही हैं। नौसेना के कई जहाज और एक पनडुब्बी फिलहाल निमार्णाधीन हैं। उन्होंने बताया कि अगले वर्ष से लगभग हर महीने भारतीय नौसेना में एक नया जहाज शामिल किया जाएगा। नौसेना प्रमुख 4 दिसंबर को आयोजित होने वाले नेवी डे की तैयारियों पर नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। नौसेना प्रमुख ने कहा कि हमें पाकिस्तान की नौसेना की अचानक बढ़ रही शक्ति के विषय में जानकारी है। गौरतलब है कि पाकिस्तानी नेवी 50 जहाजों वाली नौसेना बनने की तैयारी में है। पाकिस्तान के आर्थिक हालात को देखते हुए नौसेना प्रमुख ने कहा कि उन्होंने अपने लोगों की भलाई के बजाय हथियार चुने हैं। इसके साथ ही भारतीय नौसेना प्रमुख का कहना है कि समुद्री जहाजों के निर्माण में चीन पाकिस्तान की मदद कर रहा है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान को मिलने वाले समुद्री जहाज चीन में बन रहे हैं या चीन की मदद से बनाए जा रहे हैं। भारत अपने पड़ोस से आने वाली किसी भी चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। भारत की बात करें तो भारतीय नौसेना की शक्ति में लगातार इजाफा हो रहा है। अगले वर्ष से औसतन हर महीने भारतीय नौसेना को एक नया समुद्री जहाज मिलने लगेगा। भारतीय नौसेना के लिए बनाए जा रहे जहाज में से दो जहाज रूस में बनाए जा रहे हैं। शेष समुद्री जहाजों का निर्माण भारत में ही हो रहा है। बीते वर्ष रक्षा मंत्रालय ने नौसेना के लिए राफेल एम फाइटर जेट विमान की खरीद को भी मंजूरी दे दी। यह सौदा होने पर नौसेना की ताकत में जबरदस्त वृद्धि होगी। फ्रांस से खरीदे जाने वाले नेवी वेरिएंट के राफेल जेट का इस्तेमाल मुख्य रूप से स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर तैनाती के लिए होगा। नौसेना प्रमुख ने बताया कि भारत में बनी पहली न्यूक्लियर पावर्ड सबमरीन वर्ष 2036 तक कमीशन हो जाएगी।

## पनडुब्बी से किया गया परमाणु क्षमता वाले मिसाइल का परीक्षण

नौसेना प्रमुख ने यह भी बताया कि भारत ने 3,500 किलोमीटर तक जाने वाली परमाणु क्षमता से लैस मिसाइल का परीक्षण बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी से किया है। 4 दिसंबर को होने वाले नेवी डे के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ओडिशा के पुरी में मौजूद रहेंगी। वह नेवी डे की मुख्य अतिथि होंगी। नेवी डे में भारतीय नौसेनिक एयरक्राफ्ट, समुद्री जहाज, हेलीकॉप्टर, सबमरीन व वैसल पुरी के ब्लू बीच पर क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगे।